e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 19

**सुविचार**
जब तक जीना, तब तक सीखना- अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है।

# प्रभात मंत्र

शुक्रवार
19.01.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26



संक्षिप्त खबरें

## उपाध्यक्ष तथा उप सचिव का पद पर रहा निर्विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** दस्तावेज नवीस ताईद संघ श्री बंशीधर नगर के लिये अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष पद के लिये 20 जनवरी को ताईद संघ भवन में चुनाव कराया जायेगा तथा उसी दिन चुनाव परिणाम की घोषणा किया जायेगा. उक्त आशय की जानकारी देते हुये दस्तावेज नवीस ताईद संघ के चुनाव पदाधिकारी प्रफुल्ल चन्द ठाकुर ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच वरीय सदस्य अनिल पाल व चुनाव पदाधिकारी द्वारा किया गया.जांच के क्रम में सभी नामांकन बैध पाये गये.नाम वापसी के निर्धारित समय तक किसी भी उम्मीदवार द्वारा नामांकन पत्र वापस नही लिया गया.उपाध्यक्ष व उप सचिव पद के लिये एक एक व्यक्ति द्वारा नामांकन करने के कारण वे निर्विरोध निर्वाचित घोषित होंगे.ज्ञात हो कि अध्यक्ष पद के लिये रविन्द्र कुमार चौबे व अविनाश कुमार यादव,आदि थे ।

## ठंड ने बढ़ाया ठिठुरन, स्कूली बच्चों को हो रही है परेशानी ग्रामीण क्षेत्रों से नही आ रहे है बच्चे स्कूल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** जिले समेत अनुमण्डल क्षेत्र में शीत लहरी ने मचाया ताण्डव पुरे दिन लोग अलाव जलाते नजर आ रहे हैं।विदित हो कि लगभग एक सप्ताह से ठण्ड हवा और दिन भर कुहासे से अब आम जन जीवन पर असर पड़ना शुरू हो गया है। मानव के साथ साथ घरेलू पशुओं पर भी इसका व्यापक असर देखा जा रहा ठण्ड से लोग 11 बजे दिन में अपने घर से निकल रहे है इसके बाद लोगो को धूप नसीब नहीं हो रहा है।, शीतलहरी में सबसे ज्यादा असर स्कूली बच्चों पर पड़ रहा हैं निजी व गैर सरकारी स्कूलों में अभिभावक किसी तरह बच्चों को भेज रहे हैं लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में इसका व्यापक असर देखा जा रहा वंही लोगो का कहना हैं जब ठण्ड कम थी तो दिसम्बर में एक सप्ताह की छुट्टी कर दिया गया था । शीतलहरी के कारण आम लोगों का जीवन अस्तव्यस्त हैं। वंही सरकारी बाबुओ का भी ऑफिस 11 बजे तक भी नही खुल रहा है।

## पिपरा में मार्शल क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड खेल मैदान में दिन गुरुवार को मार्शल क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला मैच खेला गया. थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह एवं एसआई पिनियस मुंडा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया. अमित कुमार सिंह ने कहा कि खेलकूद से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है. सभी व्यक्ति को कोई ना कोई खेल जरूर खेलना चाहिए. इस प्रकार के आयोजन से स्थानीय लोगों का मनोरंजन भी होते रहता है. आने वाली पीढ़ियां भी यह सब देखकर खेलकूद में रुचि लेती हैं. टूर्नामेंट के पहले मैच में काला पहाड़ की टीम ने देव बिहार की टीम पर जीत हासिल किया. वही पिपरा बाजार निवासी मारकंडे मिश्रा की पुत्री ऐश्वर्या मिश्रा के भक्ति गानों की प्रस्तुति से माहौल कुछ देर के लिए भक्ति में हो गया था. स्थानीय कलाकार सुनेन ठाकुर छोटू सिंह ने भी लोगों का खूब मनोरंजन किया. टूर्नामेंट के आयोजक एवं संचालक कपिल देव राम ने कहा कि हमारा प्रयास है कि युवा पीढ़ी खेलकूद के तरफ आकर्षित हो एवं अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें. साथ ही उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट में 16 टीम में भाग ले रही हैं सभी मैच नॉकआउट है. आयोजन स्थल पर विजय मेहता राजेश राजवंशी मथुरा प्रसाद गुप्ता वीरेंद्र सिंह विष्णुदेव साव अरमोद राम बिंदेश्वर पाठक गोरख ठाकुर वकील राम बिरजू चंद्रवंशी सहित अन्य सैकड़ो स्थानीय लोगों ने मैच का आनंद लिया।

## विद्युत विभाग ने छापेमारी अभियान चलाकर 11 लोगो पर किया नामजद प्राथमिकी दर्ज

**धुरकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड सह विद्युत विभाग ने धुरकी थाना क्षेत्र के टाटीदिरी पंचायत में बुधवार को विद्युत उर्जा चोरी की रोकथाम के लिए छापेमारी अभियान चलाकर 11लोगों पर विभागीय जुर्माने के साथ कार्यवाई की है, वही कनीय अभियंता ने गुरुवार को धुरकी थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया है. इस संबंध में विद्युत आपूर्ति के कनीय अभियंता धनंजय प्रसाद ने बताया की विद्युत विभाग के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर और पूर्ण रूप से विद्युत उर्जा चोरी की रोकथाम के लिए विभागीय छापेमारी किया जा रहा है, वही विद्युत आपूर्ति प्रशाखा धुरकी के अंतर्गत टाटीदीरी पंचायत में विद्युत विभाग की एक टीम बनाकर छापामारी किया गया है कनीय अभियंता ने बताया की छापामारी अभियान में टाटीदिरी गांव के शिवकुमार राम,मुन्ना प्रसाद गुप्ता, संजीव कुमार गुप्ता, सरजू राम, मुंद्रिका राम,विदेशी राम,सुरेश राम पर 4536 रूपये का विभागीय जुर्माना के साथ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, वही चंद्रिका राम, राजेश्वर प्रसाद पर 8322 रूपये तथा नीलकंठ मिश्रा, रॉबिंस कुमार गुप्ता पर 9360 रूपये का विभागीय जुर्माना के साथ उपरोक्त सभी पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कनीय अभियंता ने कराया है, छापेमारी अभियान में सहायक अभियंता दीपक कुमार, अमल राय, सद्दाम हुसैन, सहित मानवदिवस कर्मी शामिल थे।



## भाजपा कार्यकर्त्ताओ ने स्थानीय विधायक को प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर दिया बधाई



**बिशुनपुरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा क्षेत्र 081 के विधायक भानु प्रताप शाही को भाजपा झारखण्ड प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने पर बिशुनपुरा प्रखण्ड के कार्यकर्ताओ ने पुष्प गुच्छ देकर, माला पहनाकर एवं मिठाई खिला कर बधाई दिया एवं बिशुनपुरा प्रखण्ड के भाजपा कार्यकर्त्ताओ ने अपार हर्ष व्यक्त किया एवं केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व के आभार जताया द्यहर्ष व्यक्त करने वाले विधायक प्रतिनिधि सह अनुसूचित जाती मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अशोक पासवान, विधायक प्रतिनिधि सह मण्डल महामंत्री कृष्णा विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि सह भाजयुमो जिला सोशल मिडिया प्रभारी जितेंद्र दीक्षित, बिशुनपुरा प्रखण्ड उप प्रमुख प्रतिनिधि सह पिपरी कला पंचायत संयोजक अजय पाल, भाजयुमो जिला मिडिया प्रभारी राजीव रंजन पासवान, मण्डल मिडिया प्रभारी विकास चंद्रवंशी सहित आदि कई भाजपा कार्यकर्ताओ हर्ष व्यक्त किये द्य

## ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में प्रदर्शनी के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** उमेश सिंह एजुकेशनल एवं वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित बेलचम्पा के ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में गुरुवार को सम्मान समारोह सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया.समारोह में पिछले दिनों लगे विज्ञान प्रदर्शनी के विजयी प्रतिभागियों को मेडल - ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया.इसके अलावा समारोह में विद्यालय की शिक्षिका मधु चौबे को सम्मान पूर्वक विदायी दी गयी.स्कूल के निदेशक अमित कुमार सिंह बाबुल ने मधु चौबे को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया.श्री सिंह ने शिक्षिका मधु चौबे कार्यकाल की सराहना की.समारोह में विज्ञान प्रदर्शनी के प्रथम हिमांशु व उसके ग्रुप न्यू पार्लियामेंट तथा ओल्ड पार्लियामेंट,द्वितीय दीपिका व उसके



ग्रुप ट्रांसपोर्टेशन ऑफ ब्लड तथा तृतीय माही व उसके ग्रुप मल्टीपरपज प्रोजेक्ट बनाने के लिए मोमेंटो व सील्ड देकर पुरस्कृत किया गया.इसके अलावा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को 22 वीं क्रिकेट टूर्नामेंट में उपविजेता होने पर भी उन्हें सम्मानित किया गया.विद्यालय के संस्थापक उमेश सिंह ने बच्चों के बेहतर भविष्य की कामना करते हुये उन्हें निरंतर आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी.मौके पर प्राचार्य दीपक तिवारी, शिक्षक शैलेश चौबे, अजीत तिवारी, मोज़ लतीफ,नंदन ठाकुर, सुरेंद्र शर्मा, पीयूष पांडेय, विकासदीप चौबे, आभा चौबे,नूतन दुबे, प्रतिभा शुक्ला, प्रतिमा कुमारी, अंजली कुमारी, चंचल कुमारी सहित स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिका व छात्र-छात्रा मौजूद थे।

## अपराधियों ने चलाई गोली, एक व्यक्ति घायल, लोगों ने किया रोड जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** थाना से 500 मीटर की दूरी पर अपराधियों ने एक व्यक्ति को गोली मार दी घटना गुरुवार के शाम की है जपला रोड में हमलावरों ने गाड़ी का शिशा उतरवाया, गोली मारी और हवाई फायर करते हुए जपला की तरफ भाग गए, व्यक्ति का छतरपुर अस्पताल में इलाज कर मेदनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है घायल शख्स हरिहरगंज के व्यवसाई शंकर गुप्ता के बेटे शुभम गुप्ता बताये जा रहे हैं वह कलेक्शंस के लिए छतरपुर बाजार आया हुआ था। छतरपुर पुलिस इस मामले की छानबीन कर रही है घटना के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है , इस घटना के बाद इलाके के व्यवसाईयों में दहशत व्याप्त है व्यावसायिक एवं स्थानीय लोगों ने जपला मोड पर अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग करते हुए रोड जाम करते हुए धरने पर बैठ गए और पुलिस प्रशासन से अपराधी गतिविधियों को रोकने एवं अपराधियों को गिरफ्तारी की मांग करने लगे।

## नेसा फाउंडेशन एवं कस्तूरियन अकादमी के द्वारा निःशुल्क ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विशुनपुरा :** नेसा फाउंडेशन शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता के माध्यम से निरंतर नए प्रयास करता रहा है। नेसा फाउंडेशन एवं कस्तूरियन एकेडमी के मध्य एक समझौता ऑनलाइन निऱ्शुल्क प्रतियोगिता परीक्षा संबंधित तैयारी के लिए किया गया। कस्तूरियन एकेडमी, नेसा फाउंडेशन के सहयोग से उच्च शिक्षा में अध्ययनरत छात्रों को निऱ्शुल्क ऑनलाइन शिक्षा प्रदान करेगा। कस्तूरियन एकेडमी के ऑनलाइन निऱ्शुल्क कक्षा का शुभारंभ प्राचार्य डा. विनोद कुमार राय ने किया। डॉ राय ने कहा कि शिक्षा वर्तमान समय में काफी महंगी हो गई है। इसके उपरांत भी छात्र प्रतियोगी परीक्षा के लिए महंगे कोचिंग के माध्यम से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन पढ़ाई कर रहे हैं। नेसा फाउंडेशन एवं कस्तूरियन एकेडमी की प्रतियोगी परीक्षा संबंधी तैयारी निऱ्शुल्क करवाना एक अनोखी पहल है। ऑनलाइन कक्षा के माध्यम से झारखंड ही नहीं संपूर्ण भारत के लोगों को लाभ प्राप्त होगा। कस्तूरियन एकेडमी के निदेशक प्रवीण सिंह कुशवाहा ने कहा कि ऑनलाइन कक्षा के माध्यम से शिक्षक शिक्षा, शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नीट) सहित अन्य उच्च शिक्षा संबंधी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कराई जाएगी। भविष्य मे गुणवतापूर्ण शिक्षकों की उपलब्धता के अनुसार भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की भी तैयारी कराई जाएगी। इच्छुक विद्यार्थी nesafoundation.com वेबसाइट के माध्यम से निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं।

## मुखिया ने लगाया एएनएम पति व डॉक्टर पर गंभीर आरोप

**पिपरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के तेंदुई पंचायत के मुखिया उषा देवी एवं उनके पति समाजसेवी अरविंद कुमार सिंह ने एएनएम ममता कुमारी के पति एवं डॉ राजेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाया है. मुखिया पति का कहना है कि सकलदीपा ग्राम में जो स्वास्थ्य उपकेंद्र संचालित होना था उसे वर्षो से ग्राम मधुबाना में चलाया जा रहा है. जबकि दोनों ग्राम अलग-अलग पंचायत के हैं. स्वास्थ्य उपकेंद्र पर पदस्थापित एएनएम के द्वारा वैक्सीनेशन के कार्य मे लापरवाही बरता जा रहा है. ग्राम हसनपुर की सहीया सविता देवी का कहना है कि अक्टूबर 2023 में एएनएम वैक्सीन देने आई थी उसके बाद बुलाए जाने के बाद भी नहीं आती हैं. ग्राम हसनपुर के ही रमेश राम अपने बच्चे को लेकर वैक्सीन दिलाने स्वास्थ्य उपकेंद्र गए थे. वहां पर एएनएम पति के द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार एवं अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया. जिसके बाद केंद्र पर हंगामा होना शुरू हो गया. सूचना मिलते ही मुखिया एवं मुखिया पति स्वास्थ्य उपकेंद्र पहुंचकर लोगों को समझाया एवं शांत कराया. लोगों का कहना है कि एएनएम का स्थानांतरण कर दिया जाए,नहीं तो आगे हम लोग चुप नहीं बैठेंगे.मुखिया पति ने कहा कि पूरे मामले की जानकारी सिविल सर्जन पलामू को दिया गया है स्वास्थ्य विभाग के रवैया से यहां के स्थानीय लोग बहुत ही दुखी हैं डॉ राजेश कुमार को सारी समस्याओं की भली-भांति जानकारी रहती है सभी लोग मिलजुल कर लोगों को बेवकूफ बना रहे हैं. उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से एएनएम पर कार्रवाई की मांग की है।

## आंगनबाड़ी केंद्र में एक सेविका तथा दो सहायिका का चयन समिति द्वारा किया गया चयन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** बाल विकास परियोजना अंतर्गत नगर उंटारी प्रखंड के दो आंगनबाड़ी केंद्र निमिया डीह में सेविका तथा रक्सा टिकर में सहिया और रमना प्रखंड के मुरलीतर भागोडीह में सहायिका का चयन,चयन समिति के द्वारा किया गया। बुधवार को चयन समिति द्वारा नगर उंटारी प्रखंड के निमियाडीह आंगनबाड़ी केंद्र में सुषमा कुमारी पति अजय उरांव का चयन सेविका के रूप में किया गया।बताते चले सेविका के लिए आवेदनों में सुषमा कुमारी के नाम से दो आवेदन, अर्चना कुमारी, सपना कुमारी, पुष्पा कुमारी, सरिता कुमारी तथा सोनम कुमारी सहित सात आवेदन प्राप्त हुए थे। वरीयता क्रम के अनुसार सुषमा कुमारी पति अजय कुमार उरांव का चयन सेविका के लिए किया गया।जब कि रक्सा टिकर आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका के लिए सुभद्रा कुमारी तथा खुशबू कुमारी सहित दो आवेदन प्राप्त हुआ था। जिसमे वरीयता अनुसार खुशबू कुमारी का सहायिका के लिए चयन समिति द्वारा किया गया। जब कि गुरुवार को रमना प्रखंड के मुरलीतर भगोडीह में सहायिका के लिए प्राप्त तेतरी देवी, रीता देवी तथा प्रमिला देवी सहित तीन आवेदनों में से सहायिका के लिये रीता देवी का चयन किया गया।

## हुसैनाबाद एलआरडीसी की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस हेतु बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद गुरुवार को अनुमंडल कार्यालय सभागार परिसर में गणतंत्रता दिवस तैयारी समारोह को लेकर एल आर डीसी अमर जोन के अध्यक्षता एक आवश्यक बैठक हुई बैठक की दौरान गणतंत्र दिवस तैयारी को लेकर विधी व्यवस्था सुरक्षा व्यवस्था एवं मुख्य कार्यक्रम स्थल पर की जाने वाली तैयारियां को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए साथ ही गणतंत्र दिवस समारोह के सफल संचालन हेतु झंडोत्तोलन का समय प्रभात फेरी परेड में शामिल होने वाले विभिन्न टुकडीयों के पूर्वभ्यास एवं मुख्य समारोह स्थल पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए हुसैनाबाद एल आर डीसी अमर जोन संबंधित विभाग के अधिकारी सहित अन्य कर्मचारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया । बैठक की दौरान विभिन्न तैयारियां के अलावा सरकार द्वारा जारी किए गए निर्देश का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम से जुड़े हुए विभिन्न कार्यक्रम के आयोजन करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया बैठक में उपस्थित हुसैनाबाद प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन



कुमार दण्डाधिकारि शुभम् बेला टोपनो कार्य पालक विपुल कुमार सन्नी, हुसैनाबाद थाना प्रभारी समीर कुमार तिर्की अनुमंडल प्रधान सहायक भीमसेन, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी , पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन पासवान झामुमो वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, उर्दू मध्य विद्यालय प्राचार्य सुनिल कुमार अनुमंडल वरिष्ठ अधिवक्ता चंदेश्वर प्रसाद उर्फ लालता बाबू भाजपा नेता प्रेमतोष कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह शहिद भगत सिंह प्रोफेसर संजय कुमार सिंह सर्वोदय भारतीय पब्लिक स्कूल निर्देशक निरंजन प्रसाद दिनेश चौंक कांग्रेस नेता अवधेश कुमार सिंह कन्या मध्य विद्यालय प्राचार्य रवि कुमार जवाहर नवोदय विद्यालय रशिम वर्मा सहित अन्य विभागीय कर्मी मौजूद थे।

## परियोजना के पिपरी कला एवं पिपरी खुर्द स्थित पांच में से चार आंगनबाड़ी केंद्र मिले बंद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** बालविकास परियोजना अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति काफी दयनीय है। जहाँ सेविका-सहायिका अपने मानदेय तथा वाउचर भुगतान के लिए आये दिन शोर मचाती रहती है। उनका संग बैठके करता रहता है।लेकिन आंगनबाड़ी केंद्र संचालिका सेविका-सहायिका खुद में सुधार लाने को तैयार नही है।न ही उनके संघ के द्वारा उन्हें सुधारने के लिए कोई कदम उठाया जाता है।उन्हें मानदेय तो समय से चाहिए लेकिन समय से केंद्र खोलने को तैयार नही है। विशुनपुरा प्रखंड अंतर्गत पिपरी कला एवं पिपरी खुर्द में संचालित पांच आंगनबाड़ी केंद्रों में से चार केंद्र पूर्णतः बंद मिले।सभी केंद्रों पर सेविका तो मिली, लेकिन सहायिका किसी भी केंद्र पर उपस्थित नही



मिली।चारो केंद्रों के अगल-बगल के ग्रामीणों ने बताया कि अभी कुछ देर पहले किसी का फोन आया था।इसके बाद दौड़ कर सेविकाओं द्वारा केंद्र खोला गया है।हालांकि पहले केंद्र हाई स्कूल से सभी केंद्र 5-10 मिनट के अंतराल पर है इसलिए सेविका तो मिली लेकिन न तो बच्चे मिले, न ही सहायिका।सभी सेविकाओं का एक ही जबाब था अभी-अभी बच्चे गए है सर,सहायिका पहुचाने गई है।जब कि सच तो यह है कि एक्का दुक्का सेंटर को छोड़ दिया जाए तो किसी सेंटर की सहायिका कभी बच्चे को लेने नही जाती। सभी केंद्र एक जैसा है ऐसा भी नही है। हाई स्कूल पिपरी में संचालित केंद्र बच्चो से भरा था। लगभग 30 बच्चे खिचड़ी खाते मील। सेविका सुनीता देवी तथा सहायिका कामोदा देवी दोनों उपस्थित थी। पांचो केंद्र 11:15 बजे से 12:15 बजे के बीच हाई स्कूल में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र को छोड़ कर बंद मिला।हालांकि इसमें से तीन केंद्र सेविका के घर मे संचालित होता है इस लिए सेविका केंद्र/घर पर उपस्थित मिली।चौथा केंद्र पिपरी खुर्द की सेविका को केंद्र खोलते देखा गया। आंगनबाड़ी केंद्र पोखरा टोला, भुइया टोला, पिपरी कला मंदिर के पास तथा पिपरी खुर्द में सेविका ही उपस्थित मिली। क्या कहा बीडीओ सह सीडीपीओ ने इस संबंध में इस संबंध में बीडीओ सह सीडीपीओ विकास कुमार सिंह ने कहा कि सभी केंद्र की सेविका तथा सहायिका से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। उसके बाद उचित करवाई किया जाएगा।

## प्रखंड के सभी मुखिया ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर(पलामू):** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के पतरिया खुर्द की मुखिया संघ के अध्यक्ष सह जिला उपाध्यक्ष रानी सिंह के नेतृत्व में दर्जनों मुखिया नें गुरुवार को बीडीओ नितेश भास्कर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम पंचायत के ग्राम सभा से पारित अबुआ आवास की योग्य लाभुकों की सूची एवं ऑनलाइन पोर्टल से प्राप्त सूची में कोई मेल नहीं है। जबकि ग्राम सभा से पारित रजिस्टर के अनुरूप ही पोर्टल पर भी अबुआ आवास की सूची में प्राथमिकता होना चाहिए था। बीडीओ नितेश भास्कर नें मुखिया संघ को अश्वासन दिया कि ग्राम सभा द्वारा पारित सूची ही सर्वमान्य होगा। मौके पर मुखिया स्मृति देवी, जितेंद्र यादव, नितिश कुमार सिंह, आले हसन,दिलीप पासवान, सहित कई मुखिया मौजूद थे।


**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, चतरा**

*Phone- 06541-223994, E-mail-electionoffice.chatra@gmail.com*

**लोकसभा/विधानसभा आम निर्वाचन–2024 हेतु निविदा आमंत्रण की आम सूचना**

आसन्न लोक सभा आम चुनाव एवं विधानसभा आम चुनाव–2024 में उपयोग होने वाले **अल्पाहार व भोजन/कम्प्यूटर/फोटोकॉपियर/ प्रिंटर/लेपटॉप/ डेस्कटॉप/कार्टेज इत्यादि/मतदान सामग्री/ मुद्रण सामग्री/कार्यालय उपयोगी सामग्री/ टेन्ट सामियाना, लाईट तथा साउण्ड इत्यादि/ विडियोग्राफी/फोटोग्राफी/CCTV** के लिए दर निर्धारण एवं सेवा प्राप्ति हेतु विभागीय वेबसाईट **https://jharkhandtenders.gov.in** में ई–निविदा आमंत्रित की गई है। दिनांक–03.02.2024 अपराह्न 05:00 बजे तक इच्छुक निविदादाता ई–निविदा समर्पित कर सकते है। प्राप्त ई–निविदा दिनांक–05.02.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे समाहरणालय सभागार, चतरा में खोला जाएगा। सामग्रियों की विवरणी एवं निविदा की शर्त्ते चतरा जिला के विभागीय वेबसाईट www.chatra.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर भी देखा जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त, चतरा

PR 316408 Election(23-24)#D

**कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू**

**–ः पाराभेट प्रशिक्षण से संबंधित आवश्यक सूचना ः–**

राज्यादेश संख्या 20रा0 (वि0) दिनांक 07.08.2023 एवं निदेशक पशुपालन झारखण्ड रॉची के पत्रांक 1666 नि0 दिनांक 24.11.2023 के आलोक में पाराभेट प्रशिक्षण कार्यक्रम 2023–24 के अन्तर्गत प्राथमिक पशुचिकित्सा विषय पर प्रशिक्षण शीध्र प्रारम्भ किया जाना है। पाराभेट प्रशिक्षण हेतु योग्य प्रशिक्षणार्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है।

अतः योग्य प्रशिक्षणार्थी संबंधित प्रखण्ड के पशुचिकित्सक के पास अपना आवेदन जमा कर सकते है।

पारा भेट प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षणार्थियों के चयन से संबंधित निम्न बाते अवलोकनीय है –

01. आवेदक को इंटरमीडिएट उत्तीर्ण होना आवश्यक है तथा इंटरमीडिएट (जीव विज्ञान) को प्राथमिकता दी जायेगी।
02. प्रथम आगत प्रथम निर्गत के आधार पर प्राप्त आवेदनों में से प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षत उपलब्ध कराया जायेगा।
03. चयनित प्रशिक्षणार्थियों में से 3% प्रशिक्षणार्थी दिव्यांग कोटि के होंगे।
04. पाराभेट प्रशिक्षण कुल 02 माह (60दिवसीय) का होगा, जिसमें 45 दिनों का सैद्धांतिक प्रशिक्षण तथा 15 दिनों का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रथम वर्गीय पशुचिकित्सालय/पशु शल्य चिकित्सालय में होगा।
05. रूपये 2000/– की गारंटी पर एक सेट First Aid Box उपलब्ध कराया जायेगा।

निवेदक –
जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू

PR 316476 District(23-24)#D

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 19
शुक्रवार
19.01.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
जब तक जीना, तब तक सीखना- अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### आसाराम के समर्थकों ने हाईकोर्ट परिसर में वकील को पीटा

**जोधपुर :** राजस्थान के जोधपुर जिले से चौंकाने वाली खबर है. यहां जेल में बंद आसाराम के समर्थकों ने हाई कोर्ट परिसर में वकील विजय साहनी को पीट दिया. विजय आसाराम की पैरवी करने दिल्ली से आए थे. उनकी याचिका पर 18 जनवरी को सुनवाई होनी थी. जानकारी के मुताबिक, हाई कोर्ट में आसाराम के स्वास्थ्य कारणों को लेकर याचिका दायर की गई थी. मारपीट की इस घटना के बाद हाई कोर्ट परिसर में अफरा-तफरी मच गई. इस घटना से वकील भड़क गए. उन्होंने आरोपियों में से एक को पकड़कर कुड़ी थाने के हवाले कर दिया.गौरतलब है कि, राजस्थान हाई कोर्ट ने फर्जी सूचना का अधिकार के जवाब के मामले में आसाराम को जमानत दे दी थी. आसाराम के समर्थकों में से एक मारवाह ने 2016 में उनकी जमानत के लिए उनके स्वास्थ्य स्थिति से संबंधित फर्जी आरटीआई जवाब जमा सर्वोच्च न्यायालय में किया था. इसके बाद आसाराम के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था. इस मामले के सह-आरोपी रविराय मारवाह को पहले ही जमानत मिल चुकी है. यह मुकदमा अभी लंबा चलने की संभावना है. बताया जाता है कि सर्वोच्च न्यायालय में आरटीआई के दस्तावेज मारवाह को गणेश कुमार नाम के शख्स ने दिए थे.

### पुलिस मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, पैर में गोली लगने से घायल

**फिरोजाबाद :** थाना उत्तर पुलिस की टीम ने बुधवार की रात्रि में जानलेवा हमले में वांछित एक हिस्ट्रीशीटर को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर सर्वेश कुमार मिश्रा ने गुरुवार को बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में मुकदमों में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना उत्तर प्रभारी कुलदीप दीक्षित पुलिस टीम के साथ बुधवार की रात्रि क्षेत्र में गश्त कर थे, तभी सूचना पर नगला पान सहाय के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार एक व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया तो वह पुलिस पार्टी पर फायर करते हुए भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षा में जवाबी फायर के दौरान अभियुक्त के पैर में गोली लग गई। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने तत्काल घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम संजय यादव उर्फ संजू उर्फ सैमसंग पुत्र राकेश यादव निवासी टापाकला जलेसर रोड थाना उत्तर बताया है।

### बारूदी सुरंग में विस्फोट, एक अग्निवीर शहीद, 2 जवान घायल

**श्रीनगर:** जम्मू संभाग के राजौरी जिले के नौशेरा में बारूदी सुरंग फटने से सेना का एक जवान शहीद हो गया है और 2 जवान गंभीर रूप से घायल हैं। यह घटना गुरुवार सुबह को 80वीं इन्फैंट्री ब्रिगेड के तहत 17वीं सिख लाइट बटालियन के एरिया ऑफ रिस्पांसिबिलिटी में फॉरवर्ड डिफेंस लाइन से लगभग 300 मीटर की दूरी पर हुई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा उस समय हुआ जब सेना के जवान एलओसी के पास गश्त कर रहे थे। इस दौरान एक जवान का पांव बारूदी सुरंग यानी लैंड माइन पर पड़ा जिसके बाद धमाका हुआ। बताया जा रहा है दोनों जवानों की हालत गंभीर है। हादसे के तुरंत बाद उन्हें सेना के एम आई रूम पर ले जाया गया जहां उन्हें प्राथमिक उपचार देने के बाद, एयरलिफ्ट कर सेना के कमान अस्पताल उधमपुर शिफ्ट किया गया।

### ईडी के चौथे समन पर भी पेश नहीं हुए केजरीवाल

**दिल्ली :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल चौथे समन पर भी प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश नहीं हुए. उन्होंने अपने जवाब में लिखा कि ईडी का मकसद उन्हें गिरफ्तार करना है. आम आदमी पार्टी ने कहा कि ईडी केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकना चाहती है. आप ने सवाल पूछा कि जब ईडी ने अपनी चार्जशीट में लिखा है कि केजरीवाल आरोपी नहीं हैं, फिर उन्हें समन क्यों भेज रही है और उनकी गिरफ्तारी की तैयारी में क्यों है.आम आदमी पार्टी ने कहा,जो भ्रष्ट नेता बीजेपी में चले जाते हैं, उनके मामले बंद कर दिए जाते हैं . हमने कोई भ्रष्टाचार नहीं किया, हमारा कोई नेता बीजेपी में नहीं जाएगा.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 22⁰ |
| न्युनतम | 10⁰ |

# कड़ाके की ठंड व शीतलहर की चपेट में झारखंड

**राज्य के उत्तरी हिस्से यानी देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, जामताड़ा, गिरिडीह और साहेबगंज में मध्यम दर्जे का कोहरे का असर है।**

**20** फ्लाइट गुरुवार को कैंसिल कर दी गयी।

**27** जोड़ी फ्लाइट का शिड्यूल तय था

**19 जनवरी से 25 जनवरी तक केजी से पांचवीं तक की कक्षाएं सुबह 10 बजे से अपराह्न दो बजे तक चलेंगी।**

**स्कूलों का समय बदला, आदेश जारी**

झारखंड के सभी स्कूलों का समय बदल गया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से इसकी चिट्ठी गुरुवार को जारी कर दी गई।इसमें कहा गया है कि झारखंड के सभी सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी प्राइवेट स्कूलों का समय बदला जाता है। 19 जनवरी से 25 जनवरी तक केजी से पांचवीं तक की कक्षाएं सुबह 10 बजे से अपराह्न दो बजे तक चलेंगी। छठी से 12वीं तक की कक्षाएं सुबह नौ बजे से तीन बजे तक चलेंगी। मध्याह्न भोजन पहले की तरह बच्चों को मिलती रहेगी। मध्याह्न भोजन पूर्ववत चालू रहेगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। रांची सहित पूरे झारखंड में ठंड ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। कड़ाके की ठंड व शीतलहर से जीना मोहाल हो गया है। राज्य के उत्तरी हिस्से यानी देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, जामताड़ा, गिरिडीह और साहेबगंज में मध्यम दर्जे का कोहरे का असर है। इसके अलावा, पश्चिमी हिस्से यानी चतरा, कोडरमा, पलामू, गढ़वा, लातेहार व लोहरदगा में कहीं कहीं शीतलहर और घने कोहरे का असर है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।मौसम विज्ञान केंद्र रांची की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर पश्चिमी दिशा से आ रही ठंड हवा ने राजधानी समेत पूरे राज्य के तापमान में गिरावट ला दी है। कड़ाके की ठंड और बर्फ जम जाने के कारण फसलों को खासा नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। कई दिनों से सुबह के समय सब्जियों की फसल पर पाला जम जा रहा है। इससे आलू, मटर, टमाटर सहित अन्य फसलें प्रभावित हो रही हैं। गुरुवार को दिन भर भरी ठंड का प्रकोप रहा। दिन भर लोग घरों में दुबके रहे।



### घने कोहरे के चलते 20 उड़ानें रद्द

राज्य में कोहरा और बादल छाये हुए हैं। गुरुवार को कोहरे के कारण दिनभर लोगों को ठंड का एहसास हुआ। कोहरे के कारण रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली 20 फ्लाइट गुरुवार को कैंसिल कर दी गयी। गुरुवार को रांची एयरपोर्ट में विजिबिलिटी 500 मीटर से भी कम रही। बताया जाता है कि छोटे विमान के लिए 900 से 1000 मीटर और बड़े विमानों की लैंडिंग के लिए 1400 से 1500 मीटर विजिबिलिटी होनी चाहिए। रांची एयरपोर्ट से 18 जनवरी को 27 जोड़ी फ्लाइट का शिड्यूल तय था। इनमें 20 को कैंसिल करना पड़ा। अब 19 जनवरी को 22 जोड़ी फ्लाइट को उड़ान भरनी है। विजिबिलिटी कम होने के कारण हैदराबाद-रांची इंडिगो की फ्लाइट को वापस हैदराबाद लौटना पड़ा। ये उड़ानें हुई रद्द - दिल्ली-रांची इंडिगो की फ्लाइट, मुंबई-रांची एयर इंडिया एक्सप्रेस, दिल्ली-रांची एयर इंडिया एक्सप्रेस, बेंगलुरु-रांची एयर इंडिया, अहमदाबाद-रांची इंडिगो, बेंगलुरु-रांची एयर इंडिया, दिल्ली-रांची एयर इंडिया, बेंगलुरु-रांची एयर इंडिया एक्सप्रेस, दिल्ली-रांची एयर इंडिया, बेंगलुरु-रांची एयर इंडिया, दिल्ली-रांची इंडिगो। रांची से उड़ान भरने वाली ये फ्लाइट हुई कैंसिल- रांची-बेंगलुरु इंडिगो, रांची-मुंबई एयर इंडिया, रांची-दिल्ली एयर इंडिया, रांची-बेंगलुरु एयर इंडिया, रांची-दिल्ली एयर इंडिया, रांची-बेंगलुरु एयर इंडिया, रांची-दिल्ली एयर इंडिया और रांची-बेंगलुरु एयर इंडिया।

# 22 जनवरी को पूरे देश में केंद्रीय कर्मियों की आधे दिन की छुट्टी

## पीएम मोदी ने राम मंदिर पर जारी किया डाक टिकट | श्रीराम पर जारी टिकटों की पुस्तक भी रिलीज

एजेंसी

**अयोध्या :** 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर सरकारी कर्मियों की भावनाओं को देखते हुए दोपहर ढाई बजे तक सभी केंद्रीय दफ्तरों में अवकाश का एलान किया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। आदेश में कहा गया कि कर्मचारियों की भारी भावना और उनके अनुरोध के कारण केंद्र सरकार ने आधे दिन की छुट्टी का ऐलान किया है। केंद्र सरकार ने यह कदम इसलिए उठाया ताकि हर कोई प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देख सकें। इधर पीएम मोदी ने राम मंदिर से जुड़े कार्यक्रमों की श्रृंखला में डाक टिकट जारी किया। उन्होंने श्रीराम पर जारी टिकटों की पुस्तक भी रिलीज की। श्री राम जन्मभूमि मंदिर पर स्मारक डाक टिकट और दुनिया भर में भगवान राम पर जारी टिकटों की यह पुस्तक डाक विभाग ने तैयार की है।एल्बम में शामिल डिजाइन के घटकों में राम मंदिर, तुलसीदास रचित रामचरितमानस की चौपाई- मंगल भवन अमंगल हारी, सूर्य, सरयू नदी और मंदिर और उसके आसपास की मूर्तियां शामिल हैं। पीएम मोदी ने बताया कि इस खास एल्बम में मंदिर और देश की संस्कृति से जुड़ी बारीकियों का अनुभव किया जा सकेगा। इस मौके पर अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्र के मंगल की कामना की गई है। सूर्यवंशी राम की छवियों से देश में नए प्रकाश का संदेश मिलता है। एल्बम में शामिल सरयू नदी की तस्वीर से सदा गतिशील रहने का संदेश मिलता है। पीएम मोदी ने कहा कि पंचतत्व के दर्शन का स्वरूप दर्शाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट के साथ-साथ संतों ने भी डाक विभाग का मार्गदर्शन किया है।



### पूरी दुनिया में आकर्षण का विषय रही है रामायण

प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान राम और माता सीता की बातें- देश, काल, जाति जैसी सीमाओं से परे है। रामायण से पूरी मानवता को खुद से जोड़ने का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि रामायण पूरी दुनिया में आकर्षण और उत्साह का विषय रही है। पूरे विश्व में भगवान राम और माता सीता के साथ-साथ रामायण को गौरव के साथ देखा जाता है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग देशों में श्रीराम पर आधारित पोस्टल स्टांप जारी होते रहे हैं। अमेरिका, सिंगापुर, गयाना, फिजी जैसे कई देशों ने सम्मान और आत्मीयता से पोस्टल स्टांप जारी किए हैं।

### भगवान राम के प्रभाव को दिखाने का प्रयास

राम मंदिर के अलावा भगवान गणेश, भगवान हनुमान, जटायु, केवटराज और माता शबरी पर डाक टिकट जारी हुए हैं। कुल छह टिकटों के अलावा पूरे एल्बम में अमेरिका, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, कनाडा, कंबोडिया और संयुक्त राष्ट्र जैसे संगठनों सहित 20 से अधिक देशों की तरफ से जारी डाक टिकटों को भी संकलित किया गया है। 48 पन्नों की इस पुस्तक के माध्यम से समाज के अलग-अलग वर्गों पर भगवान राम की वैश्विक छवि और उनके प्रभाव को प्रदर्शित करने का प्रयास किया गया है।

### प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य कर्मकांड शुरू

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य कर्मकांड आज दोपहर शुभ मुहूर्त में प्रारंभ हो गया। इससे पहले रामलला की अचल मूर्ति को बुधवार देर रात गर्भगृह में पहुंचा दिया गया है। शाम को उन्हें विधि विधान पूर्वक अपने आसन पर विराजमान कर दिया गया।गौरतलब है कि पीएम मोदी 22 जनवरी को उत्तर प्रदेश के अयोध्या दौरे पर राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। उनके हाथों से रामलला की दिव्य प्रतिमा की स्थापना होनी है। प्रधानमंत्री मोदी के अलावा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और देश-विदेश के लगभग सात हजार मेहमान अयोध्या के इस अभूतपूर्व समारोह के साक्षी बनेंगे। ट्रस्ट की तरफ से कई ऐसे मेहमानों को भी आमंत्रित किया गया है जिनके लिए खास प्रोटोकॉल का पालन जरूरी है।

# नाव पलटने से 14 की मौत, कई लापता



एजेंसी

**अहमदाबाद :** गुजरात के वडोदरा स्थित मोटनाथ झील में बच्चों को ले जा रही एक नाव पलट गई। एक हादसे में कई बच्चे पानी में डूब गए। प्राथमिक सूचना के अनुसार, अब तक 12 बच्चों की डूबने से मौत हो चुकी है। कई बच्चे लापता बताये जा रहे हैं। डूबने वालों में 2 टीचर भी शामिल हैं, जिनकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, हरणी मोटनाथ झील में नौकायन के लिए स्कूली बच्चों को लेकर एक स्कूल के टीचर आए हुए थे। नाव में 23 बच्चे और चार टीचर थे। यानी की 27 लोग नाव में सवार थे। अभी तक कुल 14 लोगों के शव बरामद किए गए हैं। इनमें से 12 बच्चे और दो टीचर बचाए जा रहे हैं। बाकी 16 लोगों की तलाश जारी है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। नाव चलाने वाले के बारे में भी अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है।हरनी मोटनाथ झील में नौकायन के लिए बच्चे किस स्कूल के थे इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। पुलिस का कहना है कि बचाव कार्य समाप्त हो जाने के बाद मृतकों की पहचान की जाएगी और उनके परिजनों को सूचित किया जाएगा। फिलहाल अभी प्रशासन का ध्यान बचाव कार्य पर है।वडोदरा के जिलाधिकारी एबी गोर ने कहा कि नौका में 27 लोग सवार थे। वडोदरा के मुख्य अग्निशमन अधिकारी पार्थ ब्रह्मभट्ट ने कहा, यहां पिकनिक मनाने आये स्कूली छात्रों को ले जारी नौका दोपहर में हरनी झील में पलट गई।

# समुद्री जहाज पर ड्रोन हमला नौसेना ने दिया मुंहतोड़ जवाब

एजेंसी

**नई दिल्ली:** अरब सागर में अदन की खाड़ी में मर्चेंट शिप पर हमले का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है. इसी कड़ी में एक बार फिर जहाज पर ड्रोन अटैक किया गया, जिसके चलते जहाज में आग लग गई. हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया. जहाज पर मार्शन आईलैंड का फ्लैग लगा हुआ था. भारतीय नौसेना से बताया कि हमला रात को करीब 11 बजकर 11 मिनट पर हुआ था. जहाज पर कूल 22 करू मेंबर्स सवार थे, जिसमें 9 भारतीय भी थे. हमले में किसी को नुकसान नहीं पहुंचा है. भारत की नौसेना ने वॉरशिप विशाखापट्टनम को मदद के लिए भेजा था. समुद्र में जहाजों पर हूतियों और समुद्री लुटेरों के हमले का असर भारत पर भी पड़ रहा है. दोनों गुटों ने कई बार भारत आ रहे जहाजों को निशाना बनाया है. भारतीय नौसेना के एक बयान के



अनुसार, आईएनएस विशाखापत्तनम, जो अदन की खाड़ी में समुद्री डकैती रोधी गश्त कर रहा था, उसने बुधवार रात 11-11 बजे ड्रोन हमले के बाद मार्शल द्वीप के ध्वज वाले एमवी गेनको पिकार्डी जहाज के एक इमरजेंसी कॉल पर तुरंत कार्रवाई करते हुए मदद की. बता दें कि बीते कुछ महीनों से ईरान समर्थित हूथी समुदाय के लड़ाके लगातार मर्चेंट शिप को निशाना बना रहे हैं.

जिसके चलते अमेरिका-ब्रिटेन सहित कई देशों ने मिलकर यमन में हूती के ठिकानों एयर स्ट्राइक किया. वहीं भारत ने इन दोनों जगहों पर अपने युद्धपोत तैनात कर दिए हैं. बीते 4 जनवरी को सोमालिया के समुद्री लुटेरों ने अरब सागर में लाइबेरिया के फ्लैग वाले लीला नोफोर्क जहाज को हाईजैक कर लिया था. जहाज ने ब्रिटेन के मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन्स पोर्टल पर एक मैसेज भेजा था. इसमें कहा गया था कि 4 जनवरी की शाम को 5-6 समुद्री लुटेरे हथियारों के साथ जहाज पर उतरे थे.

**राष्ट्रपति ने अग्रणी महिला स्टार्टअप और यूनिकॉर्न के साथ बातचीत की**

# महिला उद्यमियों ने कारोबारी माहौल को बदल दिया : द्रौपदी मुर्मू

एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में महिला उद्यमियों से कहा कि आप केवल एक व्यवसायी-नेता नहीं बल्कि परिवर्तन की अग्रदूत हैं। राष्ट्रपति ने प्रमुख स्टार्ट-अप और यूनिकॉर्न की संस्थापक और सह-संस्थापक महिलाओं के एक समूह से बातचीत की। यह बैठक 'राष्ट्रपति जनता के साथ' पहल के तहत हुई, जिसका उद्देश्य लोगों के साथ गहरा संबंध स्थापित करना और उनके योगदान को पहचानना है।महिला उद्यमियों से बातचीत के दौरान राष्ट्रपति ने कहा कि इन महिला उद्यमियों ने भारतीय कारोबारी माहौल को बदल दिया है। उन्होंने रेखांकित



किया कि 'स्टार्ट-अप इंडिया' कार्यक्रम हमारे युवाओं की क्षमता का दोहन करने और देश में उद्यमशीलता के माहौल को मजबूत करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था।

राष्ट्रपति ने इस कार्यक्रम के उद्देश्य को हासिल करने में अमूल्य योगदान देने के लिए उनकी सराहना की। मुर्मू ने कहा कि उनके जैसे युवाओं के अभिनव प्रयासों के कारण, आज भारत लगभग 1.17 लाख स्टार्ट-अप और 100 से अधिक यूनिकॉर्न के साथ दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इकोसिस्टम है।

राष्ट्रपति ने कहा कि उद्यमियों के रूप में उनकी यात्रा और उपलब्धियां लोगों, विशेषकर महिलाओं और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। टेक स्टार्ट-अप से लेकर सामाजिक उद्यमों तक, उनका काम उद्यमिता की दुनिया में भारतीय महिलाओं की क्षमताओं के विविध आयामों में एक प्रभावशाली अंतर्दृष्टि देता है। राष्ट्रपति ने कहा कि उनका योगदान आर्थिक विकास तक सीमित नहीं है। उन्होंने पारंपरिक बाधाओं को तोड़ा है और भावी पीढ़ियों को सशक्तिकरण का रास्ता दिखाया है। वे एक समावेशी आर्थिक भविष्य के निर्माता हैं, जिसमें प्रगति का मार्ग लिंग के आधार पर नहीं बल्कि प्रतिभा और महत्वाकांक्षा के आधार पर प्रशस्त होता है।

# झारखंड में कब होगी जेटेट परीक्षा : हाई कोर्ट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा जेटेट के आयोजन को लेकर दाखिल प्रिया कुमारी यादव एवं अन्य की याचिका की सुनवाई गुरुवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट के जस्टिस आनंदा सेन की कोर्ट ने राज्य सरकार चार सप्ताह में स्पेसिफिक शपथ पत्र दाखिल कर यह बताने को कहा है कि जेटेट परीक्षा कब ली जाएगी। जेटेट परीक्षा की टाइम फ्रेम निर्धारित कर राज्य सरकार को बताने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता ललित कुमार सिंह ने पैरवी की। याचिका में कहा है कि एनसीईटी की गाइड लाइन के अनुसार प्रत्येक वर्ष जेटेट परीक्षा का आयोजन होना है। राज्य सरकार के शिक्षक पात्रता परीक्षा नियमावली 2019 के तहत भी कहा गया है कि प्रत्येक वर्ष जेटेट परीक्षा आयोजन होना है। शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2022 के अंतर्गत कक्षा एक से पांच और छठी कक्षा से 8 कक्षा में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों को जेटेट पास होना जरूरी है लेकिन राज्य में वर्ष 2016 से जेटेट की परीक्षा नहीं ली गई है।

## द्वारिका हॉस्पिटल कर रहा बेहतर कार्य

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महिलोंग पंचायत अंतर्गत द्वारिका हॉस्पिटल महिलोंग चिकित्सा के क्षेत्र मे बेहतर कार्य कर रहा है। यहाँ रोगियों के सेवा के लिए चौबीस घंटे हॉस्पिटल खुले रहते है। यहाँ जटिल से जटिल रोगों का इलाज आयुष्मान कार्ड के तहत मुफ्त मे किया जाता है। यह बाते मिलन समारोह मे हॉस्पिटल के निदेशक एस के निराला ने कही। विशिष्ट अतिथि के रूप मे महेंद्र करमाली थे। इस अवसर पर वृद्ध जनो को कंबल का वितरण भी किया गया।

## मांडर पुलिस ने झपट्टा मार गिरोह से सावधान रहने की अपील जारी की

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर थाना क्षेत्र में इन दिनों झप्पट्टा मार गिरोह सक्रिय है। बुधवार को इस प्रकार की एक घटना मांडर पुलिस की सक्रियता से टल गई। गुरुवार को मांडर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने एक प्रेस बयान जारी करके कहा है कि घर से बाहर निकले तो अपने बैग,मोबाइल और पर्स सोने के जेवर का विशेष ध्यान रखे, किसी प्रकार की कोई घटना होती है तो तत्काल मांडर को सूचना दें।

## तमाड़ राजाबाड़ी में गौरव मेला की तैयारी को लेकर बैठक की गई

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के तमाड़ राजा बाड़ी परिसर में आगामी 22 जनवरी को प्रतिष्ठित गौरव मेला ठाकुर भोलानाथ सिंह व राजा अमरेंद्र नाथ स्मृति आयोजन होता है उसी की तैयारी को लेकर एक बैठक कुमार महेंद्र नाथ शाहदेव की अध्यक्षता में संपन्न हुई, बैठक में निर्णय लेते हुए वक्ताओं ने कहा इस वर्ष राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अत्यंत गर्व और महत्वपूर्ण का विषय है इसलिए रामलाल महोत्सव राष्ट्रीय उत्सव के रूप में भी एक गौरव मेला का आयोजन देवोत्तर स्टेट देवस्थानम सह सेवा स्थानम तमाड़ राज द्वारा कर रही है जो राष्ट्रीय उत्सव के रूप में मना रही है संध्या दीप प्रज्वलन कार्यक्रम भी है मेले को सुचारू रूप से सफल करने हेतु एक आयोजन मंडली मे मुख्य रूप से अध्यक्ष कैलाश सेठ, सरदार विमल पातर, राम सिंगर मुंडा जगमोहन मुंडा,बागरा मुंडा गोलक दास अधिकारी,दीपक सहदेव,प्रवीण सहदेव!

## सैनिक असगर हुसैन स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट 21 जनवरी से शुरू

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):**हाई स्कूल मैदान में एफ वाई सी कर्रा द्वारा सैनिक असगर हुसैन स्मारक क्रिकेट नॉक-ऑउट टूर्नामेंट का आयोजन 21 जनवरी रविवार से किया गया है . आयोजक कमिटी एफ वाई सी कर्रा के अध्यक्ष सुल्तान मलिक ने बताया कि सैनिक असगर हुसैन स्मारक क्रिकेट नॉक-ऑउट टूर्नामेंट में कुल 16 टीम भाग लेंगी. यह पूरा टूर्नामेंट 21 जनवरी से 26 जनवरी तक चलेगा, यह पूरा टूर्नामेंट टाई शीट के आधार पर खेलाया जाएगा, सभी मैच 12-12 ओवर का कराया जाएगा एवं सभी दिन सुबह 10 बजे से मैच शुरु कर दिया जाएगा. टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार 1,00,000 रूपया, दूसरा पुरस्कार 51,000 रूपया, तीसरा व चौथा पुरस्कार 15,000-15,000 रूपया दिया जाएगा.इसके अलावे आयोजक कमिटी ने टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए कुछ नियम शर्तें और रखी है. टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए अध्यक्ष सुल्तान मलिक (8789302227), सचिव जितेन्द्र पासवान(8434634967), कोषाध्यक्ष दुर्गा बड़ाइक (8210864902) से सम्पर्क कर सकतें हैं।

## बंदर के आंतक से परेशान ग्रामीण

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली के कुछ इलाकों के किसान इन दिनों बंदरों के आतंक से परेशान हो गए है. बंदरों का झुंड सबेरे होते ही खेतों में पहुंच कर लगे सब्जियों को अपना भोजन बना रहे है. किसान रोहन कोइरी ने बताया कि अलग अलग समूह में इन बंदरों को संख्या एक हजार के करीब है. ये बंदर इलाके के ऊपर चटानी, जोबला, छताटांड़, सिल्ली स्टेडियम के किनारे समेत कई इलाके में सब्जी के खेतों में पहुंच बना चुके है।बंदरों का झुंड खेतों में लगे आलू, बैगन, प्याज, मटर, लौकी, खीरा, बींस, गाजर, बोदी समेत कई सब्जी के फसल को चट कर जाते है. लगभग साल भर से ये बंदर इन्हीं इलाकों में अपना आशियाना बना लिया है।इतना ही नहीं उनको भगाने के लिए आने वाले किसानों को भी ये बंदर हमला करने पर उतारू हो जाते है. खास कर महिला और बच्चे को वे निशाना बना रहे है मारे डर के किसान इनके पास जाने से भी डर रहे है।इसकी शिकायत किसानों ने पिछले दिनों बीडीओ से की है लेकिन बीडीओ ने मामले में कोई मदद करने से असमर्थता जताया है।स समस्या के कारण किसान धीरे धीरे सब्जियों की खेती छोड़कर अन्य काम की तलाश करने का मन बना रहे है.

## अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में झारखंड आजसु सुप्रीमो को भी आमंत्रित किया गया

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अयोध्या में होने वाले 22 जनवरी 2024 को नए भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर जोरों-शोरों से तैयारियां की जा रही है। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में राम मंदिर का उद्घाटन होगा। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए नेताओं समेत कई बड़े लोगों को इस समारोह में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया गया है। झारखंड आजसु सुप्रीमो सह सिल्ली बिधायक सुदेश कुमार महतो को राम मंदिर में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा के लिए निमंत्रण भेजा गया है। अयोध्या में आयोजित होने वाले इस खास कार्यक्रम के लिए तकरीबन 8000 गणमान्य व्यक्तियों को निमंत्रिण दिया गया है। रामलला की मूर्ति के उद्घाटन के भव्य समारोह में खास हस्तियां शामिल होंगी।

# सौंदर्यीकरण के अभाव में बदहाल हुआ खलारी का शहीद चौक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** कभी गुलजार रहने वाला खलारी का शहीद चौक आज वीरान पड़ गया है. सौंदर्यीकरण के अभाव में आज बदहाली से गुजर रहा है. आसपास किए गए अतिक्रमण के कारण इस चौक का हाल बेहाल हो गया है. उल्लेखनीय है कि एसीसी सीमेंट फैक्ट्री द्वारा वर्ष 1857 ई0 के शताब्दी समारोह के उपलक्ष में 16 अगस्त वर्ष 1957 को शहीद चौक का निर्माण किया गया था. एसीसी फैक्ट्री के रहते यह मनमोहक चौक हुआ करता था. खलारी फैक्ट्री के कामगार एवं निवासियों को एक बार चौक पर आना तय था. क्योंकि यहीं पर सभी व्यक्तियों से मुलाकात और एक दूसरे से काम हो जाता था. लगभग तीस दशक पूर्व एसीसी कंपनी द्वारा कारखाना बेचकर चले जाने के बाद से ही इस चौक की दुर्दशा शुरू हो गई. पंचायत, प्रशासनिक या सामाजिक स्तर पर खलारी शहीद चौक की सुधि नहीं ली गई. लोहा चोरों ने चौक के घेरा में लगे लोहे का मोटा चेन काट लिया. आसपास की सड़क ऊंची होती गई और चौक का शहीद स्तंभ पहले की स्थिति से नीचे दिखने लगा. प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की इस निशानी को बचाने की आवश्यकता है. निकट के सीसीएल प्रबंधन से भी सीएसआर फंड से इसके सुन्दरीकरण के लिए गुहार लगाया गया. पंचायत, प्रखंड स्तर पर भी इस धरोहर को बचाने का प्रयास नहीं किया जा रहा है. जरूरत है इस चौक के प्रति सामाजिक जागरूकता लाने ताकि इसके पुराने गौरव को लौटाया जा सके.

**शहीद चौक को अब मुर्गा चौक के नाम से बोलने लगे लोग** : खलारी शहीद चौक को अब लोग मुर्गी चौक बोलने लगे है. कारण इस इतिहासिक चौक मेंमुर्गा, मछली के दुकान सज गए हैं. इस ऐतिहासिक चौक के बदहाली में इन दुकानदारों की भी भूमिका है.मुर्गा, मछली बेचने वाले सहित अन्य दुकानदार लोग अपने दुकान का पूरा गंदगी इसी चौक के पास फेंक देता है इतनाही नही मुर्गा मछली बेचने वाले दुकानदार दुकान का गंदा पानी भी वहा देता है जिसके चलते आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी होती है.

**हर शांति समिति के बैठक में इस समस्या का उठता है मुद्दा :** खलारी थाना में जब भी शांति समस्या की बैठक होती है इस शाहिद चौक के बदहाली की मुद्दा सभी लोग उठाते है. बैठक में सीओ , थानेदार व जनप्रतिनिधियों के द्वारा इसका समाधान करने का आश्वासन भी दिया जाता है. लेकिन आज तक इस ओर पहल नही किया गया.

**अतिक्रमण मुक्त करने का लोगों ने किया मांग :** खलारी शाहिद चौक के आसपास कई लोगो ने अतिक्रमण कर लिया है. जिसके कारण यह चौक संक्रिन हो गया है. दर्जनो दुकान इस चौक के जमीन पर बना लिया है.लोगों ने सीओ से इस चौक को अतिक्रमण मुक्त करने का मांग किया है

## कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में नामांकन हेतु बैठक किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के महत्वाकांक्षी योजना के तहत कक्षा 6 में नामांकन हेतु गुरूवार को बीईओ गंगा प्रसाद सिन्हा की अध्यक्षता में कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कर्रा में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में नामांकन हेतु बैठक किया गया. ज्ञात हो कि कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कर्रा अब मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय हो गया है ऐसी स्थिति में अब कर्रा कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कक्षा 6 में मात्र 50 बालिकाओं का हीं नामांकन होना है शेष 25 छात्राओं का अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई हो रही है इसके लिए प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जाएगी उसमें से चयनित 25 छात्राओं का नामांकन होगी.कस्तूरबा में नामांकन हेतु 19 जनवरी से 10 फरवरी तक भरा हुआ आवेदन जमा किया जाएगा. इसके लिए आवेदन पत्र कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कर्रा एवं प्रखंड संसाधन केंद्र कर्रा से प्राप्त किया जा सकता है. कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में नामांकन हेतु बीडीओ स्मिता नगेशिया को अध्यक्ष प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को सदस्य बनाया गया है इसके अतिरिक्त विद्यालय की वार्डन एक शिक्षिका एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी को भी सदस्य बनाया गया है. बैठक में मुख्य रूप से बीपीओ मनमोहन साहु, वार्डन रश्मि कुमारी, लेखापाल बिरसा उरांव,पवन कुमार कश्यप व वरिय शिक्षिका सुधन कुमारी उपस्थित रहीं।

## आवासीय विद्यालय बुंडू में व्यवस्थाओं का अभाव



**बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बुंडू नगर के बीच में दक्षिणी छोटा नागपुर आवासीय विद्यालय बुंडू में राज्य का भविष्य अंधकार में 60 छात्रों के दुखद प्रजातंत्र को कलंकित करता है जहां बालिकाओं का संरक्षण स्वास्थ्य एवं शिक्षा में उपेक्षा जघन्य कृत है । स्थापना और समापन का दुखद दास्तान सुनने के पश्चात आश्चर्य ही नहीं अवसाद से जी भर उठता है जिस विद्यालय का 2 वर्षों का परीक्षा परिणाम राज्य लेवल पर टॉप टेन में शुमार कृत है । भोजन और आवास के अलावे कोई भी सुविधा नहीं कराया जाता है निंदनीय है जनहित में बेकार चल रहा है झारखंड का हेमंत सरकार राजनीतिक को सेवा मुक्तकर बना दिया बाप का व्यापार छात्राओं के वार्तालाप और ज्ञानवर्धन प्रस्तुति बेहद अच्छा लगा ।

## बादल और कोहरे की चपेट मे पिपरवार कोयलांचल का इलाका

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास का पुरा इलाका पिछले 48 घंटो से घना कोहरा और बादलो की चपेट मे है,जिसके कारण कड़ाके की ठंड से लोग परेशान हैं।कोयलांचल क्षेत्र में घना कोहरा और शीतलहरी ने ठंड का प्रकोप काफी बढ़ा दिया है।सुबह मे घना कोहरा से आवागमन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।वही कोहरे के बाद दिन भर ठंडी हवा और रात में शीतलहरी का प्रकोप रहने से लोग कड़ाके की इस ठंड में कांपने को मजबूर हो गए हैं। कड़ाके की इस ठंड में सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है।सुबह मे बच्चे ठिठुर कर स्कूल जाते देखे जा रहे हैं।वही दैनिक मजदूरी करने वाले मजदूरों को भी ठंड से परेशानी हो रही है।वहीं कोयला खदानों में भी ठंड का असर देखने को मिल रहा है।कोहरे के कारण खदानों मे कई मशीनों का परिचालन भी बाधित है, जबकि ट्रांसपोर्टिंग कार्यो की रफ्तार भी धीमि पड़ गई है।हाईवा डम्पर काफी संभल कर कोयला ढुलाई का काम कर रही है।ठंड के कारण क्षेत्र के प्रमुख बाजार और चौक चौराहा पर सन्नाटा पसरा हुआ है।शाम ढलते ही बाजारों की रौनक फीकी हो जा रही है।इधर ठंड से बचने के लिए कोयलांचल क्षेत्र के कई जगहों पर लोग अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे हैं।

# नीलगिरी मेला हर्षोल्लास के साथ संपन्न, पहुंचे सुदेश कुमार महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली एवं आसपास के क्षेत्रो में पिछले 15 जनवरी से चले आ रहे टुसु मेला के चैथे दिन गुरुवार को पतराहातू पंचायत के छोटाचांगड़ु गांव में निलगिरी मेला हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। मेले में मुख्य अतिथि पुर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो, पुर्व विधायक अमित महतो, गूंज संयोजक जयपाल सिंह, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, मुखिया शर्मिला कुमारी, पूर्व शिक्षक भजोहरी महतो, भुपेंद्र भगत, प्रकाश महतो समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए। विधायक एवं अन्य अतिथियों ने लोगो का अभिवादन किया तथा पारंपरिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को बनाए रखने को लेकर मेला समिति के सदस्यों की सराहना की। दिन भर कोहरे, ठंड तथा दोपहर को हल्की बुंदा बांदी के बावजूद भी मेले में भीड़ उमड़ी। मेले में झूमर, पांता नाच समेत कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों ने मिक्की माउस स्लाइडिंग व डिस्को डांस में खूब आनंद लिया। वहीं लोगों ने नीलगिरी पहाड़ पर स्थित मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना भी की। नीलगिरी पहाड़ से आसपास का नजारा व मेले का दृश्य देखते ही बनता है। लोगों ने मेले में घरेलू सामान, खिलौने, रेडीमेड कपड़े एवं अन्य सामानों के खरिदारी के साथ साथ चाट, चाउमिन, फुचक, आइसक्रीम खाकर आनंद लिया। मेले के सफल आयोजन में त्रिलोचन बड़ाइक, शिवनाथ महतो, चंडी चरण महतो, श्रीपाद महतो, विजय चंद्र महतो, भूपेन भगत, नकुल चंद्र महतो, रासबिहारी बड़ाइक, बनमली महतो, चतुर महतो, उत्तम मांझी समेत समिति के अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## पिपरवार मे हुई इनमेसा की बैठक मे कई समस्याओ पर हुई चर्चा

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बसंत विहार स्थित क्षेत्रिय कार्यालय मे इनमोसा पिपरवार क्षेत्रिय समिति की बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता अनिल कुवंर और संचालन इकबाल हुसैन ने किया।बैठक मे आवस आवंटन,आवास मरम्मत,प्रमोशन,खदानो मे सुरक्षा,लाईटिंग,कोयला उत्पादन,डिस्पैच,रेस्ट शेल्टर सहित कई ज्वलन्त समस्याओ पर विचार विमर्श किया गया।साथ ही समस्याओं के समाधान को लेकर जल्द ही इनमोस का एक प्रतिनिधिमंडल पिपरवार एरिया प्रबंधन से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया।बैठक मे इनमोसा को मजबूत बनाने को लेकर चर्चा की गई।बैठक मे आगामी 24 जनवरी को नव वर्ष के मौके पर इनमोसा द्वारा बचरा सपही नदी तट पर वनभोज सह मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया,जिसमें इनमोसा के सभी सदस्यों से शामिल होने की अपील की गई।बैठक मे मुख्य रूप से अनिल कुंवर,इक़बाल हुसेन,मनोज कुमार सिंह, रुपलाल महतो,सुरेश महतो, मोहम्मद सिराज,रजि अहमद,उमेश उरांव, रवि कुमार,निवास प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

## 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** चान्हो थाना प्रभारी रंजय कुमार के अध्यक्षता में आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर थाना परिषर में शांति समिति बैठक सम्पन्न हुई। सभी शांति समिति के सदस्यों ने अपनी अपनी विचार और राय दिया इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि 22 तारीख को होने वाले कार्यक्रम को लेकर ऐहतियातन इस बैठक को की गई है ताकि शांतिपूर्ण तरह से 22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम संपन्न हो सके।इस बैठक मे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मो0 मोजीबुल्लाह, अजीत कुमार सिंह, सफीक अंसारी, मो0 गफ्फार, मो0 गेयास, अविनाश कुमार गुप्ता, इश्तियाक अंसारी, अब्दुल्लाह अंसारी, मो0 इब्राहीम, मौजूद थें।

# हिन्दवली ख्वाजा गरीब नवाज के सलाना उर्स पर पिपरवार मे डैग फातेहा का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको मे हिन्दवली हजरत ख्वाजा गरीब नवाज मोईनउद्दीन चिस्ती के सलाना उर्स मुबारक के मौके पर डेग फातेहा का आयोजन किया गया।इस मौके पर बचरा,राय, कल्याणपूर और न्यूमंगरदाहा मे कुरानखानी एंव मिलाद उन नबी का आयोजन किया गया,जिसमे हजरत ख्वाजा गरीब नवाज मोईनउद्दीन चिस्ती के जीवनी पर प्रकाश डाला गया।राय मदरसा मे दोपहर दो बजे डैग फातेहा का आयोजन किया गया।फातेहा के बाद क्षेत्र एंव राज्य की अमन चेन और खुशहाली की दुआ मांगी गई।जिसके बाद उपस्थित सभी लोगों के बीच लंगर का वितरण किया गया।वही बचरा जामा मस्जिद में सुबह में कुरानखानी और मिलाद शरीफ एवं शाम को डैग फातिहा का आयोजन किया गया,जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

डैग फातिहा के बाद क्षेत्र और राज्य की खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई,जिसके बाद सभी लोगों के बीच लंगर का वितरण किया गया।इस मौके पर हाफिज मुमताज,सदर इस्लाम अंसारी,सेक्रेटरी इरफान शेख,अयूब अंसारी, अब्दुल कूदूस,अमजद अली,राशिद कादरी,पिन्टु खान,जसमुद्दीन अंसारी, जैनुल आबेदीन,नसरुद्दीन मंसूरी,कलन आजाद,मुबारक हुसैन,सैयद अरमान,रिंकू खान,छोटू खान,फारूक मंसूरी,जहांगीर मंसूरी, दस्तगीर आलम,मास्टर फैयाज सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।


झारखण्ड सरकार

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग

उद्यान निदेशालय, झारखण्ड

कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला– 835207

आम सूचना

झारखण्ड सरकार, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) के विभागीय राज्यादेश सं0– 64 दिनांक– 11.01.2024 के आलोक में कृशक भाईयों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में केन्द्र प्रायोजित इन्टीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हार्टिकल्चर योजना अन्तर्गत राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का कार्यान्वयन गुमला जिला में निम्नांकित रूप से किया जाना है। जिसके लिए योजनानुसार अवयवार निर्धारित अनुदान पर योजना का लाभ प्रदान किया जाना है। इच्छुक कृशक/स्वयं सहायता समूह/कृशक उत्पादक समूह (FPO)/सहकारी समिति/सखी मण्डल, जो इस योजना का लाभ लेना चाहते हैं, वे अपना आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि से अनुसंशित कराकर दिनांक 30.01.2024 तक कार्यालय अवधि में जिला उद्यान कार्यालय, संयुक्त कृषि भवन, करमटोली रोड, गुमला में जमा कर सकते हैं।

राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का भौतिक लक्ष्य (हे०/इकाई/संख्या में)

| क्र.सं. | कार्य अवयव | भौतिक लक्ष्य |
|---|---|---|
| 1 | Dragon Fruit (Kamalam) - Integrated package with drip irrigation and trellis (in ha.) | 4 |
| 2 | Dragon Fruit (Kamalam)- Without integration (in ha.) | 2 |
| 3 | Strawberry (Int. package with drip irrigation & mulching) (in ha.) | 5 |
| 4 | Strawberry - Without integration (in ha.) | 0.5 |
| 5 | Banana (TC) (Int. package with drip irrigation) (in ha.) | 10 |
| 6 | Banana (TC) - Without integration (in ha.) | 1.5 |
| 7 | Papaya (Int. package with drip irrigation) (in ha.) | 6 |
| 8 | Papaya -without integration (in ha.) | 0.5 |
| 9 | Mango (10x10m) (Rs.25,500/ha) (in ha.) | 7 |
| 10 | Lime (4x4.5) (Rs.54,980/ha) (in ha.) | 10 |
| 11 | Sapota (Rs.45400/ha) (in ha.) | 5 |
| 12 | Guava (6mx6m) (Rs.38340/ha) (in ha.) | 15 |
| 13 | Pomegranate (5.0m × 5.0m) (in ha.) | 5 |
| 14 | Aonla (Rs.40008/ha) (in ha.) | 2 |
| 15 | Bael (Rs.48400/ha) (in ha.) | 2 |
| 16 | Litchi (Rs.28000/ha) (in ha.) | 2 |
| 17 | Jack Fruit (10x10m) (Rs.25,500/ha) (in ha.) | 1 |
| 18 | Maintenance of fruits orchard ( Mango, Guava.)(2021-22) | 27 |
| 19 | Vegetable Hybrid (Rs. 50,000/ha) (in ha.) | 75 |
| 20 | Cut Flowers- Small & Marginal farmers (Rs. 1.00 lakh/ha) (in ha.) | 10 |
| 21 | Bulbulous Flowers - Small & marginal farmers (Rs.1.50 lakh/ha) (in ha.) | 10 |
| 22 | Loose Flowers- Small & Marginal farmers (Rs. 40,000/ha) (in ha.) | 10 |
| 23 | Spices (Seed spice and Rhizomatic spices (Rs. 30,000/ha) (in ha.) | 14 |
| 24 | Rejuvenation/ replacement of senile plantation including Canopy management (Rs. 40,000/ha) (in ha.) | 1 |
| 25 | Shadenet (Tubular structure) (in Sqm) | 3000 |
| 26 | Plastic Mulching (in Ha.) | 30 |
| 27 | Anti Bird/ Anti Hail Nets (in Sqm) | 2000 |
| 28 | Cost of planting material of high value vegetables grown in poly house/shadenet house (in Sqm) | 1000 |
| 29 | Cost of planting material & cultivation of Carnation & Gerbera undeer poly house/shadenet house. (in Sqm) | 1000 |
| 30 | Cost of planting material & cultivation of rose and lilum under poly house/shadenet house (in Sqm) | 1000 |
| 31 | Organic Farming- Vermi compost Units/organic input production- HDPE Vermibed (in Nos) | 30 |
| 32 | Pack house/ on farm collection & storage unit (in Nos) | 8 |
| 33 | PHM- Primary/ Mobile/ Minimal Processing Unit (DPR Based) (in Nos) | 1 |
| 34 | Training of farmers- Within the State (in Nos) | 250 |
| 35 | Training of farmers- Outside the state (in Nos) | 25 |
| 36 | Exposure visit of farmers- Outside the state (in Nos) | 25 |
| 37 | Marketing Infrastructure- Static Mobile Vending Cart/ platform with cool chamber (in Nos) | 1 |

नोट :–

1. योजना के क्रियान्वयन में पिछले तीन वर्षों में जिन लाभुक या उनके परिवार का चयन नहीं किया गया है, केवल उन्हीं का चयन किया जायेगा।
2. योजना के क्रियान्वयन में पिछले तीन वर्षों में जिन ग्रामों का चयन नहीं किया गया है, उन ग्रामों के चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
3. ST, SC, टाना भगत, किसान उत्पादक संगठनों (FPOs) एवं Marginal Farmers का नियमानुसार प्राथमिकता के आधार पर चयन किया जायेगा। साथ ही महिला कृषकों को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
4. इस योजना का कार्यान्चयन एवं अनुश्रवण जिला एवं राज्य स्तर पर एम0आई0डी0एच0 मार्गदर्शिका में निहित प्रावधानों के अनुसार किया जायेगा।
5. आवेदन कार्यालय में पूर्ण रूपेण भरा हुआ दिनांक 30.01.2024 तक जमा किया जाना है, उसके बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
6. आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि/पंचायत प्रतिनिधि के द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है।
7. कार्यालय अवधि में ही आवेदन पत्र निःशुल्क उपलब्ध है।
8. अपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
9. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी हेतु प्रखण्ड स्तर पर BAO/BTM/ATM/VLW/ उद्यान मित्र/कृषक मित्र एवं जिला स्तर पर कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला।

PR 316392 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(23-24)D



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## आरवीएस इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों ने किया टिमकेन कम्पनी का दौरा




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी के छात्र छात्राओं ने टिमकेन कम्पनी का दौरा किया। कॉलेज के प्रोफेसर अभिषेक कुमार एवं प्रोफेसर सतेन्द्र कुमार प्रसाद के नेतृत्व में छात्रों ने यह दौरा किया। बी टेक के पांचवें सेमेस्टर के 30 छात्रों ने टिमकेन कम्पनी में बेयरिंग के हिट ट्रीटमेंट, सर्फेस फिनिसिंग, असेम्बली आदि के बारे में जानकारी हासिल की। कंपनी के ट्रेनी मैनेजर टी लॉरेंस एवं एच पी शर्मा ने छात्रों को बेयरिंग निर्माण आदि की जानकारी दी। कॉलेज के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रॉफेसर शैलेन्द्र कुमार प्रसाद ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के भ्रमण से छात्र को फायदा होता है।

## कांग्रेस नेता मनोज ने किया प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह का स्वागत



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्षा गुंजन सिंह का कांग्रेस नेता मनोज कुमार सिंह के टेल्को स्थित आवास पर स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी कांग्रेसजनों को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए युद्धस्तर पर कार्य करने का आह्वान किया। इसके अलावा केंद्र सरकार द्वारा अनावश्यक रूप से राज्य सरकार को ईडी का भय दिखाकर परेशान करने का आरोप लगाया। महिलाओं से आह्वान किया कि मतदान करने से पूर्व गैस सिलेंडर के दाम पर एक बार नजर अवश्य डालियेगा। इस अवसर पर मनोज कुमार सिंह के अलावा पुनीत सिंह, महिला कांग्रेस कि लवी शर्मा, गायत्री दास, उषा सिंह, शंभू मिश्रा, संतोष जायसवाल, प्रभा तिवारी, एस एन सिंह, असलम खान व चंपक राठौड़ आदि मौजूद थे।

## प्रभु श्री राम पर कैट द्वारा बनाया हुआ श्री राम गीत दिल्ली में रिलीज

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश भर के व्यापारी वर्ग की श्री राम में आस्था और विश्वास को संगीत द्वारा अभिव्यक्त करने की प्रस्तुति के रूप में कनफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्र्सडर्स (कैट) ने आज नई दिल्ली के कंस्टीट्यूशन क्लब में एक श्री राम गीत हर साज पर राम बजे का लोकार्पण किया। कैट के राष्टीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल और राष्ट्रीय सचिव सुरेश सोन्थालिया ने इस गीत को आज देश को समर्पित किया। इस अवसर बड़ी संख्या में दिल्ली के व्यापारी एवं अन्य सामाजिक संगठनों के नेता मौजूद थे। खंडेलवाल और सोन्थालिया ने कहा कि कैट ने मुंबई के बेहद प्रतिभावान कलाकारों के स्वर से इस मधुर गीत को तैयार किया है जिन्होंने बेहद मन एवं हृदय की गहराइयों से गीत को गाया है। कैट ने इस गीत को सनशाइन फाउंडेशन के सहयोग से तैयार किया है जिसको प्रसिद्ध फैशन डिज़ाइनर एवं महिला उद्यमी शेफाली खन्ना ने प्रोड्यूस किया है तथा गीत का संगीत प्रसिद्ध संगीतकार श्री महितोष ने दिया है। गीत के बोल गीतकार सतेंद्र सनम ने लिखे हैं।

## ऐतिहासिक सपादा राम मेला में शामिल हुई सविता महतो, मेले में पहुंचे चौड़ल को किया पुरस्कृत



**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुकड़ू प्रखंड के सपादा में आयोजित प्राचीन राम मेला में गुरुवार को विधायक सविता महतो शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने फीता काटकर मेला का उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक ने मेले में पहुंचे मेला प्रेमी को टुसू पर्व की शुभकामना दिए। विधायक ने अपने संबोधन में कहा सपादा राम मेला में संस्कृतिक झलक जैसे टुसु, चौड़ल आदि देखने को मिलता है। उन्होंने कहा मेले में मेरे पति स्वर्गीय सुधीर महतो भी शामिल होते थे और मुझे भी इस मेले में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वही विधायक ने मेले में पहुंचे चौड़ल को भी पुरस्कृत किए। मौके पर प्रमुख प्रतिमा सिंह पातर, पूर्व जिप उपाध्यक्ष अशोक साव, केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, प्रखंड अध्यक्ष इन्द्रोजीत महतो,निरंजन महतो, सुर्जन स्वासी, मंगल महतो आदि झामुमो कार्यकर्ता व मेला प्रेमी उपस्थित थे।

## शीतलहरी को लेकर सभी स्कूलों के समय में हुआ बदलाव, उपायुक्त ने जारी किया आदेश

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य में शीतलहरी के बढ़ते प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा सभी स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। उक्त को लेकर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने आदेश जारी करते हुए कहा कि जिला अंतर्गत संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त / गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में 19 से 25 जनवरी तक के लिये केजी से पांच तक की कक्षायें सुबह 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक संचालित होगी। वहीं कक्षा 6 से 12 तक तक की कक्षायें पूर्ववत् पूर्वाह्न 09:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक संचालित होंगी। मध्याह्न भोजन पूर्ववत चालू रहेगा।

## मानगो में हज यात्रियों के लिए खुला कार्यालय, शामिल हुए मंत्री हफीजुल व मंत्री बन्ना, बोले

# राज्य सरकार के लिए दुआ करें आजमीन ए हज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गुरुवार को मानगो के ओल्ड पुरुलिया रोड नंबर 20 में हज पर जाने वालों के लिए खादिमुल हुज्जाज के दफ्तर का उद्घाटन राज्य के खेल मंत्री हफीजुल हसन और स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बड़ी बहन अंजलि सोरेन ओडिशा से आई थीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि इस दफ्तर के खुलने से आजमीन -ए - हज को सहूलियत हो जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने इस साल हज पर जाने वालों से अपील की कि वह मक्का जाकर प्रदेश की राज्य सरकार के लिए दुआ करें। राज्य सरकार को आपकी दुआओं की जरूरत है। स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर बोलते हुए कहा कि कुछ ताकतें प्रदेश की चुनी हुई सरकार को निशाना बना रहे हैं। लोग चाहते हैं कि यह चुनी हुई सरकार गिर जाए। इसके लिए कोशिशें जारी हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जिस दिन से प्रदेश सरकार ने शपथ ली है, तभी से साजिशें से शुरू हो गई हैं। सरकार बनने के बाद जो पहला उप चुनाव हुआ था। उसके बाद लोगों ने तारीख निर्धारित कर दी थी कि इस तारीख को सरकार गिर जाएगी। इसके बाद कई उपचुनाव हुए। लेकिन विरोधियों की साजिश कामयाब नहीं हो पाई है। अब कभी सीबीआई और कभी ईडी के जरिए डराने का काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी का आठवां सम्मन मिला है। मुख्यमंत्री ने इसका जवाब भी दे दिया है कि आइए और जो पूछना है पूछिए। मौके पर खेल मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि सभी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ें। अगर कोई अरबी नहीं जानता तो उसकी जिंदगी मुकम्मल नहीं है। उन्होंने कहा कि हज के समय खादिमुल हुज्जाज के इस कार्यालय में हज का काम होगा। इसके बाद यहां शिक्षा से जुड़ा काम होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो मदद होगी वह देंगे। खेल मंत्री ने खादिमुल हुज्जाज कमेटी में शामिल होने की भी इच्छा जताई। इस कार्यक्रम में अजमेरी खान, झामुमो नेता पवन कुमार, प्रमोद लाल आदि मौजूद रहे।

## सरकार द्वारा उर्दू शिक्षक के पद को बंद करना, अल्पसंख्यकों की आवाज दबाने की कोशिश : तनवीर अहसन



**जमशेदपुर :** झारखंड सरकार के द्वारा 3712 उर्दू शिक्षकों के पद को बंद करना अल्पसंख्यकों की जुबान काटने जैसा है, उक्त बातें जमशेदपुर के सामाजिक कार्यकर्ता तनवीर अहसन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा. उन्होने कहा उर्दू शिक्षको का पद सरेंडर करने का फरमान अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं से उनकी जुबान और रोजगार छिनने की साजिश है और झारखंड सरकार को इस फैसले को वापस लेना होगा. उन्होंने अल्पसंखयक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन पर भी निशाना साधा है, उन्होंने कहा की एक तरफ अल्पसंखयक कल्याण मंत्री कहते है कोई अरबी नहीं जानता तो उसकी जिंदगी मुकम्मल नहीं है, दुसरी तरफ उनकी सरकार उर्दू भाषा को मिटाने की साजिश रची जा रही है.

**क्या है मामला: विद्यालय शिक्षक प्रन्नोति नियमावली 2024 के प्रारुप पर बवाल-** यहां ध्यान रहे कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के द्वारा झारखंड राजकीयकृत प्रारम्भिक विद्यालय शिक्षक प्रन्नोति नियमावली 2024 में उर्दू सहायक शिक्षक पद को मरणशील घोषित करार दिया गया है, राज्य सरकार के इस फैसले के बाद अब इस पद पर बहाली नहीं होगी. यहां बता दें कि वर्ष 1999 में बिहार सरकार के द्वारा 4,401 उर्दू शिक्षकों का पद सृजित किया गया था. लेकिन अब सरकार अपने इस फैसले से इसमें से 3712 पदों को सरेंडर करने की तैयारी में है.

## प्रसिद्ध शिक्षाविद आरपी सिंह का निधन, अंतिम संस्कार आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** शिक्षाविद आरपी सिंह नहीं रहे। ८८ वर्ष की आयु में उनका निधन गुरुवार को मानगो साकेत अस्पताल में हो गया। वे झारखंड राज्य अल्पसंख्यक माध्यमिक शिक्षक संघ के संस्थापक अध्यक्ष थे और उन्हें मानगो भाजपा मंडल के प्रथम अध्यक्ष बनने का सौभाग्य मिला था। वे एडीएल स्कूल के प्रधानाध्यापक भी थे। वे अपने पीछे दो बेटे एक बेटी और भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके बेटे और एडीएल हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि पार्थिव शरीर को टीएमएच शीत ग्रह में रखवा दिया गया है और शुक्रवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा। बेटे प्रभात कुमार सिंह के अनुसार मानगो मून सिटी रोड हनुमान मंदिर के समीप स्थित आवाज से शुक्रवार दस बजे अंतिम यात्रा निकाली जाएगी। आरपी सिंह के निधन पर भाजपा महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, पूर्व अध्यक्ष दिनेश कुमार, विकास कुमार सिंह, एडीएल सोसाइटी के अध्यक्ष वाई ईश्वर राव, अल्पसंख्यक शिक्षक संघ के सचिव रमेश कुमार सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार, जिला अध्यक्ष शशि भूषण दुबे, आदि ने शोक जताया।

## ओड़िसा के राज्यपाल से मिले विमल बैठा

### एमजीएम अस्पताल के समस्याओं से कराया अवगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** भाजपा एससी मोर्चा के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष विमल बैठा ने गुरुवार को ओड़िसा के राज्यपाल रघुवर दास से उनके सिदगोड़ा स्थित कार्यालय में औपचारिक मुलाकात की। भाजपा नेता बैठा ने राज्यपाल को कोल्हान क्षेत्र की सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल एमजीएम के दुर्दशाओं से अवगत कराते हुए सुधार की मांग की है। विमल ने बताया कि एमजीएम में चिकित्सक की कमी है और एमआरआई मशीन भी उपलब्ध नहीं है। साथ ही इमरजेंसी बेड की भी कमी है। मरीजों को जमीन पर लिटा कर इलाज किया जाता है। चिकित्सक की कमी से मरीजों का समय पर इलाज नही हो पा रहा है। विमल ने जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के समस्याओं से भी राज्यपाल को अवगत कराया है।

## टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिवीजन का वार्षिक पुष्प व सब्जी प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर/वेस्ट बोकारो :** टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिवीज़न द्वारा 18-20 जनवरी, 2024 तक टाटा स्टील स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, वेस्ट बोकारो में आयोजित 12वें वार्षिक फूल और सब्जी प्रदर्शनी का आज शुभारंभ हुआ। अनुराग दीक्षित, महाप्रबंधक, वेस्ट बोकारो डिवीज़न, टाटा स्टील ने रक्षा दीक्षित और महेश प्रसाद, अध्यक्ष, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन, वेस्ट बोकारो और पी के सिंह, सचिव, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन, वेस्ट बोकारो, की



उपस्थिती में इस प्रदर्शनी का दीप जलाकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर अनुराग दीक्षित ने कहा, क्षेत्र के प्रकृति, कला और संस्कृति से जुड़े लोगो और संस्थाओं को टाटा स्टील वेस्ट बोकारो वार्षिक पुष्प एवं सब्जी प्रदर्शनी के माध्यम से एक मंच प्रदान करता है, जिससे सामुदायिक गौरव और रचनात्मकता की भावना को बढ़ावा मिलेगा। तीन दिवसीय इस आयोजन में विभिन्न संस्थानो, वेंडर पार्टनर्स, और स्कूलों के कुल 54 स्टॉल के साथ 12 फूड स्टॉल भी लगाए गए है। कार्यकम में सैंड पेंटिंग, रंगोली, स्केच पेंटिंग, कलर पेंटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट और आस पास की नर्सरी के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। साथ ही झारखंड की संस्कृति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

## लावा पंचायत भवन में ऋण वसूली सह समझौता शिविर 24 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के ग्राम पंचायत भवन लावा में 24 जनवरी को एनपीए हो चुके केसीसी खाता धारकों के लिए ऋण वसूली सह समझौता शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में लावा, सालबनी, पोकलाबेड़ा, द्वारिडीह, गाड़ीग्राम, नेंगजुड़ी व सिसदा के लोग शामिल होकर लाभ उठा सकते हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए ग्राम प्रधान बृंदावन दास ने बताया कि शिविर को सफल बनाने के लिए क्षेत्र में प्रचार प्रसार का कार्य शुरू कर दिया गया है।

## छेलकनी गांव में खुला रेनबो स्मार्ट इंग्लिश स्कूल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** राजनगर प्रखंड के डूमर डीहा पंचायत अंतर्गत छेलकनी गाँव मे रेनबो स्मार्ट इंग्लिश स्कूल का उद्घाटन मुख्य अतिथि राजनगर थाना प्रभारी चंदन कुमार ने फीता काट कर किया। वहीं स्कूल के डायरेक्टर सह प्रिंसिपल साधन ज्योतिषी ने बुके देकर थाना प्रभारी का स्वागत किया। मौके विशिष्ट अतिथि के रूप में छेलकनी गाँव के ग्राम प्रधान अरूप कुमार पति, लक्ष्मीपोसी ग्राम प्रधान शुशेन महतो, बिक्रमपुर ग्राम प्रधान रामप्रसाद महतो बुरुडीह ग्राम प्रधान महादेव



पति एवं आस पास गाँव के कई गणमान्य उपस्थित थे। थाना प्रभारी ने कहा आज के युवा नशे के आदी हो रहे है। उन्होंने लोगों से नशा पान एवं बुरे आदतों से दूर रहने और अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने की अपील की। उद्धघाटन कार्यक्रम शिवापद ज्योतिषी, सत्यवान ज्योतिषी, कुंदन ज्योतिषी, अशोक मिस्त्री, विषय प्रधान, जामिनि महाकुड़, चंडी गोप, अनूप मंडल, विष्णुपद गोप, रवि कांत गोप, सत्य किंकर पति, कुशध्वज पति, राकेश षड़ंगी समेत अन्य उपस्थित थे।

## कमलपुर थाना प्रभारी ने सामुदायिक पुलिसिंग के तहत क्रिकेट टीम को दिया खेल सामग्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के कमलपुर थाना प्रभारी धीरंजन कुमार ने बुधवार की शाम समुदायिक पुलिसिंग के तहत खेल को बढ़ावा देने के लिए थाना क्षेत्र के मुदीडीह क्रिकेट टीम को खेल सामग्री प्रदान किया। थाना प्रभारी ने बताया कि बांगुड़दा में क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान मुदीडीह क्रिकेट टीम द्वारा बैट-बॉल उपलब्ध कराने हेतु पुलिस से अनुरोध किया गया था। जिसे आज पूरा करते हुए टीम के खिलाड़ियों को बैट, बॉल एवं विकेट का सेट प्रदान



किया गया। मौके पर दीपक गोराई, अरुण मुदी, सुमंत मुदी, सुधांशु मुदी, शिवराम मुदी, रामधन मुदी, सुजीत मुदी, रूपेश मुदी, संजय मुदी, सुधीर मुदी, दीपक मुदी, सुधीर कोड़ा, सुफल मुदी व बलराम मुदी आदि उपस्थित थे।

## मिथिला सांस्कृतिक परिषद ने किया आदित्यपुर बाबाकुटी में कम्बल वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मिथिला सांस्कृतिक परिषद जमशेदपुर के द्वारा बुधवार को आदित्यपुर स्थित बाबाकुटी में कम्बल वितरण का आयोजन किया गया। शहर में कड़ाके की ठंड को ध्यान में रखते हुए परिषद द्वारा कई इलाकों में लगातार कम्बल वितरण का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के द्वारा कम्बल वितरण कार्यक्रम में सहयोगकर्ता अनिल झा आदित्यपुर, गणेश चन्द्र झा बागबेड़ा, वीणा झा गोलमुरी और सुमित झा कदमा के



सहयोग से सम्भव हो सका है। परिषद अपने सहयोगकर्ता आभार व्यक्त करता है । कम्बल वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष शिशिर कुमार झा, सुजीत कुमार झा, मोहन, शिव चन्द्र, पंकज, बिलास, नवीन, राजीव, सुरेश, देवेन्द्र, विनय, कौशल, प्रबोध पाठक, दीपक सहित संपूर्ण कार्यकारिणी का योगदान रहा।

## राहुल गांधी के शहर आगमन का रुट आजादगर मानगो से करने की उठी मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गुरुवार को लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन झारखंड के प्रभारी हाजी फिरोज खान के कार्यालय मानगो में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के संबंध संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। बताया गया की राहुल गांधी का पारडीह चौक से लेकर आजादगर मानगो होते हुए शहर में आगमन की मांग की गई है। इसका एक रूट मैप बनाकर पार्टी के वरिष्ठ नेता को भेजा गया है। उन्होंने कहा कि आगामी 10 से 20 फरवरी के



बीच में उनका जमशेदपुर आगमन की संभावना है। जिसमें शहर के कांग्रेसियों के साथ-साथ शहर की जनता उनका स्वागत करेंगे। उन्होंने आम लोगों से बढ़-चढ़कर इस यात्रा में शामिल होने की अपील की है। संवाददाता सम्मेलन में मुख्य रूप से प्रोफेशनल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अफसर इमाम (चिंटू), अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश सचिव मौलाना अंसार खान, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महासचिव साकिर खान, केसीसी के जिला अध्यक्ष फिरोज आलम आदि उपस्थित थें।

## सरायकेला में प्रमण्डल स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी 2024 आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** काशी साहू महाविद्यालय सरायकेला में गुरुवार को कोल्हान प्रमण्डल स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी 2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्य सरकार के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख एवं विशिष्ट अतिथि आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री चंपई सोरेन, सिंहभूम सांसद गीता कोड़ा, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा एवं अन्य स्थानीय



जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ सामूहिक रुप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि मंत्री बादल पत्रलेख ने अपने संबोधन में कहा आज विपरीत मौसम के बावजूद किसान मित्रो की यहां उपस्थित यह दर्शाता है कि आप कितने जागरूक और उत्सुक हैं। आज के युग में किसान नई तकनीको का उपयोग कर रहे हैं। मंत्री चंपाई सोरेन ने अपने संबोधन में कहा राज्य के युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रयास से किसानो के आय में वृद्धि एवं महिलाओ को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर बेहतर कार्यक्रम किया जा रहा है। मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत लगभग 3 करोड़ 84 लाख 97 हजार की परिसंपतियों का वितरण किया गया। मौके पर उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार, परियोजना निदेशक आई टी डीए संदीप कुमार दुराइबुरू सहित सभी विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 6 शातिर साइबर ठग को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर साइबर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को प्रतिम्बिम एप्प और एनसीसीआरपी पोर्टल के जरिए ठगी करने वाले गिरोह के छः सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है. गिरफ्त में आए सभी शातिर साइबर ठग हैं और इनका कार्य क्षेत्र पूर्वी सिंहभूम का चाकुलिया थाना क्षेत्र है. पुलिस की गिरफ्त में आए साइबर ठगों का नाम नवीन चंद्र महतो, रामचंद्र



महतो, राहुल महतो, अजय दलाई, सुजय दलाई, जय सेनगुप्ता बताया जा रहा है. पुलिस ने उनके पास से छः मोबाइल फोन बरामद किए हैं. इसकी जानकारी देते हुए जमशेदपुर ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि इनके द्वारा प्रतिबिंब एप और एनसीसीआरपी पोर्टल के जरिए आवेदन भरवाने के एवज में पैसों की उगाही की जाती थी. छोटा ट्रांजेक्शन होने के कारण ये पुलिस की पकड़ में नहीं आ पाते थे. इनका ऑपरेशनल इलाका ग्रामीण क्षेत्र होता है. इनका नेटवर्क राज्य के अन्य जिलों में भी फैला है. उन्होंने बताया कि जमशेदपुर साइबर पुलिस के सहयोग से इस गिरोह का सुराग लगाया गया और इन युवकों की गिरफ्तारी की गई है.

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## एयरस्ट्राइक पर पाकिस्तान व ईरान आमने-सामने

ईरान की पाकिस्तान पर एयरस्ट्राइक को लेकर एक नया विवाद खड़ा हो गया है. वैश्विक स्तर पर लगातार बदल रहे घटनाक्रमों के बीच एक और मामले ने तूल पकड़ लिया है. ईरान के इस हमले को लेकर पाकिस्तान भड़का हुआ है. इस पूरे मामले पर ईरान ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है. ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियन ने कहा कि हमने पाकिस्तान के भीतर आतंकी संगठन पर हमला किया. इसका गाजा से कोई लेना-देना नहीं है. हम हमास को आतंकी संगठन नहीं मानते. हमास फिलिस्तीन की आजादी के लिए एक प्रतिरोधी समूह है.दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमि फोरस से इतर इस मामले पर सवाल किया गया था. उन्होंने कहा कि ईरान ने किसी पाकिस्तानी नागरिक को निशाना नहीं बनाया. हमने सिर्फ जैश अल-अदल के ठिकानों पर ही हमला किया था.ईरान के विदेश मंत्री का कहना है कि हमारे मिसाइल और ड्रोन हमले से पाकिस्तान में किसी भी नागरिक को निशाना नहीं बनाया गया. पाकिस्तान में जैश अल-अद्ल नाम का एक ईरानी आतंकी संगठन है. इन आतंकियों ने पाकिस्तान के सिस्तान-बलूचिस्तान के कुछ हिस्सों में पनाह ली है. उन्होंने कहा कि हमने पाकिस्तान में कई अधिकारियों से बात की है. इन आतंकियों ने ईरान में हमारे खिलाफ कुछ ऑपरेशन किए. हमारे सुरक्षाकर्मियों को मार गिराया. हमने उसी के अनुरूप इन पर कार्रवाई की है. हमने पाकिस्तान की जमीं पर सिर्फ ईरान के आतंकियों पर हमला किया है. उन्होंने कहा कि मैंने पाकिस्तान के हमारे विदेश मंत्री से बात की और उन्हें आश्वासन दिया कि हम पाकिस्तान का सम्मान करते हैं, उनकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करते हैं. लेकिन हम हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता नहीं कर सकते. हमारी कुछ आपत्तियां थीं. हमने जो भी किया, वह पाकिस्तान और इराक की सुरक्षा के मद्देनजर ही किया.ईरान एक तरह से इराक और पाकिस्तान की सुरक्षा को अपनी सुरक्षा के तौर पर देखता है. अमेरिका ने गाजा में यहूदियों के नरसंहार का समर्थन कर भारी गलती की है. गाजा में एक तरह से नस्लीय नरसंहार हो रहा है. ईरान दुनिया में कहीं भी महिलाओं और बच्चों के कत्लेआम पर चुप्पी नहीं साध सकता.बलूचिस्तान में जैश अल-अद्ल के ठिकानों पर ईरान के हमलों से पाकिस्तान खफा है. यही वजह है कि पाकिस्तान ने ईरान में अपने राजनयिक को वापस बुला लिया है. साथ ही पाकिस्तान में ईरान के राजनयिक पर भी गाज गिराई है. साथ ही कई हाईप्रोफाइल दौरों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है. पाकिस्तान ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए ईरान के सिएस्तान-ओ-बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया.ईरान ने पाकिस्तान की ओर से किए गए हमले की कड़ी निंदा की है. साथ ही पाकिस्तान से तत्काल स्पष्टीकरण देने के लिए कहा है. इधर ईरान और पाकिस्तान के इस मौजूदा घटनाक्रमों पर अब चीन की एंट्री भी हो गई है. चीन ने दोनों देशों से संयम बरतने को कहा है. चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि हम दोनों पक्षों से संयम बरतने, तनाव और उकसावे वाली किसी भी कार्रवाई से बचने और शांति एवं स्थिरता बनाए रखने के लिए काम करने को कहा.उन्होंने कहा कि हम ईरान और पाकिस्तान दोनों को करीबी पड़ोसी समझते हैं और दोनों ही बड़े इस्लामिक देश हैं, ऐसे में उकसावे वाली कार्रवाई से दोनों देश दूर रहें. निंग ने कहा कि ईरान और पाकिस्तान दोनों ही चीन के करीबी हैं और शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य हैं. बता दें कि ईरान का ये हमला ऐसे समय पर हुआ है, जब मिडिल ईस्ट में संकट गहराया हुआ है. इजरायल और हमास के बीच संघर्ष जारी है. ईरान ने जिस आतंकी संगठन को निशाना बनाया है उसके दहशतगर्द आए दिन ईरान-पाकिस्तान बॉर्डर पर पाकिस्तानी सैनिकों को निशाना बनाते आए हैं. ईरान की समाचार एजेंसी ने इस हमले की जानकारी देते हुए कहा कि इस हमले में आतंकी ग्रुप जैश-अल-अद्ल को बिशेष रूप से टारगेट किया गया. ईरान का दावा है कि उसने आतंकियों को दो गढ़ को सफलतापूर्वक तबाह कर दिया.जैश-अल-अद्ल यानी न्याय की सेना. 2012 में स्थापित एक सुन्नी आतंकवादी समूह है जो बड़े पैमाने पर पाकिस्तान में ऑपरेट होता है. पाकिस्तान के सिस्तान-बलूचिस्तान से ऑपरेट करना वाला ये आतंकी संगठन ईरान और पाकिस्तान की सीमा पर काफी एक्टिव है. यही वजह है कि ये संगठन दोनों ही सरकारों के लिए सिरदर्द बना हुआ है.अमेरिका और ईरान दोनों ही इस संगठन को आतंकी घोषित किया हुआ है. इस सुन्नी संगठन में 500 से 600 आतंकी हैं. ईरान के मंत्री अहमद वाहिदी के अनुसार, पिछले महीने, दक्षिणपूर्वी प्रांत सिस्तान-बलूचिस्तान के एक पुलिस स्टेशन पर रात को हुए हमले में कम से कम 11 ईरानी पुलिस अधिकारी मारे गए थे. ईरान ने इस घटना के लिए जैश-अल-अद्ल को दोषी ठहराया था. अमेरिका के डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस के मुताबिक, जैश अल अद्ल ने 2013 से ईरान की सीमावर्ती पुलिस और सेना पर लगातार कई हमले किए हैं. ये संगठन सरकारी अधिकारियों और नागरिकों की हत्या, अपहरण, हिट एंड रन और रेड जैसी गतिविधियों में शामिल रहा है. इस संगठन ने 2013 में पहली बार तब सुर्खियां बटोरी थीं, जब उसने ईरान के 14 सुरक्षाकर्मियों की हत्या कर दी थी. इसके बाद ईरान सरकार ने कुछ बलोच कैदियों के लिए फांसी की सजा का ऐलान किया था. इस हमले के अगले ही दिन ईरान ने कई कैदियों को फांसी की सजा दे भी दी थी।

देश वर्ष 2030 तक विदेशी पर्यटकों से 56 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा अर्जित करने के लक्ष्य को मुट्ठियों में करने के लिए आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगा

## पर्यटकों को लुभाने की नई रणनीति जरूरी

डा. जयंतीलाल भंडारी

> प्रधानमंत्री मोदी का अप्रत्यक्ष रूप से यह संदेश माना गया कि लक्षद्वीप के शानदार समुद्र तट प्राकृतिक सौंदर्य के साथ शांति के मामले में भी मालदीव को टक्कर देते हैं। ऐसे में कम समय व कम खर्च में मालदीव जैसा आनंद लक्षद्वीप में क्यों नहीं? गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी ने लक्षद्वीप का दौरा करके भारत से बेरुखी और चीन के प्रति बार-बार प्यार दिखा रहे मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को नई पर्यटन चुनौती का झटका देने का संदेश दिया।

यकीनन 8 जनवरी को गूगल सर्च पर भारत के लक्षद्वीप की खोज 20 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचते हुए लक्षद्वीप विश्व पर्यटन मानचित्र पर छाते हुए दिखाई दिया है। इसके पीछे घटनाक्रम यह है कि चार जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समुद्र से घिरे और खूबसूरत लक्षद्वीप पर पहुंचे थे। यहां से उन्होंने अपनी तस्वीरें शेयर की और भारतीयों से लक्षद्वीप घूमने की अपील करते हुए कहा कि जो लोग रोमांच को पसंद करते हैं उनके लिए लक्षद्वीप टॉप लिस्ट में होना चाहिए। वस्तुतः प्रधानमंत्री मोदी का अप्रत्यक्ष रूप से यह संदेश माना गया कि लक्षद्वीप के शानदार समुद्र तट प्राकृतिक सौंदर्य के साथ शांति के मामले में भी मालदीव को टक्कर देते हैं। ऐसे में कम समय व कम खर्च में मालदीव जैसा आनंद लक्षद्वीप में क्यों नहीं? गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी ने लक्षद्वीप का दौरा करके भारत से बेरुखी और चीन के प्रति बार-बार प्यार दिखा रहे मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को नई पर्यटन चुनौती का झटका देने का संदेश दिया। ऐसे में मालदीव सरकार के तीन मंत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां कर दी। इस पर भारत की नामी हस्तियों ने तीखी आलोचना की। साथ ही देखते ही देखते करीब 4000 भारतीय पर्यटकों ने मालदीव की होटल बुकिंग रद्द कर दी और 3000 भारतीयों ने मालदीव के लिए हवाई टिकटों की बुकिंग रद्द कर दी। साथ ही लक्षद्वीप के लिए होटलों और हवाई टिकटों की बुकिंग बढ़ती दिखाई दी। भारत के ऐसे सख्त रुख के बाद मालदीव सरकार सकते में आ गई और अपने तीनों मंत्रियों को निलंबित कर दिया। दुनिया का यह पहला ऐसा मामला रहा, जब किसी अन्य देश के नेता पर टिप्पणी पर मंत्री निलंबित हुए हों। इस पूरे घटनाक्रम से पूरे देश और दुनिया में भी यह संदेश गया कि भारत के पास ऐसे पर्यटन स्थलों का बेजोड़ खजाना है जहां कम समय और कम खर्च में विदेशी पर्यटन की चाह रखने वाले जा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि एक ऐसे समय में जब इस समय दुनिया में पर्यटन स्थलों के लिए प्रसिद्ध देशों में भारतीय पर्यटकों को लुभाने की होड़ लगी हुई है, तब लक्षद्वीप का यह हालिया पर्यटन घटनाक्रम और ऐसे ही घरेलू पर्यटन स्थलों को रेखांकित करते हुए नए रणनीतिक प्रयास न केवल भारतीय पर्यटकों के विदेशी पर्यटन स्थलों की ओर बढ़ते प्रवाह को कम



करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं, वरन दुनिया के कोने-कोने के देशों के पर्यटकों के कदमों को भारत की ओर मोडने में भी प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। पिछले दिनों श्रीलंका, थाईलैंड और मलेशिया ने भारतीय पर्यटकों को तेजी से आकर्षित करने तथा पर्यटन से विदेशी मुद्रा की कमाई बढ़ाने के मद्देनजर वीजा मुक्त प्रवेश की पहल की है। ऑस्ट्रेलिया, वियतनाम और रूस सहित कुछ अन्य दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में भी अधिक से अधिक भारतीय पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए वीजा की प्रक्रिया आसान बनाई गई है। वस्तुतः अमरीका और यूरोपीय यूनियन के कई देशों के वीजा के लिए प्रतीक्षा अवधि लंबी और चीन से आने वाले पर्यटकों की संख्या कम होने के कारण भी ये देश विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने की नई रणनीतियां प्रस्तुत कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि भारतीय पर्यटकों की विदेश यात्राओं के दौरान किए जाने वाले खर्च का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है, दूसरी ओर विदेशी पर्यटकों के द्वारा भारत में किए जाने वाले खर्च के ग्राफ की वैसी ऊंचाई नहीं है। विदेशी पर्यटकों के द्वारा भारत में खर्च 2019 से 76 फीसदी की वृद्धि के साथ 2027 तक करीब 60 अरब डॉलर पर पहुंचते हुए दिखाई देगा और परिणामस्वरूप भारत विदेशी पर्यटकों से कमाई के मामले में दुनिया के प्रमुख 10 बाजारों में शामिल नहीं हो पाएगा। यदि हम बर्नस्टीन की इस रिपोर्ट का विश्लेषण करें तो पाते हैं कि यद्यपि भारत में भी कोविड-19 के बाद विदेशी पर्यटक बढ़ रहे हैं और विदेशी पर्यटकों से आमदनी बढ़ रही है, लेकिन विदेश जाने वाले भारतीयों के द्वारा विदेश भ्रमण में किए जा रहे भारी-भरकम व्यय की तुलना में भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों से भारत की आमदनी बहुत कम है। अभी भी दुनिया के कुल विदेशी पर्यटकों का दो फीसदी से भी कम हिस्सा ही भारत के खाते में आ रहा है। निःसंदेह जहां एक ओर भारतीयों का विदेशी पर्यटन की तरफ तेजी से बढ़ता रुझान घरेलू पर्यटन के मद्देनजर नुकसान की तरह है, वहीं देश के विदेशी मुद्रा कोष को घटाने वाला भी है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप देश में विदेशी पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए पर्यटन के व्यापक बुनियादी ढांचे और अन्य पर्यटन सुविधाओं को नई वैश्विक पर्यटन सोच के साथ आकार दिया गया है। बेहतर सडक, रेल और हवाई संपर्क से भी विदेशी पर्यटन को बढ़ाने के प्रयास किए गए हैं। कश्मीर सहित देश के कोने-कोने के पर्यटन केंद्र अब पहले से अधिक सुरक्षित हैं। पर्यटन बजट में लगातार वृद्धि की गई है। खास बात यह भी है कि सरकार ने इस वर्ष 2023 में जी-20 की अध्यक्षता के दौरान जी-20 के कार्यसमूह की रणनीतिक रूप से देश के कोने-कोने में 80 से अधिक शहरों में आयोजित 200 से अधिक विभिन्न बैठकों में हिस्सा लेने भारत आए विदेशी प्रतिनिधियों और विदेशी मेहमानों को भारत के पर्यटक स्थलों का भ्रमण करवाकर भारत के बेजोड़ पर्यटन केंद्रों के वैश्विक प्रचार-प्रसार का अभूतपूर्व मौका भी मुट्ठियों में लिया है। ऐसे विभिन्न प्रयासों के बाद भी भारत में विदेशी पर्यटकों की संख्या अपेक्षित रूप से नहीं बढ़ी है। पिछले वर्ष 2023 में भारत में जनवरी से जून तक आए विदेशी पर्यटकों की संख्या 43.80 लाख रही है और यह 2023 में करीब एक करोड़ के स्तर पर पहुंचने का अनुमान है। लेकिन विदेशी पर्यटकों की यह संख्या कोविड-19 महामारी से पहले वर्ष 2018 में भारत आए 2.88 करोड़ विदेशी पर्यटकों की तुलना में अभी बहुत पीछे है। इतना ही नहीं, भारत में विदेशी पर्यटकों की संख्या वृद्धि दुनिया के कई देशों की तुलना में कितनी कम है, इसका अनुमान हम इस तथ्य से लगा सकते हैं कि स्पेन में पिछले वर्ष 2023 की पहली छमाही में ही 37.50 करोड़ विदेशी पर्यटक गए थे। निश्चित रूप से लक्षद्वीप के जनवरी 2024 के शुरुआती पर्यटन घटनाक्रम से यह संदेश निकला है कि घरेलू पर्यटकों के तेजी से बढ़ते विदेश पर्यटन के कदमों को नियंत्रित करके उन्हें देश के पर्यटन स्थलों की ओर मोड़ा जा सकता है।

दृष्टि कोण

## पेट्रोल पर निर्भरता कम करने के उपाय

भारतीय न्याय संहिता में हिट एंड रन से संबंधित कानून में बदलाव से नाराज ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल से पेट्रोल के लिए विशेषकर निजी वाहन मालिकों में मची हाहाकार ने सभी को सोचने के लिए मजबूर कर दिया है। पेट्रोल पंपों से जैसे ही पेट्रोल के खत्म होने की जानकारी आम जनता में फैली तो सभी ने अपनी गाडियों का स्टीयरिंग भी पेट्रोल पंपों की तरफ घुमा लिया जिससे पेट्रोल की कमी का संकट कम होने की बजाय और गहरा गया। बेशक यह दौर लंबा नहीं चला, लेकिन फिर भी इस बात का एहसास सभी को हो गया कि पेट्रोल-डीजल अब हमारी जरूरत से ज्यादा हमारी एक कमजोरी बन चुका है। पेट्रोल-डीजल की इस कमी से हमारे रोजमर्रा के कार्यों पर भले ही कोई बड़ा नकारात्मक प्रभाव न पड़ा हो, लेकिन पेट्रोल की पूर्ति में आई इस कुछ ही घंटे की कमी ने हमारी मानसिक स्थिति पर भी गहरा प्रभाव डाला है। पेट्रोल के बिना वाहन मालिकों को अपना भविष्य अंधकारमय दिखने लग पड़ा था और हर ओर यह चिंता फैल गई कि पेट्रोल की पूर्ति अगर बहाल न हुई तो हमारी जीवन की गाड़ी पर भी ब्रेक लग जाएगा। यही कारण था कि पेट्रोल की कमी से चिंतित कुछ वाहन मालिकों ने न केवल अपनी गाडियों की टंकियों को भरवाने का जुगाड़ किया, बल्कि घरों में भी पेट्रोल का स्टॉक इक_ा करने की कोशिश की ताकि कुछ



दिनों तक अपनी जरूरत को पूरा किया जा सके। वैसे यह चिंता काफी हद तक स्वाभाविक भी है, क्योंकि पेट्रोल-डीजल की निर्बाध आपूर्ति के ऊपर ही हमारी बहुत सी दैनिक क्रियाएं प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से निर्भर करती हैं। पेट्रोल की पूर्ति में आई कमी से सडकों पर कम वाहन नजर आए, क्योंकि कोई भी वाहन मालिक अपनी गाड़ी को व्यर्थ घुमाकर अपने पेट्रोल के स्टॉक से छेड़छाड़ करने का जोखिम उठाने को तैयार नहीं था। बसों के पहिए थमने से कुछ लोग पैदल चलते भी दिखाई दिए, जोकि अमूमन देखने को नहीं मिलता है। यहां पर इस बात पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है कि पेट्रोल की यह कमी हड़ताल की वजह से मानव निर्मित थी, लेकिन जरा सोचिए अगर कभी धरती ने अचानक प्राकृतिक ईंधन को उगलना बंद कर दिया तो हालात कैसे बन जाएंगे। जिंदगी की रफ्तार एकदम शून्य हो जाएगी। उस समय जो हालात पैदा होंगे, उनकी कल्पना मात्र से भी एक सिहरन पैदा हो जाती है। हालांकि यह भविष्य के गर्भ में छिपा हुआ है कि प्राकृतिक ईंधन कब तक इनसानी उपभोग के लिए उपलब्ध होता रहेगा, लेकिन इसमें कोई शक नहीं है कि प्राकृतिक ईंधन के भंडारों का दोहन जिस गति से इनसानी सहूलियत के लिए हो रहा है, उससे लगता है कि आने वाले वर्षों में हमें इसकी भारी किल्लत से जूझना पड़ सकता है, क्योंकि प्राकृतिक संसाधनों का यह भंडार कदापि असीमित नहीं है। यह बात विभिन्न सरकारों के संज्ञान में भी रही है। इसीलिए ऊर्जा के अलग-अलग स्त्रोतों को विकसित करने की कई योजनाओं पर कई वर्ष पहले ही कार्य शुरू किया जा चुका है। हम अपने जीवन में बहुत सी वस्तुओं के उपभोग के आदी हो चुके हैं जिसमें से पेट्रोल भी एक अहम वस्तु है। पेट्रोल के ऊपर हमारी निर्भरता बहुत अधिक है। इसका एक कारण यह भी है कि पेट्रोल के मुकाबले ऊर्जा के अन्य स्रोतों के विकास में आशानुरूप प्रगति नहीं हुई है। पेट्रोल के सीमित भंडार को ध्यान में रखते हुए हमारी जीवन शैली में कुछ बदलाव किए जाने आवश्यक हैं। इनमें से सबसे बड़ा जो बदलाव अत्यंत आवश्यक है, वो है पेट्रोल की खपत को नियंत्रित करने के लिए कोई पहल करना। यह पहल यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने स्तर पर करे तो अच्छा है, लेकिन यह संभव नहीं लगता क्योंकि हमारी मानसिकता कानून के खूंटे से बंध कर कार्य करने की हो चुकी है। इसलिए इसमें सरकार को प्रयास करके इससे संबंधित नियम बनाने की जरूरत है। इसके लिए आवश्यक है कि प्रत्येक गाड़ी के लिए प्रति माह पेट्रोल के प्रयोग की एक सीमा निर्धारित कर दी जाए। इस सीमा से अधिक पेट्रोल किसी भी सूरत में गाड़ी में न डाला जाए। इस केवल एक निर्णय से समाज के विभिन्न वर्गों को अनेक लाभ होने निश्चित हैं। इसमें से सबसे पहला लाभ यह होगा कि तेजी से समाप्त हो रहे हमारे प्राकृतिक ईंधन से संसाधनों पर कुछ रोक अवश्य लगेगी। अगर प्राकृतिक ईंधन समाप्त हो जाता है तो हमारी आने वाली पीढियां प्राकृतिक संसाधनों का केवल इतिहास पढने को मजबूर होंगी और यदि आज हम कुदरत के इस अनमोल तोहफे का प्रयोग संभल कर करते हैं, तो आने वाली पीढियां भी इसका लाभ ले पाएंगी। इसके अलावा पेट्रोल की खपत की सीमा निर्धारित करने से देश के नागरिक अपने कुछ काम, जिनके लिए आज गाड़ी का प्रयोग करते हैं, उनको पैदल चलकर करना चाहेंगे, क्योंकि ईंधन खपत की सीमा के निर्धारित हो जाने से वे ईंधन के बेहतरीन उपयोग के प्रति संवेदनशील रहेंगे, जिससे उनकी शारीरिक क्रिया होगी और शारीरिक क्रियाएं स्वास्थ्य लाभ के लिए सबसे उपयोगी साधन हैं।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## टुसू पर्व धान की फसल खेत से घर आने की खुशी में मनाया जाता है ममता देवी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड के सिरु बुधबाजार मे टुसू परब मेला के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि पुर्व विधायक ममता देवी उद्घाटन कर्ता तिलेश्वर साहू सेना के केन्द्रीय अध्यक्ष अरुण साहुव विशिष्ट अतिथि पुर्व प्रत्याशी बजरंग महतो मुख्य संयोजक सुधीर मंगलेश सांस्कृतिक कार्यक्रम का अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। अतिथियों का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया।पुर्व विधायक ममता देवी ने कहा कि टुसु परब धान की फसल खेत से घर आने की खुशी में मनाया जाता है टुसू परब एक माह तक काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। कृषि वर्ष के अंतिम दिन यानी मकर संक्रांति के दिन टुसू बिदाई कहा जाता है, जो टुसू



को नदी में बहाया जाता है। टुसू परब में इस वर्ष की फसल के बाद अगले फसल के लिए संयोजित किए गए धान के बीज को सुरक्षित रखने एवं अच्छी फसल की उपज के लिए पूजा की जाती है अघन संक्रांति से मकर संक्रांति तक पूरे 1 महीने का यह परब होता है इस दौरान टुसू के गीत संगीत होते हैं मकर संक्रांति के दिन टुसू का विसर्जन हो जाता है टुसू नारी शक्ति के समान एवं स्वाभिमान का प्रतीक है। अरुण साहु ने कहा कि टुसू परब झारखंड के सबसे महत्वपूर्ण परब है यह जाड़ों में फसल कटने के बाद मकर संक्रांति को मनाया जाता है टुसू परब अन्न फसल के महत्व का परब है झारखंडी सभ्यता संस्कृति के अनेक अमूल्य धरोहर है हमारे झारखंड वासियों की सांस्कृतिक विरासत है तो टुसु परब प्राकृतिक की उपासना है टुसू परब किसान बड़ी धुम धाम से मनाते हैं।मौके पर पंकज साहू प्रदीप साहु सतिश साहु लिलेश्वर महतो महेंद्र ओहदार राजकुमार छोटन कुमार युगल किशोर महतो उतम महतो बबलू कुमार सिकंदर कुमार रामप्रसाद महतो दुधेशवर महतो करमू कुमार दशरथ साव विनोद कुमार जतन कुमार इकबाल रितेश कुमार रामघृत महतो प्रदीप पवन भरत हीरालाल मुखलाल महतो सपुत कुमार सिकेन्द्र विनोद कुमार सुमित कुमार शुभम प्रमोद आर्या व हजारों लोग मौजूद थे।

## जनकल्याण के कार्यों के लिए मारवाड़ी महिला समिति पुरस्कृत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा को समाज कल्याण तथा नेत्रदान के कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने के कारण सम्मेलन के प्रांतीय अधिवेशन में पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जमशेदपुर शाखा द्वारा किया गया । कार्यक्रम में मारवाड़ी महिला समिति की 42 शाखाओं की प्रतिनिधि शामिल हुई, रामगढ़ शाखा की तरफ से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षा अरुणा जैन, कोषाध्यक्ष नम्रता जैन तथा विनीता गोयनका ने अपनी भागीदारी प्रदान की।कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए शाखा की अध्यक्षा निशा जैन ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य विभिन्न शाखाओं के बीच आपसी सामंजस्य एवं सौहार्द को बढ़ावा देना है। साथ ही, श्रीमती जैन ने बताया रामगढ़ शाखा जनकल्याण कार्यों के लिए सदैव तत्पर रहती हैं। साथ ही, सम्मेलन के आगामी सत्र के लिए पदाधिकारी का चुनाव भी संपन्न हुआ। सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्षा नीरा बथवाल द्वारा सम्मेलन की पत्रिका विविधा का विमोचन भी किया गया।

## हजारीबाग जिला के नए पुलिस अधीक्षक से मिले राजू यादव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** हजारीबाग जिला के पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित गुरूवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव सह विस्थापित संघर्ष मोर्चा के संरक्षक राजू यादव जिले के नये पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह से शिष्टाचार मुलाकात किये। वहीं राकोमयू के राजू यादव व विसमो के पदाधिकारियों ने नये पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह को पुष्पगुच्छ देकर कर उन्हें सम्मानित किया। इसदौरान राजू यादव ने नये पुलिस अधीक्षक को क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओ से अवगत कराया एवं उरीमारी क्षेत्र में फैले नशा खोरी एवं अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने व ड्रग्स एडिक्टरो पर कार्रवाई करने की मांग किये। जिसपर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने राजू यादव के समस्या पर सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिलाया। पुलिस अधीक्षक से मिलने वालों में विसमो सचिव महादेव बेसरा, सीताराम किस्कू, डा जीआर भगत, दीपक कुमार यादव, चरका आदि लोग मौजूद थे।

## गायों की सेवा के साथ रक्षा करना हमारा धर्म और कर्म : सुनिता चौधरी

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर गुरुवार को विधायक सुनिता चौधरी रामगढ़ गौशाला पहुंचकर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गायों को पुजा अर्चना कर चारा खिलाया द्य मौके पर बच्चों के द्वारा विधायक सुनिता चौधरी का स्वागत पुष्प की वर्षा कर किया गया और साथ ही विधायक सुनिता चौधरी के द्वारा नन्हें मुन्ने बच्चों के साथ मिलकर केक काट कर मनाया और बच्चों के बिच खिलौना, चॉकलेट, मिठाई बांटकर खुशियां मनाई । मौके पर सुनिता चौधरी ने कहा कि मुझे गर्व महसूस होती है कि मैं हर वर्ष सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के जन्मदिन के अवसर पर विशेष कर गायों की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त होता है ऐसे तो कई बार बीच



बीच में गौशाला आती हूं और गायों की सेवा करती हूं और हम सभी का कर्तव्य बनता है कि गायों की सेवा के साथ उनकी रक्षा भी करें। इस मौके पर विधायक सुनिता चौधरी के साथ केंद्रीय कोषाध्यक्ष बिमल बुधिया, केंद्रीय सदस्य रीना साह, महावीर बोंदिया, बिमल जाजू , महेंद्र अग्रवाल, प्रिंसिपल एस पी सिंह, रामगढ़ नगर सचिव नीरज मंडल, दीपू गुप्ता, नंदू महतो सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे ।

## बेटर लाईफ फार्मिंग सेन्टर का गरसुल्ला में हुआ उद्घाटन

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव प्रखंड के गरसुल्ला बीज भंडार में गुरुवार को बेटर लाईफ फार्मिंग सेन्टर का उद्घाटन गरसुल्ला पैक्स की पूर्व अध्यक्ष जीतनी देवी और बड़कागांव पूर्व उप प्रमुख कार्तिक उरांव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित एवं फीता काट कर किया। इसदौरान बायर कंपनी के टेरिटरी बिजनेस मैनेजर सौरभ मनी मौर्य ने किसानों के बीच बायर कंपनी के द्वारा पौध संरक्षण हेतु विभिन्न प्रोडक्टों के बारे में विस्तार पूर्वक उसका उपयोग एवं लाभ के बारे में जानकारी दी। सेल्स मैनेजर यमुना कुमार ने बताया कि बायर कंपनी के प्रोडक्ट अन्य कंपनियों के अपेक्षा बेहतर होते हैं। इनके प्रोडक्ट को लगाने से किसानों को फायदा पहुंचता है एवं किसी अन्य कंपनी से ठगी होने से बचते हैं। वहीं रोहित कुमार ने बताया कि पहले हम लोगों ने बाजार से अपने खेती किसानी में बिना मार्का के दवा एवं खाद का उपयोग करते थे। जिससे हमारी उपज को नुकसान होता ही था साथ ही हमारे खेतों को भी नुकसान पहुचता था। अब हम लोगों के बीच बेटर लाइफ सेंटर होने से बहुत आसानी एवं उत्तम क्वालिटी के खाद एवं दवा उपलब्ध हो जाएगी।वहीं इस मौके पर बायर कम्पनी के टेरिटरी बिजनेस मैनेजर सौरभ मनी मौर्य, सेल्स क्वार्डिनेटर यमुना कुमार, प्रोजेक्ट आफिसर शशि दांगी, रोहित कुमार, बिनोद कुमार, रतनी देवी, राजकुमार सिंह, रामनरेश सिंह, राजू उरांव, फूलचन्द बेदिया, मनोज उरांव, फिरंगी साव, प्रकाश कुमार, अखिलेश बेदिया, सुखदेव मांझी, जतरू मांझी, शांति देवी, दीपा मुंडा, स्वीटी देवी, मानसी देवी, संगीता कुमारी, रोमा देवी, अंजु देवी, सिकरा मांझी, टिकेश्वर बेदिया, बालेसर मुंडा, किनू बेदिया, राजकुमार बेदिया, धनेश्वर महतो, देवचरण गोप, आर्यन बेदिया, जगरनाथ बेदिया, रामेश्वर बेदिया, कलेश्वर करमाली सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## कोयलांचल क्षेत्र अरगड्डा- सिरका की सुबह कोहासे के साथ हुई, हवाओं के चलने से ठिठुरन बढ़ी

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयला क्षेत्र अरगड्डा- सिरका, जीएम ऑफिस, गिद्दी, रेलीगढ़ा में दूसरे दिन भी गुरुवार की सुबह कोहासे छाने और आसमान में बादल जमें होने के साथ हुई। मुख्य सड़कों पर कुहासा अंधकार के कारण दोपहिया, चार पहिया वाहनों को दिन में भी हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा।



लोगों का आम जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। गुरुवार बाजार में भी सब्जी वाले की संख्या कम देखी गई। हवाओं के चलने से क्षेत्र में ठिठुरन बढ़ गई। कई जगह चौक चौराहा पर लोगों को खुद की व्यवस्था से आग जलाकर तापते देखा गया। दिनोभर सूर्य का दर्शन नहीं हो पाया।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को डीसी अबू इमरान ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** डीसी अबू इमरान ने सड़क सुरक्षा माह जागरूकता रथ को समाहरणालय परिसर से रवाना किया।भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देश पर 15 फरवरी तक चतरा जिला में एक माह तक सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त अबु इमरान ने समाहरणालय परिसर से सड़क सुरक्षा माह जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।उपायुक्त ने कहा यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखण्डों में भ्रमण कर सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक करेगा। साथ ही पूरे माह भर संचालित जागरूकता अभियान के दौरान जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित कर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा सड़कों पर चलने वाले वाहन चालक व आम राहगीरों को भी सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देकर जागरूक करने पर विशेष फोकस किया जायेगा। परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ विभाग, विभिन सरकारी व गैर सरकारी संगठनों की भागीदारी से सड़क सुरक्षा एवं होने वाले सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करेंगे।मौके पर पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार सहित कई अन्य मौजूद थे।

# क्षेत्र में शीतलहरी और अंधाधुंध कोहरा से जन जीवन अस्त व्यस्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अनुमण्डल क्षेत्र में दो दिनों से शीतलहरी का प्रकोप जोरों पर है। जिसके कारण चौक चौराहों में सन्नाटा पसरा हुआ है। यह शीतलहरी अगले 21 जनवरी तक रहने की पूर्वानुमान है। बता दें कि शीतलहरी और कोहरे की अंधाधुंध छटा से लोगों को घरों से निकलना पड़ा मुश्किल हो गया है। आपको बता दें कि गुरुवार को लगने वाला साप्ताहिक हाट भी शीतलहरी का भेंट चढ़ गया है। चुकी कोहरा का जाल ऐसा बना हुआ था साथ हीं शीतलहरी का प्रकोप बढ़ा हुआ है जिसके कारण खरीदारी एवं बाजार पहुंचना बड़ा मुश्किल हो गया है। इधर इस तरह का कोहरे और शीतलहरी से जहां जानवरों को काफी परेशानी बढ़ी है वहीं वृद्ध एवं बच्चों के लिए दुखदायी है। लोग घरों में दुबक कर रहने को मजबूर हैं वहीं चौक चौराहे पर लहरी लगा लोग कोहरे और शीतलहरी से निजात पाने में लगे हैं।

# कस्तूरबा विद्यालय में अभिभावकों के साथ वार्डन ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में बृहस्पतिवार को अभिभावकों के साथ बैठक किया गया।जिसकी अध्यक्षता वार्डन बिंदू पोहकार ने किया।एवं संचालन अमरदीप सिन्हा ने किया। जहां नामांकन को लेकर विशेष चर्चा की गई। कस्तूरबा विद्यालय में 6 कलास में 30 जनवरी तक बच्चों का नामांकन किया जाएगा।जिस पर विशेष जोर देने की बात वार्डन में अभिभावकों को कहीं। एवं प्रचार प्रसार करने को भी कहा। और कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया। जहां बच्चियों को शतप्र विद्यालय में उपस्थित होने के लिए अभिभावक को सशक्त होने की बात कही गई।26 जनवरी को सभी अभिभावकों को आने को लेकर आमंत्रण भी किया।वहीं वार्डन ने बताई कि बच्चियों को विद्यालय से छुट्टी कराकर घर में ज्यादा दिन नहीं रखें। विद्यालय में बच्चियों को सभी व्यवस्था दी जा रही है और वेबसाइट शिक्षा के अंतर्गत संगीत की ज्ञान बच्चियों को दिया जा रहा है।इस पर भी चर्चा किया गया।आत्मरक्षा हेतु बच्चियों को काठमांडू का प्रशिक्षण करवाया जा रहा है। आईसीडी कंप्यूटर का भी शिक्षन बच्चियों को करवाया जा रहा है।वही पोक्सो एक्ट के तहत 2012 एवं बाल विवाह पर रोकथाम को लेकर भी चर्चा किया गया।और अभिभावकों को कहा गया की जल्दबाजी में बच्चियों की शादी ना करें। हर्ष जोहर कार्यक्रम की जानकारी बच्चियों को दिया जा रहा है।ताकि बच्चियां आत्म निर्भर व विश्वास जमा सके। सावित्रीबाई फूलों योजना के तहत बच्चियों का फॉर्म भी भरवारा जा रहा है।वह अन्य कई जानकारियां वार्डन ने अभिभावकों को बताई। मौके पर उपस्थित शिक्षिका मंजू कुमारी किरण कुमारी अभिभावक मुसाफिर डांगी सीता देवी मनीता देवी विजय यादव राहुल कुमार अनुपम कुमारी किरण कुमारी अनीता देवी सोनिया देवी मंदोदरी देवी फुलिया देवी मंजू देवी दशरथ प्रसाद राजदीप कुमार साहू अंजू देवी देवंती देवी व दर्जनों अभिभावक उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी ने आदिम जनजाति के बीच आयुष्मान कार्ड का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत जपुआ टोला में बस रहे आदिम जनजाति परिवारों के बीच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर के प्रभारी डॉक्टर सुमित जायसवाल के द्वारा 13 लोगों को आयुष्मान कार्ड बृहस्पतिवार को दिया गया। एवं प्रभारी के द्वारा आदिम जनजाति के लोगों को इसका लाभ बतलाया गया। किसी भी प्रकार की बीमारी होती है तो किसी भी अस्पताल में आयुष्मान कार्ड के तहत 500000 तक का निशुल्क इलाज किया जाएगा। मौके पर उपस्थित बिटीटी कामेश्वर साहू सहिया साथी सुचिता कुमारी एवं सहिया उर्मिला देवी के साथ बिरहोर परिवार के लोग उपस्थित थे।

# ओमे फहद फाऊंडेशन ऑफ इंडिया के सौजन्य से गरीबों के बीच कम्बल वितरण किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के सिमरिया, बन्हे, एवं सिमरिया कला में गरीब असहाय एवं वृद्ध महिला पुरुष के बीच ओमे फ़हद फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सौजन्य से करीब एक सौ कम्बल वितरण किया गया। यह कम्बल पूर्व माण्डू विधान सभा प्रत्याशी एवं मुस्लिम लीग के उपाध्यक्ष झारखण्ड के सिमरिया निवासी अब्दुल कयूम के अगुवाई में की गयी। अब्दुल कयूम ने बताया कि ओमे फ़हद फाउंडेशन के तहत मैं प्रत्येक वर्ष गरीब असहाय एवं जरूरत मंद लोगों के बीच कम्बल वितरण करते आ रहा हूँ। इसी निमित आज भी वैसे जरूरत लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया गया है। मौके पर पंचायत समिति मो उस्मान, मो आजो, मो नासिर, के अलावे दर्जनों लोग शामिल थे।

# बिएलओ एवं सुपरवाइजर के साथ बीडीओ ने की बैठक, दिए कई निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड कार्यालय परिसर सभागार में बिएलओ एवं बिएलओ सुपरवाइजर के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो एवं निर्वाचन आयोग ऑपरेटर तरुण कुमार ने बृहस्पतिवार को बैठक किया।जहां कई निर्देश दिए। जिसमें 22 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम पुनर्रक्षण कर लेना है।एवं 25 जनवरी को मतदाता दिवस मानना है।वह अन्य कई जानकारियां बताई गई। मौके पर दर्जनों लोग उपस्थित है।

# सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने भाजपा के नव नियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष कालीचरण से की शिष्टाचार मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने भाजपा के नव नियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष कालीचरण सिंह को बधाई दी है।गौरतलब है कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रदेश स्तरीय टीम की घोषणा की है।चतरा के निवासी भाजपा के वरिष्ठ नेता कालीचरण को प्रदेश नेतृत्व ने बड़ी जिम्मेवारी सौंपी है।भाजपा नेता कालीचरण सिंह कुशल सामाजिक व्यक्तित्व के साथ साथ सक्रिय राजनीतिक कार्यकर्ता हैं।उनका राजनीतिक जीवन काफी संघर्ष पूर्ण रहा है।काफी लंबे समय से क्षेत्र की जनता से उनका जुड़ाव रहा है और कहा जाता है कि काली बाबू के यहां से कोई खाली नहीं लौटता है।सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास से विशेष मुलाकात में वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर भी चर्चा हुई।

# लोक सभा स्तरीय दलित गौरव मिलन समारोह का आयोजन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के किसान भवन में लोक सभा स्तरीय दलित गौरव मिलन समारोह का आयोजन जिला स्तरीय काँग्रेस अनुसूचित जाति मोर्चा के सुबेश राम ने किया । आयोजित समारोह में लोक सभा स्तरीय दलित को काँग्रेस पार्टी में जोड़ने और कांग्रेस के नीति और कार्यो की जानकारी देने पर जोर दिया गया। वहीं मौजूद जिला स्तरीय एवं प्रखण्ड स्तरीय कार्यकर्ताओं को कांग्रेस पार्टी में जोड़ने तथा हक अधिकार दिलाने पर जोर दिया गया। मौके पर मो फारूक, रवि सिंह, के अलावे दर्जनों लोग शामिल थे।

# बीस सूत्री अध्यक्ष ने कड़ी नाराजगी जताते हुए मांगा स्पष्टीकरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** गुरुवार को प्रखंड सभागार में 20 सूत्री कार्यक्रम की बैठक से दूर रहने वाले पदाधिकारियों को लेकर बीस सूत्री अध्यक्ष श्री रामभरोस यादव ने कडी नाराजगी जताते हुए फटकार लगाने के साथ-साथ उक्त पदाधिकारियों से 20 सूत्री की बैठक में शामिल नहीं होने से संबंधित स्पष्टीकरण मांगा है।बैठक में हिस्सा नहीं लेने वाले पदाधिकारी से दो दिनों के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया है।दूरभाष पर बातचीत करते हुए रामभरोष यादव ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ प्रखंड के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यही हमारी मंशा है।आगे श्री यादव ने कहा कि प्रखंड में कुछ ऐसे विभागीयकर्मी है जो काफी लापरवाह हो चले हैं जिन्हें किसी तरह का भय नहीं है लेकिन अब उनके ऊपर बीस सूत्री कमेटी के सदस्यों के द्वारा कड़ी नजर रखी जाएगी और उन पर कार्रवाई के लिए सरकार को पत्र लिखा जाएगा।बीस सूत्री अध्यक्ष ने बताया कि अगले सप्ताह प्रखंड के जन वितरण प्रणाली की दुकानदारों के साथ बैठक किया जाएगा और राशन कार्डधारियों की समस्याओं से संबंधित विषय पर गहन चर्चा किया जाएगा ताकि किसी भी राशन कार्डधारी को अनाज कम ना मिले।प्रखंड में कितने अमृत सरोवर बनाए गए,वन विभाग के द्वारा कि कितने एकड़ जमीन पर पौधा रोपण का कार्य किया गया।प्रखंड प्रमुख के द्वारा किए गए कार्य,15 वें वित्त योजना के द्वारा किए गए कार्य इन सभी विषयों से जुड़े अगले सप्ताह समीक्षा की जाएगी।उक्त समीक्षा बैठक में संबंधित विभागीय कर्मियों को बीस सूत्री कमिटी के द्वारा लिखित प्रतिवेदन के साथ बैठक में हिस्सा लेने का आग्रह किया गया है।आगे बीस सूत्री अध्यक्ष ने बताया कि विद्युत विभाग के कनीय अभियंता तरुण कुमार अक्सर 20 सूत्री की बैठक से दूर रहते हैं। उनकी अनुपस्थिति इस बात की ओर इशारा करता है कि विद्युत विभाग को लेकर ये काफी लापरवाह हैं। उनकी लापरवाही को राज्य सरकार को पत्र के माध्यम से जानकारी दी जाएगी ताकि विधि सम्मत कारवाई की जा सके।बीस सूत्री कार्यक्रम के बैठक में मुख्यरुप से प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा बीस सूत्री उपाध्यक्ष छद्दू भुइयां,सदस्य जमील अख्तर,दिलीप ठाकुर,धीरेंद्र सिंह, बलदेव यादव, समेत कमेटी के अन्य सदस्य व मनरेगा जेई उमेश उरांव, प्रखंड शिक्षा विभाग की बीआरपी रेशमा कुमारी, समेत अन्य विभागीय कर्मी मुख्यरुप से उपस्थित हुए।



# गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर संपन्न हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को गणतंत्रता दिवस को लेकर बैठक किया गया।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अनिता यादव ने किया।संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो ने किया।जहां पंचायत जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रखंड अध्यक्ष, सांसद, विधायक प्रतिनिधि, 20 सुत्री अध्यक्ष, उपाध्यक्ष उपप्रमुख,जिप सदस्य प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में समय शारणी निर्धारित किया गया। प्रखंड कार्यालय में 9:15 बजे सिंगल विंडो में 9:20 पंचायत सचिवालय में 9:30 थाना परिसर में 9:40 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 9:50 गंगा स्मारक विद्यालय में 10:00 बजे कस्तूरबा विद्यालय में 10:15 बजे का समय निर्धारित किया गया है।

## लातेहार की खबरें

# उपायुक्त की अध्यक्षता में स्पर्श कुष्ट जागरूकता अभियान-2024 के सफल क्रियान्वयन हेतु बैठक हुई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में स्पर्श -कुष्ट जागरूकता अभियान - 2024 के सफल क्रियान्वयन हेतु बैठक हुई द्य बैठक में उपायुक्त लातेहार ने सिविल सर्जन से स्पर्श कुष्ट जागरूकता अभियान की रुपरेखा के बारे जानकारी लिया द्य सिविल सर्जन ने बताया कि महात्मा गाँधीजी की पुण्यतिथि 30 जनवरी से 13 फरवरी 2024 तक स्पर्श कुष्ट जागरूकता अभियान के तहत लोगों को कुष्ट के लक्षण एवं ईलाज के बारे में जानकारी दिया जाएगा द्य उन्होंने बताया इस वर्ष कुष्ट जागरूकता अभियान का थीम ÷गरिमा को गले लगाने वाले कलंक को समाप्त करना रखा गया हैद्य उन्होंने बताया कुष्ट रोग छूने से नहीं फैलता है द्य एमडीटी दवा के सेवन से कुष्ट रोग का ईलाज संभव है द्य उन्होंने बताया कुष्ट रोग के निम्नलिखित लक्षण हैं 1. त्वचा में बदरंग दाग जिसमें पूर्णतः सुन्नपन या हल्का सुन्नपन्न हो सकता है द्य 2. चेहरा चमकदार या तेलिया दिखाई दे द्य 3. त्वचा में गठान दिखाई दे 4. कान के किनारे मोटापन एवं गठान/ चेहरे में गठान 5. आँख का फलक बंद करने में कठिनाई हो या आँख से पानी आये 6. भौं का झड़ जाना 7. नाक का दब जाना 8. कोहनी या घुटना में दर्द या झुनझूनी 9. ठंडा या गर्म महसूस नहीं होना 10. हथेली में सून्नपन 11. किसी चीज को उठाने या पकड़ने में कठिनाई होना 12. कमीज का बटन लगाने में कठिनाई 13. हाथ की उंगलियों या पैर के अंगूठे में झुनझूनी 14. हाथ/पाँव में झुनझूनी 15. हाथ/पाँव में दर्दरहित घाव होना या जलने का एहसास होना 16. हाथ/पाँव की उँगलियों का मुड़ जान 17. चलते समय चप्पल का अपने आप निकल जाना 18. पंजा को ऊपर नहीं उठा पाना /कलाई का झूल जाना उन्होंने कहा इनमें से कोई एक या अधिक लक्षण हो तो उसे छुपाये नहीं अविलम्ब नजदीकी अस्पताल में जाँच के लिए जायें( स्पर्श कुष्ट जागरूकता अभियान के तहत पंचायत स्तर पर ग्राम सभा में मुखिया के द्वारा, आंगनबाड़ी में आंगनबाड़ी सेविका के द्वारा तथा विद्यालय स्तर पर शिक्षकों के द्वारा कुष्ट रोग से सम्बंधित सन्देश पढ़ कर कुष्ट रोग के प्रति जागरूक किया जाएगा तथा कुष्ट निवारण हेतु अपना योगदान देने की प्रतिज्ञा दिलायी जाएगी द्य इसके अलावा पोस्टर बैनर, समाचार पत्र, सोशल मीडिया इत्यादि के द्वारा भी लोगों को कुष्ट रोग के प्रति जागरूक किया जाएगा। बैठक में सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कंडुलना, जिला कुष्ट निवारण पदाधिकारी डॉ शोभना टोप्पो, लेप्रोसी कंसल्टेंट डॉ राजेश कुमार एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

# भूमि विवाद को लेकर मारपीट में चार घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित रहमत नगर में गुरुवार को भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में पति-पत्नी समेत दो बच्चे घायल हो गए ।घायलो में मो0गफार 60वर्ष पिता उदीन मियाँ ,गुलजारी खातून 50वर्ष,अंजुम प्रवीण,आसिया प्रवीण शामिल है । घटना के संबंध में जानकारी देते हुए गफ्फार मियां ने बताया की उनका भूमि विवाद उनके गोतिया सहबान मियां व रहमान मियां के साथ चल रहा है ।सहबान मियां उनके जमीन पर जबरन चारदीवारी निर्माण करना चाहता है ।जिसको लेकर उन्होंने बालूमाथ अंचल में आवेदन भी दिया है ।बालूमाथ अंचलाधिकारी द्वारा उक्त जमीन पर तनाव को देखते हुए निर्माण कर पर रोक लगाने का निर्देश बालूमाथ थाना को दिया गया है ।कई बार बालूमाथ थाना पहुंचकर सहबान मियां व रहमान मियां को काम करने से मना कर चुकी है ।उसके बावजूद उन लोगों द्वारा जबरन काम किया जा रहा था । मेरे द्वारा मना करने पर वे लोग मारपीट पर उतारू हो गए और हम लोगों पर लाठी डंडे से हमला कर दिया जिससे मेरी पत्नी एवं मेरे बच्चे घायल हो गए ।

# प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा के तहत परिजन को दी गई दो लाख की बीमा राशि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के बीमा धारक मृतक मोबिन अंसारी ग्राम बारा मारंगलोईया थाना बालूमाथ के परिजन को स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के शाखा प्रबंधक जयन्त कुमार के द्वारा गुरुवार को दो लाख रुपये का चेक दिया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए शाखा प्रबंधक जयंत कुमार ने बताया की प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत जिन लोगों के द्वारा बीमा करवाया जाता है अगर दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो जाती है तो मृतक के परिजनों को दो लाख बीमा की राशि दिया जाता है। यह सरकार की बहुत ही अच्छी योजना है । महज ?20 सालाना देकर लोग इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। योजना का लाभ उठाने के लिए लोग किसी भी बैंक में जाकर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं ।इस योजना में आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद आपके खाते से ऑटो डेबिट मोड के जरिए हर साल राशि खुद ब खुद कट जाएगी। मौके पर बैंक कर्मी सुजीत कुमार सोनी कुमारी लालू कुमार विवेक कुमार सुमित कई लोग उपस्थित थे।

# महुआडाड़ होटल संघ ने अनिश्चितकालीन होटल बंद रखने का लिया निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडाड़ :** प्रखण्ड के पार्वती होटल में होटल संघ कि बैठक उपेन्द्र प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें सर्व सहमति से होटल संघ के लोगों ने कहा कि प्रसाशन के द्वारा कभी भी हम होटल संचालकों को प्रसाशन के द्वारा गैस सिलेंडर के बारे में किसी तरह की जानकारी या किसी प्रकार का नोटिस भेजा गया है। और प्रशासन के लोगों ने चुपके से आकर बीडीओ ग्राफी व फोटो खींचा गया है। बाद में थाना के द्वारा बुलाने पर हम सभी थाना पंहुचे। जहाँ पर थाना के लोगों के द्वारा हम सभी होटल संचालक से नाम पता लिख कर कानुनी करवाई करने की बातें कही गयी। इस पर होटल संचालक के अध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि महुआडाड में ना तो कोयला, या लकड़ी की व्यवस्था है मजबुरी वश हम लोग घरेलू सिल्डेंर का उपयोग करने के लिए विवश लाचर हैं। प्रशासन के इस रवैया से हम सभी क्षुब्ध होकर गुरुवार से अनिश्चित कालीन तक अपने अपने होटल बन्द करने का निर्णय लिये है। जब तक हम सभी को उचित आश्वासन और केश से मुक्त नही किया जायेगा तब तक होटल संचालकों के द्वारा सभी होटल बन्द रखने का फैसला लिया गया व संघ के द्वारा आवेदन मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, जिला परिषद् सदस्य ऐस्तेला नगेसिया प्रमुख कंचन कुजुर, उप प्रमुख अभय मिंज, व सभी मीडिया कर्मी को देकर न्याय की गुहार लागया गया है बैठक में मुख्य रूप से कृष्णा प्रसाद, संजय गुप्ता, गुड्डु, प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद, राजु प्रसाद, बनारसी प्रसाद, राजु गुप्ता, क्षानी सोनी, रुपेश प्रसाद, बिजय गुप्ता, बिक्की गुप्ता, समेत दर्जनों होटल संचालक मौजूद थे।

# समाजसेवी असगर खान ने जरुरतमंद लोगों के बीच किया कंबल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा प्रखंड क्षेत्र में पड़ रही हाड़ कंपाने वाली ठंड से लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से गुरुवार को राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने अलौदिया पंचायत के असहाय व जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इसके लिए राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहु के द्वारा कंबल उपलब्ध कराया गया था, कंबल पाकर गरीब असहाय जरुरतमंद काफी खुश दिखे। सांसद धीरज प्रसाद साहू की उज्जवल भविष्य के लिए कंबल पाए गरीबों ने हांथ उठाकर ईश्वर से दुआएं दी। राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने कहा कि सांसद धीरज प्रसाद साहु हमेशा प्रयासरत रहते हैं कि गरीब असहाय जरुरतमंद लोगों की वे सेवा कर सके, वह बराबर कहते हैं कि गरीबों के बीच रहें और जितना बन पाए लोगों की सहायता करें, गरीबों की सेवा से बड़ा दुनियां में कुछ भी कार्य नहीं है। कंबल पाने वालों में भोला साव, सरधो देवी, मंजू देवी,लीला देवी, सकुंतला देवी, गंदौरी साव, सेवक साव, चरका बैठा, अनुराधा देवी, जुलेखा खातून, झालो देवी, सावीत्री देवी, हरि साव, संजू कुमारी, ईस्राईल टेलर, राखी देवी, मलीजान खान, रीता देवी, देवती देवी सहित बड़ी संख्या में गरीब असहाय शामिल हैं।

# लातेहार जिले में इन दिनों बढ़ती ठंड के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले में पिछले दो दिनों हाड़ कंपा देने वाली ठंड के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। आदमी तो आदमी जानवरों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बढ़ती ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन के द्वारा शहर और ग्रामीण क्षेत्र के चौक चौराहों में अलाव की व्यवस्था कराई गई है ।ताकि ठंड से किसी भी व्यक्ति को परेशानी का सामना करना ना पड़े।जहां सुबह से ही बोरसी एवं अलाव की व्यवस्था कर लोग तापते नजर आ रहे हैं।जबकी ठंड का ज्यादा प्रभाव बुजुर्गों को हो रहा है क्योंकि उन्हें समुचित सुविधा नहीं मिल पाने के कारण उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कुछ बुजुर्गों का कहना है कि जिला प्रशासन के द्वारा जो कंबल का वितरण किया गया था उसका लाभ जरूरत मंद व्यक्तियों को नहीं मिल पाया है जिस कारण हम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रभात मंत्र



## संक्षिप्त खबरें

### श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सलगावां में निकाली जाएगी शोभायात्रा

**कटकमदाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के ग्राम सलगावां दुर्गा मंडप प्रांगण में गुरुवार को श्रीराम भक्तों की बैठक हुई। बैठक में अगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सलगावां व लुटा में कई कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिसमें गांव के सभी मंदिरों में पूजा-अर्चना की जाएगी। दुर्गा मंडप में पूजन के बाद प्रसाद वितरण कर शोभायात्रा निकाली जाएगी। संध्या सभी मंदिरों को दीपों से जगमगाया जाएगा। साथ ही पुरे गांव में दीपोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए सभी घरों में दीप जलाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा। बैठक में भाजपा के इंद्रनारायण कुशवाहा, उप मुखिया अवधेश प्रसाद, गंगा साव, महेश प्रसाद, नरेश प्रसाद, इंद्रजीत मिश्र, विनय प्रसाद, बालेश्वर यादव, राहुल कुमार, बालगोविंद कुमार, सन्नी कुमार, मनोरंजन कुमार, राजा कुमार, यशवंत, पवन, राजदेव, विशाल सहित कई भक्त उपस्थित थे।

### कुहासा से घिरा रहा दारू क्षेत्र,16 डिग्री से भी गिरा तापमान

**दारू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दारू प्रखंड क्षेत्र में पूरे दिन ठंड का कहर रहा जारी। पूरे क्षेत्र में मौसम नमी बना रहा। अचानक बदले मौसम के मिजाज ने जहां आमजनों समेत छोटे छोटे स्कूली बच्चों की परेशानी बढ़ा दी है। इस तरह अचानक मौसम के बदलाव से आम जानो की दिनचर्या के काम काज में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। पूरे दिन आवागमन रहा ठप। मौसम विभाग के जानकारी अनुसार 19 से 21 जनवरी तक राजधानी समेत पूरे राज्य में कोहरे या धुंध और बाद में बादल छाए रहने की संभावना है और मौसम शुष्क बना रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वरीय विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि उत्तर पश्चिमी दिशा से आ रही हवा ने पूरे राज्य के तापमान में गिरावट ला दी है।

### विधायक बने झारखंड प्रदेश के सह-कोषाध्यक्ष, बीजेपी कार्यकर्ता और शुभचिंतकों ने दी बधाई

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने प्रदेश कमिटी का विस्तार करते हुए नई कमिटी की घोषणा कर दी। इसमें हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल को पहली बार प्रदेश कमिटी में जगह मिला है। उन्हें प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। बुधवार की शाम में जैसे ही यह खबर आई विधायक मनीष जायसवाल से मिलकर दी बधाई । विधायक मनीष जायसवाल को मिले इस नए दायित्व पर उन्होंने कहा की पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में जो जिम्मेवारी दी है उसका पूरा निष्ठापूर्वक निर्वहन करूंगा और आने वाले पार्टी के मजबूती के साथ कार्यकर्ताओं के मान- सम्मान को ध्यान में रखते हुए ने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पुनः कमल खिलाने में अपना तन, मन और धन समर्पित कर दूंगा ।

### वरीय पत्रकार डॉ शैलेश चंद्र शर्मा के निधन पर शोक की लहर

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेवानिवृत्त वरीय शिक्षक, वरीय पत्रकार सह प्रेस क्लब, हजारीबाग के संरक्षक डॉ शैलेश चंद्र शर्मा अब नहीं रहे। दिल्ली के मेदांता अस्पताल में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। जानकारी के अनुसार एक सप्ताह पूर्व उन्हे रीढ़ की हड्डी में कैंसर होने की परिवारजनों को सुचना मिली। बीमारी के कारण वे चलने फिरने में असमर्थ हो गए थे। स्व शर्मा विनोबा भावे विवि हजारीबाग के पीजी कॉमर्स विभाग से दो साल पहले सेवानिवृत्त हुए थें। हज़ारीबाग में उन्होंने प्रभात खबर,राष्ट्रीय नवीन मेल, हिंदुस्तान, जागरण, हिंदुस्तान टाइम्स, पायोनियर आदि दैनिकों में अपनी सेवाएं भी दीं। समाजसेवी राकेश गुप्ता ने डॉ शैलेश चंद्र शर्मा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। राकेश गुप्ता ने बताया कि डॉ शैलेश चंद्र शर्मा हमारे राजनीतिक गुरु रह चुके हैं। मेरे जीवन के काफी करीबी रहे हैं। जब भी उनसे हमारी मुलाकात होती थी। हमेशा कुछ ना कुछ सिखने का अवसर मिलता था। उन्होंने बताया कि डॉ शैलेश चंद्र शर्मा का काफी मिलनसार एवं सौम्य व्यक्तित्व रहा है। समाज में कुछ नया करने का इनका साहस बेहद ही अभूतपूर्व रहा है। समाजसेवी राकेश गुप्ता ने उनकी ईश्वर से अपने श्री चरणों में स्थान देने एवं शोक संतप्त परिवारजनों को साहस प्रदान करने की कामना की।

### तकनिकी विभागों की समीक्षा बैठक में दिये गये आवश्यक निर्देश

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त की अध्यक्षता में तकनिकी विभागों के कार्यपालक अभियंताओं के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में भवन, रोड, विद्युत, पेयजल, लघु सिंचाई, ग्रामीण विकास, जिला परिषद आदि यांत्रिक विभागों के द्वारा संचालित जनहित की आधारभूत संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। मौके पर उपायुक्त ने क्रमवार सभी विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का बाबत जानकारी हासिल करते हुए इन योजनाओं को गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ-साथ निर्धारित समय सीमा के अंदर योजनाओं को पूरा करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यांत्रिकी विभाग के द्वारा संचालित योजनाएं एक दूसरे से परस्पर जुड़ी होती है इसके लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करना आवश्यक है ताकि विसंगतियों को दूर करते हुए कार्य समय पर पूरा किया जा सके। मौके पर पथ निर्माण एवं पेयजल स्वच्छता संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन में भविष्य की योजनाओं को ध्यान में रखकर कार्य करने को कहा। उन्होंने कार्यों में संलग्न लापरवाह संवेदकों पर निश्चित रूप से कार्रवाई कर काली सूची में डालने का निर्देश दिया।

# हजारीबाग ने ओढ़ी धुंध की चादर, पारा लुढ़का

**गुलाम अहमद रजा@प्रभात मंत्र**


कारगिल पेट्रोल पंप हजारीबाग


नया बस स्टैंड हजारीबाग


ओकानी रोड़ हजारीबाग


पोस्टऑफिस चौक हजारीबाग

**हजारीबाग :** जिला भर में ठंड का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। रात में हुई बारिश के बाद गुरुवार को दिन भर तापमान गिरा ही रहा। न्यूनतम 2 और उच्चतम 6 डिग्री तापमान होने से शहर के लोग ठिठुर रहे हैं। दिन-भर सूर्य देवता के दर्शन नहीं हो सके। कुहासा और शीतलहर का दौर दिनभर चलता ही रहा। धुंध इतनी तेज रही कि 20 मीटर के बाद सब धुंधला दिखाई देने लगा। जलावन और गर्म कपड़ों के सहारे लोग ठंड पर काबू पाने की कोशिश में लगे हैं जिससे आम जन जीवन सुचारू रूप से चलता रहे। हालांकि बोर्ड परीक्षा नजदीक होने की वजह से भारी ठंड होने के बावजूद स्कूल कॉलेज में छात्र छात्राओं की उपस्थिति अच्छी संख्या में रही। उम्मीद जताई जा रही है कि अफसर अब स्कूल कॉलेजों को बंद करने का निर्देश देंगे। खबर लिखे जाने तक कोई प्रशासनिक नोटिस इसपर नहीं आया था। बाजार में चहल पहल कम देखने को मिला। भारी धुंध के बीच शहर सुंदर नजर आ रहा था जिसे कैमरे में कैद किया प्रभात मंत्र टीम ने।

## चूरचू एवं डाडी बीडीओ व मनरेगा प्रोजेक्ट ऑफिसर को शोकॉज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** राज्य सरकार की महत्वकांक्षी बिरसा सिंचाई कूप योजना के तहत लक्ष्य के विरूद्ध धीमी कार्य प्रगति पर उपायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को इसमें गति लाने का निर्देश दिया। इस क्रम में चुरचू एवं डाडी प्रखण्ड के लक्ष्य के विरूद्ध बेहद कम प्रगति पर उपायुक्न ने कड़ी फटकार लगाकर संबंधित बीडीओ व मनरेगा प्रोजेक्ट ऑफिसर को शोकॉज करने का निर्देश दिया। बताया गया कि राज्य सरकार की फ्लैग्शीप योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वयन करें इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाशत नहीं की जाएगा। बैठक में आंगनबाड़ी निर्माण, डोभा, एरिया मॉनिटरिंग एप्प के माध्यम से संचालित योजनाओं की इंट्री करने, बाब साहेब अम्बेडकर आवास योजना के लक्ष्य को ससमय हासिल करने, रूर्बन मिशन योजनाओं को पूरा करने के लिए लाभूकों को मोटिवेट करने, जेएसएलपीएस की योजनाओं को कन्वर्जन्स के माध्यम से पूरा करने का निर्देश उपायुक्त द्वारा संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को दिया गया।

## समाहरणालय सभागार में ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**हजारीबाग :** ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में गुरूवार को समाहरणालय सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक में मनरेगा योजना, आवास, पंचायत राज, रूर्बन मिशन, 15वें वित्त, जेएसएलपीएस के माध्यम से संचालित योजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। मनरेगा योजना के समीक्षा के क्रम में बताया गया कि प्रति पंचायत औसरत 2.6 योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिसपर उपायुक्त ने पंचायत के प्रति गांव में पांच-पांच जनहित की योजना अनिवार्य रूप से संचालित करने एवं गुणवत्ता के साथ ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। ताकि स्थानीय रोजगार सृजनता के साथ-साथ जनहित की योजनाएं धरातल पर उतर सके। इस क्रम में पोटो हो खेल मैदान योजना के संबंध में बताया गया कि 847 लक्ष्य के विरूद्ध 57 प्रतिशत मैदान चिन्हित कर कार्य संचालित कर दिया गया है। इस पर उपायुक्त ने पूर्व में निर्देशित स्कूलों के खेल मैदान को योजना के तहत शामिल करते हुए स्वीकृत खेल मैदान बनाने का कार्य शुरू करने एवं संचालित कार्यों में गति लाने का निर्देश दिया। वहीं अबुआ आवास योजना की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि 120622 आवेदन शिविर के माध्यम से प्राप्ती के विरूद्ध शत प्रतिशत का वेरिफिकेशन कर लिया गया है। जिसमें 68746 योग्य लाभूकों के बीच आवास योजना से अच्छादित करने की बात कही गई। जिसपर उपायुक्त ने सभी मानकों को पूरा करने एवं आपत्तियों पर विधिसम्मत कार्रवाई कर सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## प्रखण्ड स्तरीय पारिवारिक मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**हजारीबाग :** झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की चुरचू प्रखण्ड कमेटी द्वारा प्रखण्ड स्तरीय पारिवारिक मिलन समारोह स्थानीय चुरचू प्रखण्ड मुख्यालय में आयोजित किया गया । प्रखण्ड स्तरीय पारिवारिक मिलन समारोह में मुख्य अतिथि विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा उपस्थित हुए ! कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि 18 फ़रवरी 2024 को लाखों की संख्या में अपने अधिकार के लिए विश्वकर्मा समाज के लोग लाखों की संख्या में राँची के मोरहाबादी मैदान में शामिल होंगे ! 18 फ़रवरी को एक दिन के लिए पुरे झारखण्ड के विश्वकर्मा बन्धु अपने-अपने काम और प्रतिष्ठान को बन्द करके मोरहाबादी मैदान राँची पहुँचेंगे ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश शर्मा, नारायण राणा, जोगन राणा, महेन्द्र राणा, चन्द्रदेव कुमार शर्मा, अरुण राणा, सुरेन्द्र राणा, उमेश राणा, कमल राणा, अजय राणा, सुरेश राणा, प्रकाश राणा, अनिल राणा, इन्द्रदेव मिस्त्री, विजय राणा, आशुतोष राणा. विनोद राणा, नरेश राणा महेश राणा, जितेन्द्र राणा, प्रदीप राणा सहित सैकड़ो की संख्या में महिला एवं पुरुष शामिल हुए !

## रामभक्ति में डूबा मडमों, शोभायात्रा निकालकर किया अक्षत वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम मडमो मे अयोध्याधाम से आये अक्षत कलश की शोभा यात्रा निकाली गई।शोभा यात्रा सरकारी मंडप से होते हुए कारीमाटी मोड़ से गणपति मंदिर तक निकाली गई। अयोध्याधाम मे 22 जनवरी 2024 को रामलला प्राणप्रतिष्ठा के पूर्व हर घर अक्षत पहुंचाते हुए, इस सुअवसर पर हर-घर में पाँच दीपक जालने एंव मंदिर में साफ सफाई करने का संकल्प लिया गया। मडमो में रामलला की स्वागत में शोभा यात्रा मे भारी सँख्या में महिला-पुरुष एवं बच्चे जय श्री राम जयकारे लगाते हुए रामभक्ति के सागर में डूबे दिखे।कार्यक्रम मुख्य रुप से मडमो मुखिया कुन्ती कुमारी,दीपक महतो,बजरंग दल प्रखण्ड अध्यक्ष सुखदेव महतो, कैलाश महतो,घनश्याम महतो, रामानंद सिंह,अर्जुन महतो, धानेश्वर महतो,एलआईसी एजेंट ललिता कुमारी,अरविंद कुमार सिंह, कारुलाल महतो समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सीआईएसएफ आईजी शांता जी जयदेव ने किया पिपरवार का दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पिपरवार :** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ की आईजी शांता जी जयदेव ने गुरूवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया।इस दौरान पिपरवार पहुंचने पर सीआईएसएफ कैंप बचरा में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।जिसके बाद सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेंट संदीप कुमार एस और पिपरवार जीएम सीबी सहाय ने बुके देकर आईजी का स्वागत किया।वही आईजी शांता जी जयदेव ने कैम्प परिसर मे वृक्षारोपण कर पर्यावरण सुरक्षित रखने का संदेश दिया।

उन्होंने कैम्प परिसर का औचक निरीक्षण कर समस्याओ की जानकारी ली।जिसके बाद उन्होंने स्थानीय अधिकारियो के साथ अशोक परियोजना कोयला खदान और अशोका आउट पोस्ट का औचक निरीक्षण किया।

जहां उन्होंने आउट पोस्ट में रहकर डयुटी कर रहे सीआईएसएफ के जवानों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली।वही उन्होंने कोयला खदानों के सुरक्षा के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली।इस दौरान कोयला खदानों की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के जवानों का उन्होंने मनोबल बढ़ाया।उन्होंने कोयला खदानों के सुरक्षा से संबंधित कई बातो की जानकारी लेते हुए उपस्थित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।साथ ही विभाग से जुड़ी समस्याओं का समाधान करने को लेकर आवश्यक पहल करने का भरोसा दिया।इस दौरान उन्होंने सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय से भी कई बातो पर विचार विमर्श किया।मौके पर जीएम सीबी सहाय,सीनियर कमांडेड संदीप कुमार एस, डिप्टी कमांडेड मृत्युजंय स्वामी,उपेन्द्र सिंह,असिस्टेंट कमांडेंट संजय कुमार मीणा, इंस्पेक्टर एनके चोहान,एमके चौधरी,रवि रंजन,स्वाति कुमारी,गीला मनी,सुमन तिवारी,विकाश कुमार,सब इंस्पेक्टर डीके चौधरी, पिपरवार के एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो सहित सीआईएसएफ और सीसीएल के कई अधिकारी और जवान मौजूद थे।

## हजारीबाग यूथ विंग ने सदर विधायक मनीष जायसवाल को नए दायित्व मिलने पर दिया बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारियों ने मनीष जायसवाल के आवासीय कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें फूलों का गुलदस्ता एवं भगवान श्री राम के भव्य मंदिर का प्रारूप भेंट कर उन्हें नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दिया। इस बीच सदर विधायक मनीष जायसवाल से आगामी 22 तारीख प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया उन्होंने बताया कि अपना पूरा हजारीबाग भक्ति मय होने वाला है हर लोगों को इस ऐतिहासिक पल का साक्षी अवश्य बनना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा की 2024 में प्रचंड बहुमत के साथ पुन॰ कमल खिलाकर मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन सदर विधायक मनीष जायसवाल को नए दायित्व के लिए बधाई देते हुए कहा कि हजारीबाग यूथ विंग की पूरी टीम 2024 में अपने-अपने माध्यम से कार्य कर पुन॰ कमल खिलाकर मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाएगी। साथ ही श्री जैन ने कहा कि 22 तारीख को गौशाला परिसर में गौशाला कर्मियों के संग भव्य दीप उत्सव मनाया जाएगा।

मौके पर ॰ संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार, जय प्रकाश खण्डेलवाल, कोषाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल, विकाश तिवारी, डॉक्टर वी वेंकटेश एवं मो. ताजुद्दीन सहित कई लोग मौजूद थे।

## श्री रामलीला कृष्णलीला महासमिति द्वारा भव्य रामोत्सव मनाने की तैयारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** अयोध्या के बाद भगवान राम की दूसरी नगरी हजारीबाग के धर्म प्रेमियों एवं कलाकार समाज के द्वारा आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर हजारीबाग बड़ा अखाड़ा में दो दिवसीय रामोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत दिनांक 21 जनवरी को सभी आयु वर्गो के लिए सुबह 11 बजे से पेंटिंग,फैंसी ड्रेस और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन विषय रामायण ,दोपहर 2 बजे से सभी धर्मप्रेमियों एवं सहयोगियों का सम्मान समारोह ,शाम 4 बजे से संगीत सह भक्ति समूह नृत्य एवं शाम 5 बजे से दिल्ली रामलीला मैदान की तर्ज पर 80 कलाकारो से सुसज्जित भव्य रामलीला का प्रदर्शन किया जाएगा। 22 जनवरी को सुबह 8 बजे से हनुमान चालीसा का पाठ , सुबह 9 बजे से राम दरबार पूजा अर्चना ,सुबह 11 से 1 बजे तक अयोध्या रामलला प्राण प्रतिष्ठा लाइव प्रसारण एवं दोपहर 2 बजे से शोभा यात्रा श्री राम जनकी रथ का प्रस्थान नगर भ्रमण के बाद बड़ा अखाड़ा में वापसी एवं प्रसाद वितरण होगा। लगभग 5 सौ वर्षो के बाद आए इस ऐतिहासिक पल को हजारीबाग के सभी नगरवासी कला के माध्यम प्रभु श्री राम के जीवन के विभिन्न आयामों को सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से आमजनों तक पहुंचाने का लक्ष्य है। कार्यक्रम के मुख्य सलाहकार महंत विजयानंद दास के मार्गदर्शन में इस समारोह का आयोजन किया जा रहा है।प्रेस वार्ता के बाद सभी कलाकारो एवं मीडिया बंधुओ ने वरिष्ठ पत्रकार दिवंगत प्रो. शैलेश शर्मा को दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## गणतंत्र दिवस-2024 की तैयारियों को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** गणतंत्र दिवस-2024 की तैयारियों को लेकर गुरूवार को उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक संपन्न हुई। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम हजारीबाग स्टेडियम कर्जन ग्राउण्ड में होगा। जहां झंडोत्तोलन कार्यक्रम के बाद विभिन्न प्रकार के आकर्षक झांकियों की प्रस्तुती होगी। वहीं विभिन्न शिक्षण संस्थानों, स्वयं सेवी संस्थानों व कलाकारों के द्वारा देशभक्तिपूर्ण रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। साथ ही भारतीय स्काउट एंड गाईड के बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। बैठक में उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस के मौके पर जिला प्रशासन तथा प्रेस एकादश के बीच फैन्सी क्रिकेट मैच के आयोजन की बात कही।

बैठक में गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह मुख्य झंडोत्तोलन स्थान का रंगरोगन एवं साफ-सफाई का कार्य पूर्ण कराने का निदेश नगर निगम हजारीबाग को दिया गया। वहीं आकर्षक झांकियों की प्रदर्शनी इस वर्ष बेहतर तरीके से निकलने हेतु सभी विभाग विभिन्न विषयों का चयन कर प्रदर्शनी निर्माण करने का निदेश दिया गया। झांकियों की प्रदर्शनी की तैयारियों के अवलोकन हेतु अपर समाहर्ता सह सदर एसडीओ विद्या भूषण कुमार की अध्यक्षता में कमिटी का गठन किया गया झांकियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विभाग को प्रथम, द्वितीय, तृतीय सहित सांत्वना पुरस्कार दिये जायेंगे। वहीं गणतंत्र दिवस के विभिन्न झंडोत्तोलन स्थानों पर राष्ट्रीय गान को लेकर 4 ग्रुप की व्यवस्था करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को दिया गया।

**मुख्य झंडोत्तोलन प्रातः 9:05 बजे :** मौके पर बताया गया कि मुख्य झण्डोत्तोलन 26 जनवरी की प्रातः 9.05 बजे होगा। गणतंत्र दिवस -2024 के अवसर पर प्रातः 07:00 बजे प्रभात फेरी का आयोजन स्थानीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा की जाएगी, जो हजारीबाग स्टेडियम में आकर समाप्त होगी।

**आकर्षक परेड कार्यक्रम को लेकर तैयारी जोरो पर :** वहीं गणतंत्र दिवस पर आकर्षक परेड कार्यक्रम को लेकर संबंधित टुकड़ियों द्वारा जोरशोर से तैयारी की जा रही है जिसमें सीमा सुरक्षा बल मेरू का एक पलाटून एवं एक बैण्ड पार्टी, सीआरपीएफ का एक प्लाटून, सार्जेन्ट मेरेज पुलिस लाईन, जिला पुलिस पल का एक महिला एवं एक पुरूष प्लाटून, एनसीसी सीनियर व जुनियर का एक-एक प्लाटून, गृह रक्षा वाहिनी का एक प्लाटून तथा भारत स्काउट एण्ड गाईड की छात्र-छात्राओं का एक-एक ग्रुप शामिल रहेंगे। मौके पर सर्वोत्तम परेड के आधार पर सभी को शिल्ड प्रादन करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए 20 जनवरी से पूर्वाभ्यास एवं 24 जनवरी को फुल डेऊस रिहर्सल करने का निर्देश दिया गया।

**गणतंत्र दिवस के पूर्व विभिन्न जागरूकता प्रतियोगिता का होगा आयोजन :** बैठक में गणतंत्र दिवस के पूर्व 25 जनवरी को विद्यालय के छात्र/छात्राओं के बीच पूर्वाहन 11 बजे से 1 बजे दोपहर तक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन इन्डोर स्टेडियम में किया जाएगा। जिसमें सिनियर ग्रुप द्वारा सड़क सुरक्षा तथा स्वास्थ्य एवं जुनियर ग्रुप द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ से संबंधित पेंटिग प्रतियोगिता होगी। वहीं क्विज प्रतियोगिता डीएवी स्कूल द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही उच्च विद्यालयो के छात्र-छात्राओं के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के निमित 'वोट की अपील' विषयक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन करने का निर्देश दिया गया।

**गणतंत्र दिवस पर बंद रहेंगी सभी वधशालाएँ एवं मद्यशालाएँ :** बैठक में उपायुक्त द्वारा गणमंत्र दिवस के दिन जिला के सभी वधशालाओं को बंद कराने के निमित नगर आयुक्त को एवं शराब की दुकानों को बंद रखने के लिए सहायक आयुक्त उत्पादन को निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने गणमंत्र दिवस के सफल संचालन एवं सभी व्यवस्थाओं के चाक चौबंद प्रबन्धन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। मौके पर उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस समारोह में आमलोगों, नगरवासियों व युवाओं को बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की है।

## शक्ति पम्पस् के ओपन-वेल पम्पस् अयोध्या में



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंपिंग इंडस्ट्री के अग्रणी ब्रांड शक्ति पम्पस् को देश - दुनिया के पवित्र शहर अयोध्या में ओपन-वेल पम्पस् लगाने का मौका मिला है। राम की पेढ़ी के प्रतिष्ठित स्थान पर लगे हुए दस ओपन-वेल पम्पस् टिकाऊ और उच्च प्रदर्शन वाले पंप अयोध्या की पानी की जरूरत पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार हैं।अपनी मजबूती और दक्षता के लिए मशहूर, शक्ति पंप्स की ओपन-वेल यूनिट्स अलग अलग परिस्थितियों में विश्वसनीय समाधान प्रदान करने की कंपनी की प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। अयोध्या में इन पंपों का चुनाव महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और धार्मिक केंद्रों में बुनियादी ढांचे के विकास में सहायता के लिए कंपनी के समर्पण के अनुरूप है।जबकि देश 22 जनवरी, 2024 को होने वाले राम मंदिर के भूमि पूजन का बेसब्री से इंतजार कर रहा है, शक्ति पम्पस् इस ऐतिहासिक क्षण का एक अभिन्न हिस्सा होने पर गर्व महसूस करता है। शक्ति पम्पस् इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष दिनेश पाटीदार ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, ÷अयोध्या में पानी की जरूरत के लिए शक्ति पम्पस् की स्थापना विश्वसनीय और कुशल समाधान देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। एकता और उत्सव से चिह्नित यह महत्वपूर्ण अवसर, अयोध्या के विकास में योगदान देने के हमारे समर्पण का प्रमाण है। हम इस अवसर के लिए आभार व्यक्त करते हैं और देश भर में समुदायों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने वाले उच्च गुणवत्ता वाले पंप समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।÷शक्ति पम्पस् इंडिया लिमिटेड इस महत्वपूर्ण समय के दौरान अयोध्या के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा है। कंपनी देश भर के विभिन्न समुदायों में आवश्यक बुनियादी ढांचे में निरंतर भागीदारी और योगदान के लिए तत्पर है।

## लोकल सेल सिरका में मजदूरों को वाजिब हक देना ही होगा : समसुद



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** परियोजना सिरका का लोकल सेल पर वार्ता विफल होती है। तो कांग्रेस द्वारा किया जा रहा आंदोलन लोकल सेल का चक्का जाम ही रहेगा। ऐसी चेतावनी सीसीएल प्रबंधन सहित पुलिस प्रशासन को एक बयान जारी कर कांग्रेस के रामगढ़ जिला महासचिव समसुद खान ने दी हैं। खान ने अपने प्रेस बयान में उन्होंने कहा है कि रामगढ़ प्रशासन ने आगामी 19जनवरी को सिरका परियोजना के लोकल सेल पर वार्ता होगी, साथ ही फिलवक्त सेल बंद रहेगा। अपने बयान पर सामसुद खान अडिग हैं। कहा है कि मजदूरों के हक व् अधिकार वाजिब ढंग से नहीं मिल जाता,तबतक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

## दो दिवसीय खेलकूद का समापन हुआ




**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ के अल फ़ातिमा गर्ल्स हाई स्कूल में दो दिवसीय खेलकूद का समापन हुआ। जिसमें छोटे से लेकर बड़े बच्चों ने हिस्सा लिया । इस दो दिवसीय खेलकूद में मुख्य रूप से रेस , कबड्डी, बास्केटबॉल , बैडमिंटन, टग ऑफ़ वॉर,बलून रेस , जलेबीं रेस का आदि खेल का आयोजन किया गया । जिसमे छोटे छोटे बच्चों ने खूब दिलचस्बी से हिस्सा लिया । जिसका सफल संचालन प्रिंसिपल ज़हीरुद्दीन सर , हिना मैम, मुस्कान मैम,आफ़रीन मैम, नरगिश मैम , इशरत मैम , सरपरस्त हाज़ी रहीस ख़ान , आरिफ़ अहमद क़ुरैशी की देख रेख मे सम्पन्न हुआ ।

## पोक्सो एक्ट, बाल संरक्षण, बाल विवाह आदि से संबंधित विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के निदेशानुसार जिला अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में बच्चों व शिक्षकों आदि के बीच पोक्सो एक्ट, बाल विवाह, बाल संरक्षण आदि से संबंधित जागरूकता गुरुवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत राधा गोविंद इंटर कॉलेज रामगढ़ एवं एस एस उच्च विद्यालय रामगढ़ में बच्चों को पोक्सो एक्ट, बाल विवाह, जे जे एक्ट, बाल संरक्षण सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। बच्चों ने काफी ध्यान पूर्वक विभिन्न नियमों एवं अपने अधिकारों के बारे में जानकारी प्राप्त की वही उनके द्वारा कई सवाल जवाब भी किए गए। कार्यक्रम के दौरान जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी शांति बागे, बाल कल्याण समिति के सदस्य आरती, संरक्षण पदाधिकारी दुख हरण महतो, बाल संरक्षण पदाधिकारी अनिल कुमार मेहता, विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों सहित अन्य उपस्थित थे।

## अवैध खनन पर उपायुक्त रामगढ़ एवं उपायुक्त रांची द्वारा जारी किया गया संयुक्त आदेश



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने एवं विभिन्न स्रोतों से रामगढ़ एवं रांची जिला के सीमावर्ती इलाकों यथा बरलंगा, सिल्ली आदि में कोयले की तस्करी की सूचना प्राप्त होने, साथ ही ओरमांझी व रामगढ़ जिले के सीमावर्ती क्षेत्र यथा खीराबेड़ा आदि क्षेत्रों में अवैध पत्थर खनन, भंडारण, क्रशर संचालन की सूचना प्राप्त होने तथा दोनों स्थलों पर अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन पर रोक सुनिश्चित करने हेतु उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार एवं उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा संयुक्त रूप से आदेश जारी किया गया है। संयुक्त आदेश द्वारा छापेमारी दल का गठन किया गया है जिनमें अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़/ रांची, जिला खनन पदाधिकारी रामगढ़/ रांची, खान निरीक्षक रामगढ़/ रांची, अंचल अधिकारी गोला/ओरमांझी/सिल्ली / रामगढ़, अंचल निरीक्षक गोला/ ओरमांझी/सिल्ली/ रामगढ़, थाना प्रभारी बरलंगा/ रामगढ़/ सिल्ली/ओरमांझी होंगे।छापामारी दल द्वारा अवैध खनन स्थलों को चिन्हित करते हुए अवैध रूप से संचालित क्रशर, पत्थर भंडारण आदि को ध्वस्त कर नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही छापामारी दल द्वारा अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पाए जाने पर उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए की गई कार्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराया जाएगा।उपायुक्त, रामगढ़ एवं उपायुक्त, रांची द्वारा संयुक्त रूप से आदेश जारी करने के उपरांत अब अधिकार क्षेत्र का लाभ लेकर कोई भी अवैध कार्य संचालित नहीं हो पाएगा वहीं कोई भी मामला सामने आने पर संबंधित क्षेत्र के थाना में ही प्राथमिक दर्ज कराई जाएगी साथ ही अवैध खनन संबंधित कोई भी जब्ती व नीलामी भी संबंधित क्षेत्रीय प्रशासन के माध्यम से की जाएगी।

# गिद्दी में अयोध्या से आए अक्षत व निमंत्रण पत्र का किया गया वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गिद्दी :** श्री राम मंदिर अयोध्या भव्य प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण पत्र और अक्षत वितरण कार्यक्रम गुरुवार को गिद्दी हॉस्पिटल के सिंह होटल से लेकर चौक के अंतिम छोर पर अवस्थित सभी दुकानदारों एवं चौक पर उपस्थित सभी आम जनता को भी निमंत्रण पत्र और अक्षत दिया गया। इस बीच पूरा इलाका जय श्री राम के नारों से गूंजता रहा और ना सिर्फ कार्यकर्ताओं के द्वारा बल्कि आम जनता ने भी पुरे उत्साह से जमकर जय श्री राम के नारे लगाए। सभी कार्यकर्ता अपने हाथो में बजरंगबली के भगवा झंडा लिए हुए थे। सभी को निमंत्रण पत्र और अक्षत देने के बाद सबों से निवेदन करते हुए भाजपा नेता पुरुषोत्तम पाण्डेय ने आह्वान किया की आगामी 22 जनवरी को हमारे आराध्य देव श्री राम जी का उनके जन्म स्थली अयोध्या में 500 वर्षो के संघर्ष और लाखो बलिदानी के बाद रामलला मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा होने जा रहा है इसलिए इस दिन को पूरा देश दिवाली के माफिक माना रहा है, आप सब भी उस दिन अपने अपने घरों में खूब दिए जलाए और एक दिया अपने नजदीकी मंदिर में भी जलाए साथ ही पांडेय ने बताया की गिद्दी के सारे मंदिरों को राम भक्त सजा रहे है कही भंडारे का आयोजन तो कही भजन कीर्तन का आप सभी लोग उस दिन मंदिरों में जाएं और पूजा अर्चना करें।साथ ही पांडेय ने बताया प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण गिद्दी हॉस्पिटल चौक पर प्रोजेक्टर के माध्यम से किया जा रहा है आप सभी सीधे प्रसारण का आनंद ले। साथ ही पांडेय ने सबों से आग्रह किया किया की सभी राम भक्त जमकर जश्न मनाए लेकिन ऐसा कोई काम ना करें जिससे किसी भी तरह से कोई सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़े और यदि कोई इस तरह की हरकत करने की कोशिश करता है तो तुरंत इसकी सूचना हमलोग या गिद्दी पुलिस को दें।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुरुषोत्तम पाण्डेय, गिरजा सिंह, बृजकिशोर पाठक, चंदन सिंह, दीपक सिंह, रविन्द्र सिंह, पिंटू सिंह, काजल दत्ता, सुनील सिन्हा, मुकेश चंद्रबंसी, हीरा सिंह, गणेश प्रजापति, सुरज अग्रवाल, सचिदानंद पाण्डेय, लल्लू पासवान, प्रकाश कुमार, शंकर कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

## छतरमांडू ग्रामीण बैंक द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा के तहत सोनी देवी को 2 लाख राशि का चेक प्रदान किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** झारखंड राज्य ग्रामीण क्षेत्र छत्तरमांडू के द्वारा वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बरलोंग पंचायत भवन में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय प्रबंधक माधव चंद्र पॉल के द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ नॉमिनी सोनी देवी को रुपए दो लाख की राशि प्रदान किया गया एवं ग्रामीणों को बैंक द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सेवाओं के बारे में जानकारी दी एवं बैंक से जुड़े विभिन्न योजना जैसे स्वयं सहायता समूह ऋण, उद्यमी दीदी,बीमा दुर्घटना इत्यादि योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया एवं छत्तर मांडू शाखा प्रबंधक कमल किशोर नाग के द्वारा उत्तम बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने को सदैव तात्पर्य तत्पर झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक से जुड़ने का अपील किया एवं उपलध विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई अभियान में शामिल कैशियर अर्जुन कुमार, बरलोंग मुखिया रेखा देवी, एफएलसी अरुण सिंह राजपूत, सीएसपी रोहित कुमार, जैसेलपीएस बीपीएम संदीप कुमार, बैंक सखी संगीता देवी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला पंचायत स्थापना समिति की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को जिला पंचायत स्थापना समिति की बैठक उपायुक्त कार्यालय कक्ष में की गई जिसमें विभागीय निर्देश एवं वर्तमान प्रतिस्थापन की समीक्षा उपरांत समिति द्वारा पंचायत सचिवों का स्थानांतरण एवं प्रतिस्थापन किया गया। समिति द्वारा पंचायत सचिव नकुल यादव प्रखंड कार्यालय मांडू में पदस्थापित को स्थानांतरित करते हुए प्रखंड कार्यालय पतरातू, दशरथ पांडे मांडू को दुलमी, राजकुमार साव मांडू को चितरपुर, सहदेव महतो मांडू को गोला, बबलू पहाड़िया मांडू को पतरातू, मोहन राम पतरातू को दुलमी, मनोहर महतो पतरातू को मांडू, महेश्वर महतो पतरातू को गोला, कैलाश प्रसाद महतो पतरातू को गोला, नरेश हजाम पतरातू को मांडू, बोधी महतो पतरातू को मांडू, जिम्मी मालतो पतरातू को चितरपुर, कीस्टो महतो पतरातू को मांडू, नरेश प्रसाद पतरातू यथावत, सरयू महतो पतरातू को मांडू, झमनलाल महतो दुलमी को पतरातू, वासुदेव महतो दुलमी को चितरपुर, नेमचंद करमाली चितरपुर को मांडू, सिकंदर अंसारी चितरपुर को यथावत, ब्रह्मानंद पाठक चितरपुर को पतरात, राजेंद्र कुमार सिन्हा गोला को पतरातु, दल्लन कुमार गोला को पतरातू, ईश्वर डेहरी गोला को पतरातू एवं श जीवन प्रसाद गोला को पतरातू प्रखंड कार्यालय में अगले आदेश तक के लिए पदस्थापित किया गया।

# रामगढ़ : अवैध खनन, परिवहन व भंडारण पर प्रशासन का चला डंडा





प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** उपायुक्त के निर्देश के आलोक में अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन पर रोकथाम को लेकर जिला खनन पदाधिकारी पूरी तरह से एक्शन में है। जिला खनन पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में खान निरीक्षक राहुल कुमार द्वारा रामगढ़ जिले के कुजू ओपी एवं बड़काकाना ओपी थाना क्षेत्र में छापेमारी कर अवैध कोयला करते ट्रक, टेलर एवं अवैध बालू ले जाते एक हाइवा को जप्त किया गया एवं चालक को गिरफ्तार करते हुए कोयला एवं बालू के वाहन मालिक,चालक, बिक्रीकर्ता एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कुजू एवं बरकाकाना ओपी प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी। वही अवैध खनन कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों को अविलंब कार्रवाई को लेकर निर्देशित दिया। जिला खनन पदाधिकारी नितेश कुमार गुप्ता को गुप्त सूचना मिल रही थी कि अवैध कारोबार किया जा रहा है। जिस पर अविलंब कार्रवाई करते हुए खान निरीक्षक को निर्देशित किया जिसके बाद खान निरीक्षक के द्वारा 17 जनवरी बुधवार को कुजू ओपी अंतर्गत् राष्ट्रीय राजमार्ग बोगावांई के पास एक ट्रक एवं एक ट्रेलर को कोयला ले जाते देखा गया जिसके बाद ट्रक चालक से कागजात की मांग की गयी,चालक द्वारा उपलंध करावाऐं गए कागजात की जांच की गयी तो बिना ई परिवहन चलान के कोयला ले जाया जा रहा है,वही एक ही ईवे नंबर पर दोना वाहनों पर कोयले जा जा रहा है। जिस पर कार्रवाई करते हुए लगभग 60 टन्न कोयला समेत ट्रक को जप्त कर लिया। वही चालक मिथलेश कुमार यादव एवं टेलर चालक मेघन प्रसाद दांगी को गिरफ्तार कर लिया।इसके पश्चात रात में रामगढ़ ओपी पहुंच छापेमारी की तो हाइवा संख्या जेएच 24 के -0116 बालू लदा पाया। वाहन चालक के द्वारा ई-परिवहन चलान नहीं दिखाया गया। इसके पश्चात वाहन,मालिक,चालक एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई स्वास्थ्य विभाग के जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक


प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** गुरुवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग के जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारियों के द्वारा पल्स पोलियो अभियान के तहत किए गए कार्यो की जानकारी उपायुक्त सहित अन्य अधिकारियों को दी गई। कार्यो की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने आगामी पल्स पोलियो अभियान के दौरान ज्यादा से ज्यादा बच्चों को पोलियो की खुराक पोलियो बूथों पर ही पिलाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके लिए उपायुक्त ने जिला एवं प्रखंड स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित करने एवं नियमित रूप से समीक्षा बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त में पल्स पोलियो अभियान के अगले चरण हेतु माइक्रो प्लान तैयार करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को प्रखंड स्तर पर पल्स पोलियो अभियान एवं नियमित टीकाकरण हेतु नोडल अधिकारियों/ कर्मियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने बच्चों आदि के नियमित टीकाकरण कार्यो की समीक्षा करते हुए ससमय टीकाकरण सुनिश्चित करने, लोगों को टीकाकरण के फायदे के प्रति जागरूक करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। इन सब के अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद को सदर अस्पताल सहित अन्य सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक के माध्यम से दर्ज करना सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

# डिवाइन ओंकार मिशन हाई स्कूल के प्रांगण में बच्चों ने साइंस और आर्ट की प्रदर्शनी लगाई

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** डिवाइन ओंकार मिशन हाई स्कूल रामगढ़ के प्रांगण में गुरुवार को क्लास वन से लेकर क्लास 10 वी तक के बच्चों ने साइंस और आर्ट की प्रदर्शनी लगाई । जिसमें बच्चों ने एक से एक बढ़कर कलाकृतियां का मॉडल प्रस्तुत किया। जिसमें मुख्य रूप से राम मंदिर गोल्डन टेंपल चंद्रयान 3 पवन चक्की गांव का परिवेश मॉडर्न टाउन और अनेकों कलाकृतियों की झलकियां प्रस्तुत की। सभी बच्चों ने अपने टीचर्स के मार्गदर्शन के अनुरूप अपनी प्रतिभा को निखरते हुए अपने अंदर के कलाकार को मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया। डिवाइन उनका मिशन के इस कार्यक्रम में विशेष तौर पर रामगढ़ विमेंस कॉलेज के प्रोफेसर संजय सिंह पूर्णकान्त सर राधा गोविंद इंटर महाविद्यालय की प्रधानाचार्य इंदिरा देवी कृष्ण विद्या मंदिर के बोस सर ,सिंह सर रामगढ़ बी इ ओ सुलोचना कुमारी एवं तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।बच्चों द्वारा प्रस्तुत झांकियां को जजों के द्वारा मार्किंग कर उन्हें प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए चयनित भी किया क्लास 1 से क्लास 5 के बीच प्रथम पुरस्कार क्लास 5 वी और क्लास 1 एवं 2 के मॉडल को संयुक्त रूप से दिया गया।द्वितीय पुरस्कार क्लास 4 के बच्चों को दिया गया और तृतीय पुरस्कार क्लास 3ह्स्र के बच्चों को मिला । इसके अलावा क्लास 6 वी से 10 वी के बच्चों के बीच क्लास 10 वी को प्रथम पुरस्कारक्लास 8 वी॰ को द्वितीय पुरस्कार और क्लास 9 वी॰ को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राम मंदिर का मॉडल बनाने में मुख्य रूप से चंचल जायसवाल और उनके ग्रुप ने ,चंद्रयान का मॉडल बनाने में सौरभ और उनके दोस्तों ने अहम भूमिका निभाई । क्लास 8 वी॰ के बच्चों ने मॉडल ऑफ झारखंड पको बनाने में प्रतिभा, स्नेहा, वीना ने मुख्य रूप से अपनी भूमिका निभाई गोल्डन टेंपल बनाने में असद ,माही, जानवी और उनके दोस्तों ने अहम भूमिका निभाई सोलर सिस्टम में प्रीतम, हिमांशु और प्रियांशु ने अपना योगदान दिया। राष्ट्रीय प्रतीक पेपर क्राफ्ट को आंचल, स्वाति , नीलम ने अपना योगदान दिया और टाइप्स ऑफ़ स्पेस आइस क्रीम स्टिक क्राफ्ट बनाने में चंदन और बिट्टू ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उपस्थित अतिथियों को राम मंदिर का मॉडल और गोल्डन टेंपल चंद्रयान 3 और सभी झांकिया ने उनका मन मोह लियाइस आकर्षक कार्यक्रम में स्कूल के आसपास के ग्रामीण बच्चों के अभिभावक भी विशेष तौर पर उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डिवाइन ओंकार मिशन हाई स्कूल के प्रधानाचार्य मुकुंद कुमार अनीता पूनम वाला , निर्मला देव कुमार चुरामन महतो ,रामचरण महतो शोभा कांत राय ,प्रेरणा कुमारी संजना, रीना, श्वेता, नीतू नागी , गीता और तमाम बच्चों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. -02, RANCHI**

**SHORT NOTICE INVITING QUOTATION NO-05**

Sealed quotations are invited for supplying, fitting and fixing of **Supply, Installation, Testing and Commissioning of 2 defective 48 port layer, 2 Switches , 6 Minidome CCTV Camera, 4 Control Module, 4 Monitor Module and 2 M.C.P at New Jharkhand Vidhan Sabha, Ranchi** by the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-02, Ranchi from agencies having similar works experience any govt. building in the Office of the undersigned on 08-02-2024 up to 3.00 pm and will be opened on 08-02-2024 at 3.30 pm at B.C.D. Division No.-02, Ranchi by Executive Engineer or his authorized representative in the presence of Quotationers or their authorized representative. whosoever desire may remain present at the time of opening. Detail list of work, specification, Quantity etc. may be obtained from the office in working day up to 07-02-2024 which Cost of Bid Rs. 5,000/- in shape of Demand draft (non refundable) on any State Bank Payable at SBI Main Branch, Ranchi (Code-0167) /any Schedule Bank, Payable at Ranchi in favour of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-02, Ranchi.

Time of completion for work is 10 (Ten) Days.

The quotation should be accompanied with (1) Initial security deposit which will be *2%* of the quoted amount (Refundable) in shape of Bank Guarantee or 5 Years/3 Years Post Office Term Deposit or N.S.C. (8th issue)/fixed deposits of a scheduled Bank duly pledged in favour of Executive Engineer, Building Division No.-02, Ranchi. (2) Updated Income Tax Return and GST Return (3) Similar nature works experience in any govt. building (4) All technical specification must be complied, no deviation and will be accepted.

In the case of Gazetted holiday the quotation will be received/opened on the next working day.

*Executive Engineer*
*Building Construction Department*
*Building Division No-02, Ranchi*

PR 316470 Building (23-24)_D



**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Municipal Corporation, Hazaribag**

**e- Procurement Short Notice Inviting Tender**
**Reference No. - UDD/HMC/HZB/42/2023-24 (2nd Call)**

1.Detail of work

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 2. | Construction of PCC Road in Cold Storage Gali Repair of PCC road from Chuna Gali to H/o Bangali Dada and in Chuna Gali Construction of RCC Drain in Cold Storage gali from Chuna Gali to H/o Bangali Dada gali from Sardha Medical hall to Bharat Bakery from Keshri Ration Shop to Punchmukhi Mandir and from Kuldeep Betal Shop to H/o Ajay Sinha in ward no. 18 under Municipal Corporation, Hazaribag | 50,24,000.00 | 1,02,000/- | 11,800/- | 120 Days |
| 2. | Date of Publication of Tender on website | **19.01.2024 at 11:00 A.M.** | | | |
| 3. | Last Date/Time of receipt of bids online | **25.01.2024 up to 5:00 P.M.** | | | |
| 4. | Bid Opening date | **27.01.2024 at 11:00 A.M.** | | | |
| 6. | Name & Address of office inviting tender | Municipal Commissioner Cum Administrator Municipal Corporation, Hazaribag. | | | |
| 7. | Contact No. of Procurement officer | 8219204356 | | | |

**NOTE :**
- Only e-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in
- **e-Procurement** में **Tender Fee** एवं **EMD** की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड, रांची का आदेश ज्ञापांक 120, दिनांक 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रांची का पत्रांक 05 / विविध (**e-Tender**)–12 / 2023 / नवि– 4847 (अनु॰) दिनांक 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

**Sd/-**
**Administrator**
**Municipal Corporation, Hazaribag**

PR 316477 (Urban Development and Housing)23-24*D

# गिरिडीह पुलिस ने 6 साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार, भेजे गया जेल

## पुलिस ने 16 मोबाइल, 38 सीमकार्ड, 8 एटीएम कार्ड, 2 पासबुक, 3 चेकबुक, 1 मोटर साइकिल किया बरामद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गुरुवार को गिरिडीह ज़िले के अहिल्यापुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने 6 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया। वही सभी को सिविल कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। बताया गया कि पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा को प्रतिबिम्ब पोर्टल के माध्यम से सुचना प्राप्त हुई की अहिल्यापुर के पंचनटांड में कुछ साइबर अपराधी फर्जी सिम का प्रयोग करते हुए आम लोगों से ठगी कर रहें है। बताया गया की सूचना के आधार पर पुलिस उपाधीक्षक साइबर संदीप सुमन के नेतृत्व में टीम गठीत कर एसआई रौशन कुमार, गौरब कुमार, एएसआई गजेन्द्र कुमार, आरक्षी साकेत वर्मा, हवलदार सुरेश यादव आदि के सहयोग से छापामारी करते हुए अलग-अलग स्थानों से कुल 6 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इस संदर्भ मे साइबर थाना कांड संख्या 4/2024 दर्ज करते हुवे को जेल भेजने की प्रक्रिया की गई। गिरफ्तार अभियुक्तोपंचनटांड का अभिषेक कुमार मंडल, सुनील कुमार मण्डल, धनबाद के अरवाटांड का सिधेश्वर मण्डल, सुरज कुमार मण्डल, निमियाघाट का दीपक साव और बंगाल के पुरुलिया का उज्जल सिंघा शामिल है। इनके पास से पुलिस ने 16 मोबाइल, 38 सीम कार्ड,8 एटीएम कार्ड,2 पासबुक,3 चेकबुक,1 मोटर साइकिल आदि बरामद किया है।बताया गया कि गिरफ्तार अभियुक्तो ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि वे साइबर ठगी करने हेतु बैंक के कर्मी बनकर लोगो को झाँसे में लेकर ओटीपी , पासवर्ड प्राप्त कर उनसे पैसे ठगी करते थे।

## नीरज सिंह हत्याकांड : पूर्व विधायक संजीव सिंह की जमानत याचिका खारिज



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह की हत्या के मामले में आरोपी झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह की जमानत याचिका को झारखंड हाइकोर्ट ने गुरुवार को खारिज कर दिया। बेहतर इलाज के लिए संजीव सिंह की ओर से 30 दिन का प्रोविजनल बेल मांगा गया था। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि एम्स में संजीव सिंह का इलाज शुरू हो गया है। हालांकि प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि संजीव सिंह का इलाज काफी धीमी गति से चल रहा है। कोर्ट ने प्रार्थी और सरकार का पक्ष जानने के बाद कहा कि एम्स में संजीव सिंह का इलाज हो रहा है, इसलिए उनकी जमानत याचिका खारिज की जाती है। मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय के कोर्ट में हुई। बता दें कि बीते दिनों संजीव सिंह को इलाज के लिए एम्स ले जाया गया है। दरअसल, प्रार्थी संजीव सिंह की ओर से अपनी बीमारी का हवाला देते हुए 30 दिन का प्रोविजनल बेल का आग्रह कोर्ट से किया गया है। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि संजीव सिंह गंभीर रूप से बीमार हैं।

## टाटा डीएवी जामाडोबा के छात्रों ने चलाया घर घर संवाद व जागरुकता अभियान



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटा डीएवी के कक्षा छठी, सातवीं, आठवीं और नौवीं के छात्रों ने समाज में पर्यावरण, जल एवं ऊर्जा संरक्षण के प्रति लोगों में जागरुकता लाने के लिये टिस्को एवं टेरी (द एनर्जी एण्ड रिसोर्स इंस्टीट्युट) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित घर घर संवाद एवं जागरुकता अभियान में बढ़ चढ़ कर पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। इस कैंपेन का प्रारम्भ प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा के उद्बोधन के साथ हुआ। प्राचार्य ने ऐसे उपक्रमों की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे कैंपेन आज समय की बहुत बड़ी जरुरत है। ऐसे कैंपेन बड़े पैमाने पर समाज में जागरुकता लाने के लिये सक्षम है और जरुरी भी। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में पर्यावरण एवं जल संरक्षण को धर्म अर्थात मानवमात्र के मानवीय कर्तव्य के रूप में सदा परिलक्षित किया जाता रहा है। हम पर्यावरण के हर स्वरुप को देवत्व भाव से देखते आये हैं और आज इसी भाव की पुनः स्थापना की अति आवश्यकता है डोर टू डोर कैंपेन के अन्तर्गत छात्रों ने जामाडोबा में कोओपरेटिव कालोनी तथा डुमरी नंबर तीन के सभी घरों में जाकर लोगों को इस कैंपेन के लक्ष्य से अवगत कराया, साथ ही लोगों को जागरूक किया। इसी क्रम मे छात्रों ने जलसंरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिये बहुत ही सुन्दर नुक्कड नाटक का मंचन किया जिसे देख कर मोहल्ले के सभी लोग मन्त्रमुग्ध हुए और विद्यालय की भूरि भूरि प्रशंसा की। इस कैंपेन के सफ़ल आयोजन में विद्यालय के शिक्षक डी के गुप्ता, वी के तिवारी तथा रिम्मी मैथ्यू का योगदान सराहनीय रहा। ज्ञात हो की प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में टाटा डीएवी जामाडोबा सदा छात्रों की पढ़ाई के साथ ही साथ सर्वांगीण विकास पर जोर देता रहा है। विद्यालय का हमेशा एक ही लक्ष्य रहा है कि छात्र अपने जीविकोपार्जन के योग्य एवं देश के प्रबुद्ध नागरिक बनें। टाटा डीएवी जामाडोबा में आगामी सत्र के लिये प्रवेश हेतु सारी गतिविधियां प्रारम्भ हो चुकी हैं। प्रवेश हेतु आवेदन पत्र संबन्धित विभागीय कार्यालय में मिलने शुरु हो चुके हैं।

## पीट वाटर पानी की समस्या को लेकर जोगता नागरिक समिति की बैठक



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को जोगता नागरिक समिति के आवासीय कार्यालय पर एक बैठक हुई जिसमें मुख्य रूप से जोगता, सिजुआ, तेतुलमुडी बस्ती, श्याम बाजार में हो रहे पिट वाटर पानी की समस्या पर चर्चा की गई और अध्यक्ष अनुज कुमार सिन्हा ने कहा की पूर्व में जोगता नागरिक समिति ने पत्र के द्वारा क्षेत्र संख्या 05 के महाप्रबंधक तथा मोदीडीह परियोजना पदाधिकारी को इस समस्या से अवगत कराया गया था और सीएमडी समीरन दत्ता का पुतला भी जोगता मोड़ पर जलाया गया था परन्तु अभी तक इस पर कोई भी पहल नहीं हुआ। अगर 15 दिनों के अन्दर पिट वाटर पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मोदीडीह कोलियरी के ट्रांसपोटींग का चक्का पुर्ण रुप से जाम कर दिया जाएगा। जिसमें मुख्य रूप से जोगता नागरिक समिति अध्यक्ष अनुज कुमार सिन्हा, मंगल चौहान, निर्मल कुमार निषाद, हसीब खान, असगर मियां, मन्नु महतो, सान्ती देवी, बिन्दवा देबी, सीता देवी, मोना देवी, बबली देवी, रिता कुमारी, प्रिती कुमारी, भुनेश्वर रजवार आदि लोग उपस्थित थे।

## एएसआई ने लगाया मेडिकल कैंप




**बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एसोसिएशन ऑफ सर्जन ऑफ इंडिया द्वारा बगोदर सीएचसी में गुरुवार को नेशनल फैमली प्रोग्राम के तहत 22 महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया, शाल्य क्रिया डॉक्टर रुही तबस्सुम द्वारा किया गया, वहीं चार मरीजों का हाइड्रोसिल ऑपरेशन भी किया गया, मौके पर एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया के झारखण्ड चैप्टर के सचिव डॉक्टर राजेश कुमार सिंह, झारखण्ड चैप्टर के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर मोहम्मद आजाद के अलावे डॉक्टरों और चिकित्साकर्मियों की टीम मौजूद रही, वहीं बगोदर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर विनय कुमार की भी अहम भूमिका रही,वहीं एसोसिएशन के सचिव डॉक्टर राजेश सिंह ने बताया कि हरेक महीने यहां एसोसिएशन की ओर से मुफ्त ऑपरेशन कैम्प लगवाया जाएगा, मौके पर लाभुक मरीज एवं उनके परिजन मौजूद रहे।वहीं चिकित्साकर्मियों में कंठेकाल पप्पू, तुलसी महतो, दीपू पांडेय, सुनीता मोहन, महेश कुमार के अलावे अन्य मौजूद थे।

## कौशल विकास दिवस मनाया गया




**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नेहरू युवा केन्द्र गिरिडीह के सहयोग से ज्वाला युवा क्लब, केन्दुआगढहा में स्वामी विवेकानंद जी के 161 वीं जयंती के अवसर पर युवा सप्ताह के रूप में मन रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को बेंगाबाद प्रखंड के केन्दुआगढहा में कौशल विकाश दिवस का संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोतीलेदा पंचायत के उपमुखिया कृष्ण कुमार उपस्थित हुए। वही वही कार्यक्रम की अध्यक्षता पप्पु कुमार वर्मा ने किया। वही उप मुखिया ने कहा की युवा समाज के रीढ़ होते हैं। आज सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन की जो आबादी है जो सरकारी रिकॉर्ड से भी अत्यधिक है।

## पूजित अक्षत व कलश के साथ बेको पूर्वी में निकाली गई शोभायात्रा

**बगोदर/गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बगोदर प्रखंड के अन्तर्गत बेको पूर्वी पंचायत निचे टोला में अयोध्या से आये पुजित अक्षत और कलश को लेकर नगर भ्रमण कार्यक्रम किया गया। वहीं दौरान भारी संख्या में संनातन धर्म के महिला पुरुष भव्य तरीके धार्मिक झण्डे लेकर गांव भ्रमण कर शोभा यात्रा निकाली गई। वहीं 22 जनवरी को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लोगों के घरों में दीपक जलाने को लेकर निमंत्रण दिया गया ।साथ ही अयोध्या से आए पूजित अक्षत और कलश लेकर पुरे गाँव में शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्र निचे टोला शिव मंदिर से शुरुवात की गई जहाँ पुरे गाँव भ्रमण कर श्रद्धालु पंच शिव मंदिर पहुंच कर सभी धर्म प्रेमि मंदिर के परिक्रमा कर पुजा कर कार्यक्रम की समाप्ति के बाद प्रसाध का वितरण भी किया गया ।

## महाप्रबंधक ने स्टेशनों का किया गया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा कल रात्रि में समस्तीपुर मंडल के मुजफ्फरपुर-नरकटियागंज रेलखंड के जीवधारा, बेतिया एवं बापूधाम मोतिहारी स्टेशनों का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण में समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव, मुख्यालय से प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक डॉ. मनोज सिंह, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक षिवकुमार प्रसाद सहित समस्तीपुर मंडल एवं मुख्यालय के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल सर्वप्रथम जीवधारा स्टेषन पहुंचे जहां उन्होंने सर्कुलटिंग एरिया, प्लेटफॉर्म आदि का विस्तृत निरीक्षण कर साफ़-सफाई, यात्री सुविधाओं आदि का जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने सिगनलिंग सिस्टम, पैनल रुम सहित संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का निरीक्षण भी किया। इसके उपरांत महाप्रबंधक बेतिया स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने सर्कुलेटिंग एरिया, कैटरिंग सेवा, प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय आदि का विस्तृत निरीक्षण कर साफ़-सफाई,यात्री सुविधाओं आदि का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के अंत में महाप्रबंधक द्वारा कल रात्रि बापूधाम मोतिहारी स्टेशन का निरीक्षण कर कैटरिंग सेवा सहित उपलब्ध विभिन्न यात्री सुविधाओं का गहन जायजा लिया । इसके साथ ही उन्होंने पैनल रूम सहित संरक्षा से जुड़े पहलुओं का निरीक्षण किया तथा ऑन ड्यूटी रेलकर्मी से संरक्षा के संबंध में पूछताछ की।

## आईटी की बड़ी कार्रवाई, करोड़ों रुपए मिलने के बाद दूसरे दिन भी छापेमारी जारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद मे आईटी की रेड दूसरे दिन भी जारी है। बुधवार की सुबह ही जिले में कोयला कारोबारियों के ठिकाने पर आईटी की रेड शुरू हुई थी। कोयला कारोबारी अनिल गोयल ग्रुप और दीपक पोद्दार ग्रुप के ठिकाने पर अब भी आईटी की रेड चल रही है। कारोबारियों के आवास, होटल, हार्डकोक भट्ठा समेत अन्य ठिकानों पर आईटी की टीम छापेमारी कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार धनबाद में कुल 40 स्थानों पर आईटी की रेड आज भी जारी है। आईटी की टीम को रेड के दौरान 3 करोड़ से भी अधिक नकदी मिलने की खबर है। इसके साथ ही कीमती जेवरात भी मिले हैं। जमीन से जुड़े कागजातों की जांच भी आईटी की टीम कर रही है। कारोबारियों के लेन देन संबंधित दस्तावेज भी टीम को हाथ लगे हैं। बरामद नगद, जेवरात और दस्तावेजों को आईटी ने जब्त कर लिया है।अनिल गोयल और दीपक पोद्दार के आलवे सुरेश चौधरी, मन्नू सिंह, प्रिंस होटल मालिक रमेश गोयल, क्राउन प्लाजा होटल के शब्बीर आलम, वेडलोक होटल, राणा रंजीत सिंह, सुरेश अग्रवाल, अनिल खेमका के ठिकाने पर भी आईटी की रेड चल रही है। माना जा रहा है कि अनिल गोयल और दीपक पोद्दार के साथ इनकी भी व्यवसाय में साझेदारी रही है। कम कीमत पर कोयला खरीदकर अधिक दाम पर कोयला बेचने का आईटी को साक्ष्य मिलने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि 41.81 करोड़ रुपये टैक्स चोरी के आईटी को साक्ष्य मिले हैं। हालांकि आईटी के अधिकारी मीडिया से बोलने से कुछ भी परहेज कर रहें हैं। फिलहाल आईटी की कार्रवाई जारी है। कार्रवाई पूरी होने के बाद आईटी के अधिकारी के सामने आने के बाद पूरे मामले का खुलासा हो सकेगा।

## संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम सरिया उत्तरी पंचायत भवन के प्रांगण में आयोजित की गई जिसमें बतौर मुख्य अतिथि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय पूर्व सांसद डॉ रविंद्र कुमार राय कार्यक्रम प्रभारी श्री परमेश्वर मोदी सरिया के प्रमुख प्रीति कुमारी ने सर्वप्रथम चौमुखी दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया तत्पश्चात अतिथियों को बुके के द्वारा स्वागत किया और शपथ कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि डॉ रविंद्र कुमार राय ने कहा कि यह रथ मोदी जी की गारंटी रथ है। इस रथ के माध्यम से लोगों को जागरुक कर वंचित लोगों को योजनाओं का लाभ देना मुख्य उद्देश्य है। साथ ही केंद्र सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा किए । और उज्ज्वला योजना के लाभुको को गैस दिए।

### धनबाद मंडलीय अस्पताल पर ईसीआरकेयू का प्रदर्शन

## रेलकर्मियों के लिए बेहतर चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध हो : मो. ज्याऊद्दीन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** गुरुवार को ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के बैनर तले धनबाद मंडलीय अस्पताल के समक्ष मेडिकल संबंधित विभिन्न कमियों, खामियों और अव्यवस्था के विरोध में प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह धनबाद मंडल के पीएनएम प्रभारी मो ज़्याऊद्दीन ने किया। मौके पर एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा, ईसीआरकेयू के सहायक महामंत्री ओमप्रकाश, केन्द्रीय संगठन मंत्री नेताजी सुभाष एवं सोमेन दत्ता सहित समस्त मंडल से आए ईसीआरकेयू के शाखा सचिव एवं सैकड़ों सक्रिय कार्यकर्ता शामिल हुए। उपस्थित रेल कर्मियों को संबोधित करते हुए मो ज़्याऊद्दीन ने कहा कि मंडलीय अस्पताल सहित समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थिति ठीक नहीं है। कई स्वास्थ्य केन्द्रों पर न तो डाक्टर हैं और न ही आवश्यक दवाईयां हैं। अस्पतालों में पैथोलॉजी जांच की व्यवस्था खत्म हो गई है। एक्सरे और अल्ट्रासाउंड कराने के लिए बीमार रेलकर्मी और उनके आश्रित इधर उधर भटकते रहते हैं। रेलकर्मियों के कार्य के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर एम्बुलेंस आते आते गोल्डेन आवर बीत जाता है और मरीज की स्थिति गंभीर हो जाती है। कुछ कर्मचारी स्वेच्छाचारी हो गए हैं और मनमाने ढंग से ड्यूटी कर रहे हैं और अस्पताल आने वाले रेलकर्मियों के साथ असभ्यता से व्यवहार कर रहे हैं। बहुत से कर्मचारी वर्षो से गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हो कर सीक में हैं और उनकी सारी छुट्टियां समाप्त हो चुकी हैं। उनके परिवार भुखमरी के कगार पर हैं। ईसीआरकेयू द्वारा बार बार इन कर्मचारियों का शारीरिक जांच करवा कर अंतिम निर्णय लेने की मांग उठाई जाती रही है लेकिन अस्पताल प्रबंधन ऐसे गंभीर मामले के प्रति भी उदासीन है। अनुबंधित अस्पतालों में भी रेफर करने के लिए रेलकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

## मदरसा के बच्चियों ने दिया नारा हमें चाहिए बाल विवाह से आजदी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** चुप्पी तोड़ो, हिंसा रोको, हमे चाहिए बाल विवाह से आजादी, खेलने की उम्र है बाल विवाह जुर्म आदि नारो के साथ मदरसा जामिया फातिमातुज्जहरा (रजि) लिलबनात एवं ब्राइट फ्यूचर एकेडमी छड़ीदारडीह रघुनाथपुर धनबाद में बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण के लिए झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेंस फाउंडेशन के सहयोग से सेमिनार का आयोजन किया गया । सेमिनार में सैकड़ों छात्र छात्राओं ने बाल विवाह नहीं करने की शपथ लिया। छात्र छात्राओं ने बुलंदी के साथ नारा दिया की हमें चाहिए, आजादी, बाल विवाह से आजादी , आजादी। छात्रों को संबोधित करते हुए, ट्रस्ट के परियोजना समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य है, बच्चों के साथ किसी प्रकार की हिंसा का विरोध हम सभी को मिलकर करना होगा।

## पुर्व जिला परिषद प्रतिनिधि का ट्रस्ट के आफिस में किया गया जोरदार स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** प्रखंड अंतर्गत मेरखोगुंडी निवास पुर्व मुखिया एवं पुर्व जिला परिषद प्रतिनिधि सह डी एम इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर दीपक वर्मा का सूरत स्थित समस्त झारखंड समाज सेवा ट्रस्ट के आफ़िस मे जोरदार स्वागत किया गया। दीपक वर्मा किसी कारण वस सूरत पहुचे हुए हैं इस दौरान उन्होंने वहां रह रहे झारखंडी प्रवासियों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान उन्होंने ट्रस्ट के आफिस मे पहुच अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात की जहा ट्रस्ट ने उनका स्वागत करते हुए प्रवासियों के समस्याओं की जानकारी दी। दीपक वर्मा ने ट्रस्ट के कार्यो की सराहना करते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। बता दे कि दीपक वर्मा हमेशा सामाजिक कार्यो में बढ़ चढ़कर सेवा देने का कार्य करते हैं। दीपक वर्मा के साथ पुर्व वार्ड सदस्य अजय वर्मा और राजेश वर्मा भी इस दौरे के सहभागी रहे और ट्रस्ट के द्वारा दिये गये सम्मान के प्रति आभार व्यक्त किए। मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष वासुदेव महतो, उपाध्यक्ष संतोष वर्मा, कोर कमिटी अध्यक्ष शंकर प्रसाद वर्मा,प्रवक्ता सह कोषाध्यक्ष फूलदेव प्रसाद वर्मा, उप कोषाध्यक्ष प्रकाश वर्मा, कोर कमिटी उप सचिव संजय वर्मा (संजू), बिनोद पंडित, राजकुमार महतो, परमेश्वर वर्मा उमाशंकर वर्मा, बुलाकी वर्मा, अनिल वर्मा, नागेश्वर वर्मा, वर्मा युवा मित्र मंडल के अध्यक्ष दशरथ वर्मा सहित अधिकारी एवं तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अस्पताल के खराब मशीनों को अविलंब ठीक कराया जाए : ब्रजेंद्र सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य और धनबाद जिला बीस सूत्री के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा है की कुछ महीनो से धनबाद की जनता को स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल रही है।

कारण यह है कि यहां के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज में बहुत सारे मशीन ऐसी हालत में पड़ी हुई है जिसको कुछ रुपए में ही ठीक किया जा सकता है। यहां तक की सीटी स्कैन और अल्ट्रासाउंड की भी मशीन सही तरीके से काम नहीं करते।

इस तरह से धनबाद के सदर अस्पताल में कुछ नई-नई मशीन रखे रखे ही खराब हो गया है। उसको ठीक नहीं रहने की वजह से जनता को बाहर से प्राइवेट डायग्नोस्टिक सेंटर में जांच कराना पड़ रहा है।

ज्ञात हो कि यहां के समाचार पत्रों में भी कई बार प्रमुखता से इस बात को लिखा गया है परंतु अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है एसएनएमएमसीएच में सबसे बड़ी समस्या अभी छात्रों के लिए है क्योंकि बहुत सारे विभाग खाली पड़े हुए हैं।

उसमें प्रोफेसर असिस्टेंट प्रोफेसर की जगह खाली है। इसलिए झारखंड के मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से मांग करता हूं कि यहां डॉक्टरों की कमी को पूरा करने के लिए अविलंब डॉक्टरों की पोस्टिंग की जाए और खराब मशीनों को अविलंब दुरुस्त कराया जाए ताकि जनता इसका लाभ ले सके।

## ठंड से बचाव के मद्देनजर पहला कदम में हुई दिव्यांग बच्चों की स्वास्थ्य जांच



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम की सचिव अनिता अग्रवाल ने बताया कि पहला कदम स्कूल जिला लोकल लेवल कमिटी मेम्बर है जिसके तहत दिव्यांग बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए लगातार प्रयत्नशील होने के क्रम में एक और प्रयास किया गया। सचिव अनिता अग्रवाल ने बताया कि धनबाद में पहले बौद्धिक दिव्यांग और मूकबधिर बच्चो का दिव्यांग सर्टिफिकेट बनता था पर फिर किन्ही कारणों से बनना बन्द हो गया जिससे दिव्यांगो को तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है।

**संक्षिप्त खबरें**

### कैरो थाना मे बीडीओ ने की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शांति समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 18 जनवरी गुरुवार को कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी पवन कुमार महतो की अध्यक्षता मे एवं प्रखंड उप-प्रमुख मधुलिका रानी,थाना प्रभारी शंखनाथ उराँव,एसआई सुजीत कुमार, एवं प्रखंड शांति समिति सदस्यो की उपस्थिति मे आगामी 22 जनवरी को अयोध्या श्री राम लला की प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमित कैरो थाना परिसर मे शांति समिति की बैठक आहुत की गई। बैठक मे प्रखंड के पंचायत हनहट,सढाबे, कैरो, गजनी, नरौली, गुड़ि पंचायत के गावों से आये समिति सदस्यो ने आगामी 22 जनवरी को रामलला प्राणप्रतिष्ठा के निमित अपने अपने गावों मे होने वाले कार्यक्रम 21 को मंदिरो के आसपास सफाई अभियान,22 जनवरी को प्रखंड के विभिन्न मंदिरो मे अयोध्या मे होनेवाले कार्यक्रमों का मंदिरो मे एलईडी लगाकर लाईव प्रसारण को देखना, कलश यात्रा, पूजन, अखंड कीर्तन, भण्डारा, एवं हर घरों व मंदिरो मे राम ज्योति के प्रज्जवलन संबंधित विषयो एवं कार्यक्रमो मे पूरी तरह शांति पुर्वक मनाने का प्रखंड के लोगो ने प्रशासन को आश्वस्त किया।इस अवसर पर प्रविपदा0 पवन कुमार महतो ने कहा कि आप सभी लोगों के प्रयास से प्रखंड मे सारे पर्व-त्योहार पिछ्ले दिनो पूरी तरह से शांति पुर्वक आयोजन होते रहा है,और आनेवाले आयोजन कार्यक्रम भी आप सभी मिलजुल कर मनायें। वही जिला शांति समिति सद्स्य नजीर आलम खान ने अपने उद्बोधन मे कहा कि राजा राम सबके राजा थे।

# मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने सामुदायिक भवन निर्माण को लेकर किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुरुवार को माननीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने लोहरदगा जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत नवाडीह पंचायत में विधायक निधि से निर्माण हेतु सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया। एवं लोहरदगा प्रखंड के हिरही पंचायत में शहीद सेख भिखारी एवं टिकैत उमराव सिंह शहादत दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सर्वप्रथम किस्को प्रखंड के नवाडीह में विधायक निधि से सामुदायिक भवन का शिलान्यास करते हुए माननीय मंत्री ने कहा की विधायक निधि जनता का पैसा है और उनकी आवश्यकता एवं प्राथमिकता के अनुसार विकास कार्य में इसका उपयोग किया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों की मांग थी कि सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाए फलस्वरूप आज इसकी नींव रखी गई जो जनता के लिए उपयोगी साबित होगी। हमारे गठबंधन सरकार भी सभी वर्गो के समुचित विकास के लिए तत्पर है बुनियादी आवश्यकताओं के साथ-साथ सामाजिक जरूर को भी पूरा करने का काम इस सरकार के द्वारा किया जा रहा है। एवं लोहरदगा प्रखंड के ग्राम हिरही में शाहिद शेख भिखारी एवं टिकैत उमराव सिंह शहादत दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होते हुए। उन्होंने कहा कि इन दोनों के शहादत अतुलनीय है और हमें सदैव शहादत देने के लिए प्रेरणा देते रहेंगे इनकी शहादत दिवस मनाना तभी सार्थक साबित होगी जब हम सभी शहीद के संघर्ष बलिदान और समर्पण को आत्मसात करेंगे। निश्चित रूप से शहीद सेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह की शहादत को कभी नहीं भुलाया जा सकता इन शहीद महापुरुषों के सपनों का झारखंड बनाना ही हम सबों का लक्ष्य होना चाहिए और यही इन दोनों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी होगी। हम इन शहीदों को नमन करते हैं हमें उनके आदर्शों पर चल कर समाज को नई दिशा देने की जरूरत है।


# पीएम के विकसित भारत संकल्प यात्रा का लाईव प्रसारण बीडीओ समेत कर्मी व आम लोगों ने भी सुनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 18 जनवरी गुरुवार को कार्यालय प्रखंड सह अंचल कार्यालय कैरो सभागार मे पीएम नरेन्द्र मोदी का विकसित भारत संकल्प यात्रा का लाईव प्रसारण कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो एवं कैरो प्रखंड सह अंचल के कर्मी एवं आम लोगों ने भी लाईव प्रसारण सुना। इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उक्त कार्यक्रम के माध्यम से देश अनेक राज्यो जैसे तेलंगाना, डूगरपुर राजस्थान, रोहतक हरियाणा, मेघालय, मुम्बई महाराष्ट्र इत्यादि प्रदेशो के लोगों से पीएम सीधा बात कर यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार के द्वारा मिलने वाले लाभ से संबंधित विचार आदान-प्रदान कर रहे थे। लाईव प्रसारण के देश के विभिन्न राज्यों से सिधे बात करने के उपरांत देश के पीएम नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन मे कहा कि पिछ्ले 15 नवंबर 2023 से भगवान विरसा मुंडा के आशीर्वाद से पूरे 02 महीने की इस यात्रा की गारंटी वाला रथ से 15 करोड़ लोग जुड़ चुके हैं, यह यात्रा देश के 70 से 80 प्रतिशत ग्राम पंचायतो से होकर गुजरी है, इस यात्रा के माध्यम से 50 लाख से ज्यादा लोगों का आयुष्मान कार्ड का लाभ मिला है, 22 लाख से ज्यादा लोगों को मुफ्त रसोई गैस, 10 लाख से अधिक पीएम स्वनिधि योजना का लाभ इत्यादि कई अनेको केंद्र की योजना का लाभ 02 महिने की विकसित भारत यात्रा के गारंटी वाले रथ से मिली है। उक्त लाईव प्रसारण सम्बोधन मे पीएम ने कहा कि हमारा प्रयास पोषण और स्वास्थ्य और ईलाज की गारंटी, हमारा प्रयास हर किसी का बैंक एकाउंट और उसे स्वरोजगार से जुड़ने का सूअवसर, हमारा प्रयास स्वच्छता की दायरा को बढ़ाना है।

# श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कुम्हारों की चाक में आई तेजी, जिले भर में बढ़ी दीये की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** देशभर में अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारी बड़ी जोरों से चल रही है,वहीं जिले भर में अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर जगह-जगह साफ सफाई मंदिरों को बड़े अच्छे तरीके से सजाया जा रहा है। जगह-जगह पर भगवा रंग के झंडे, महावीर झंडा तथा जिले भर में कई कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन जिले के विभिन्न दलों द्वारा जगह जगह एलइडी टीवी लगाया जाएगा जिसका सीधा प्रसारण अयोध्या से होना है। वही सनातनी धर्म के लोगों के घरों में दीपोत्सव का भी कार्यक्रम किया जाना है जिसको लेकर जिले भर में दिए की मांग इतनी बढ़ गई है की कुम्हारो की चाक की गति मजबूरन बढ़ाना पड़ गया है चाक की गति तेज होने के बावजूद भी दीपक की मांग को पूरी नहीं कर पा रहे है, जिस कारण लोग दिन रात दीपक निर्माण कार्य में जुट चुके हैं। भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा हेतु दिया के साथ साथ अन्य वस्तु निर्माण करने में जुटे है,वही आस पास के कुम्हारों ने बताया कि अभी सिर्फ आर्डर वाले दिए बनाए जा रहे जबकि बाजारों के लिए भी दिया की जरूरत है परंतु निर्माण करने का समय नहीं मिल पा रही हैं प्रखण्ड क्षेत्र में हर घर दीपोत्सव कार्यक्रम को लेकर कुम्हार समुदाय के लोग उत्साहित हैं। अतिरिक्त समय निकालकर कुम्हार परिवार द्वारा भारी संख्या में दिया बनाकर भी रखे जाने की तैयारी कर रहे हैं ताकि समय पर बाजारों में भी दिए उपलब्ध किया जा सके। वहीं ठंड समाप्त होने एवं गर्मी के आगमन से पूर्व वृहद पैमाने पर घड़ा निर्माण किया जाना है परंतु प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर गर्मी में बिकने वाली सामानों को बनना बंद करना पड़ा है।

# ज्यादा से ज्यादा सिविल विवादों को मध्यस्थता से निपटाएं : पीडीजे राजेंद्र बहदूर पाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के एमसीपीसी के प्रशिक्षिकों द्वारा झालसा रांची द्वारा आयोजित 40 घंटे के गहन मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होकर लौटे जिले के चार अधिवक्ताओ ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा श्री राजेंद्र बहादुर पाल से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। इस दौरान अधिवक्ताओं ने झालसा द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में मध्यस्थता से विवादों के सुलझाने के विभिन्न टेक्निक की जानकारी को पीडीजे से साझा किया। पीडीजे ने प्रशिक्षित मध्यस्थ अधिवक्ताओं को उनके सफल प्रशिक्षण की बधाई दी और कहा कि आने वाले दिनों में सिविल विवादों को भी सुलझाने में मध्यस्थ अपनी भूमिका बढ़ाएं।ज्ञात हो कि झालसा रांची के द्वारा आयोजित गहन मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए इंटरव्यू के माध्यम से जिले के चार अधिवक्ता लाल दीपक कुमार, लाल धर्मेंद्र देव, सुरीला देवी और मोमिना खातून का चयन हुआ था। जिन्होने 12 जनवरी से 16 जनवरी, 2024 तक विश्वा कांके रोड, रांची में प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि नव प्रशिक्षित मध्यस्थ अधिवक्ताओं द्वारा आवेदन तथा सर्टिफिकेट जामा करने के पश्चात डालसा अध्यक्ष सह पीडीजे की अनुमति के पश्चात मध्यस्थ के रूप में इंपैनल्ड किया जाएगा। इसके बाद नव प्रशिक्षित मध्यस्थ अधिवक्ता कोर्ट में लंबित विवादों में भी मध्यस्थता का काम कर सकेंगे। डालसा सचिव ने यह भी जानकारी दी कि मध्यस्थता के लिए पूर्व में पांच मध्यस्थ प्रवीण भारती, एचके सिन्हा, कुमार चंद्रशेखर, नसीम अंसारी और जुगल किशोर प्रसाद कार्यरत थे। प्रशिक्षण प्राप्त अधिवक्ताओं के आने से जिले में कुल नौ मध्यस्थ हो गए।

# गरीब असहाय का मदद करना ही कांग्रेस पार्टी का सबसे बड़ा उद्देश है : हुसैन अंसारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अन्तर्गत तोड़ार ग्राम में काँग्रेस पार्टी के पंचायत अध्यक्ष हुसैन अंसारी के नेतृत्व में राज्य सभा की ओर से ठंढ का बढ़ते प्रकोप को देखते हुए गरीब असहाय वृद्ध वृद्धाओं के बीच कम्बल वितरण किया गया। वही हुसैन अंसारी ने कहा कि किसी भी कार्य के लिये गरीब असहाय वृद्ध वृद्धाओं का मदद करना ही काँग्रेस पार्टी का मुख्य उद्देश्य है। वही बिशुनपुर विधानसभा युवा अध्यक्ष अंसारी ने कहा कि ठंड के बढ़ते प्रकोप और शीतलहरी को देखते हुए गरीबों के मसीहा राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के सौजन्य से ठंढ से बचाव के लिये असहाय गरीब वृद्ध वृद्धाओं के बीच कम्बल का वितरण किया गया। साथ ही कहा की काँग्रेस पार्टी और पार्टी के कार्यकर्ताओं का मुख्य उद्देश्य है गरीबों का सेवा करना ही काँग्रेस पार्टी का उद्देश्य है। उसी निमित गुरुवार को तोड़ार ग्राम में सैकड़ो असहाय वृद्ध वृद्धाओं के बीच कम्बल वितरण किया गया।

## उर्दू भाषा के शिक्षकों का पद समाप्त किए जाने का फैसला वापस लिया जाय : अनीस अहमद खान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार के प्राथमिक शिक्षा निदेशालय की उर्दू भाषा के शिक्षकों का पद समाप्त किए जाने का फैसला उर्दू भाषी लोगों के साथ अन्याय है। अनीस अहमद खान ने एक प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा है कि झारखंड सरकार के प्राथमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी उस तुगलकी आदेश को तुरंत वापस लिए जाने की मांग की है जिसमें उर्दू प्रशिक्षित शिक्षक के शत-प्रतिशत पद एवं स्नातक प्रशिक्षित सहायक शिक्षक संवर्ग के 50 प्रतिशत सीधी नियुक्ति से भरे जाने वाले पद को मरणशील संवर्ग घोषित कर उर्दू शिक्षकों की बहाली पर रोक लगा दी गई है। राज्य गठन के बाद झारखंड में शिक्षकों के 4401 पद थे। इसमें से मात्र 689 पद पर ही शिक्षक की नियुक्ति हुई। सरकार खाली पड़े 3712 रिक्त पद पर नियुक्ति के बदले पद ही को समाप्त किया जाना अल्पसंख्यकों के साथ विश्वासघात है। उल्लेखनीय है कि उर्दू भाषा को एकीकृत बिहार के समय से ही राज्य की दुसरी राजभाषा के रूप में मान्यता मिली हुई है, झारखंड बनने की बाद भी सरकारी के गजट में इसकी पुष्टि की गयी है,अब उर्दू शिक्षकों के रिक्त पड़े पदों पर नियुक्ति किए जाने के बजाय पदों को ही समाप्त करने की साजिश राज्य के उर्दू भाषी लोगों के साथ अन्याय है।

# हनुमान जी की कृपा सब पर बनी रहे : नीरू शांति भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कुडू प्रखंड के ग्राम छोटकी चांपी मे हनुमान मंदिर की पहली वर्षगांठ आज मनाई गई, इस अवसर पर विधिवत पूजा एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें आसपास के सैकड़ो ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव सह पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत जी की धर्म पत्नी नीरू शांति भगत शामिल हुई और प्रसाद वितरण कार्यक्रम भी उनके द्वारा किया गया। इस मौके पर श्रीमती भगत ने कहा की कि इस मंदिर निर्माण में मुन्ना अग्रवाल एवं उनके साथियों की बहुत बड़ी सहभागिता है और आज मंदिर की प्रथम वर्षगांठ भी है,भगवान हनुमान जी की कृपा सभी जिले वासियों पर बनी रहे यही मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंदिर के संस्थापक मुन्ना अग्रवाल, आजसू पार्टी के जिला उपाध्यक्ष विजय उराव, छात्र संघ आजसू के अध्यक्ष आयुष मेहता ,आकाश मेहता सोनू राज साहू, विजय कुमार, अवधेश वर्मा, गोलू गोयल बसंत अग्रवाल, महेंद्र प्रसाद अग्रवाल, दुबराज वर्मा सोनू वर्मा विकास अग्रवाल नरेश प्रसाद अग्रवाल, कौशल्या देवी संगीता देवी अनिल अग्रवाल अमरेश प्रसाद अमर वर्मा विजय ठाकुर रमेश प्रसाद साहू बिट्टू गोयल, आनंद अग्रवाल शोभा देवी आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

## महिलाओं को उद्यान विकास योजना के तहत खेती और बागवानी का प्रशिक्षण दिया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड कार्यालय के समीप महिला विकास मंडल में जेइसएलपीएस के सहयोग से कृषि विज्ञान केंद्र लोहरदगा के माध्यम से उद्यान विकास योजना के तहत महिलाओं को खेती कृषि और बागवानी का गुर सिखाने के लिये कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर राकेश रंजन द्वारा उद्यान विकास योजना के अंतर्गत महिला समूह के महिलाओं को पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के क्रम में कृषि वैज्ञानिक डॉ. राकेश रंजन के द्वारा बागवानी एवं खेती बारी का कार्य सम्बन्धित विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया की कौन सा समय मे किस चीज की खेती कारणी चाहिये तथा जमीन के अनुसार बीज, दवा, खाद डालने के बारे में बताया गया। साथ ही बागवानी खेती में आम और फूलों की खेती के बारे में बताया गया। तथा खेती कृषि और बागवानी का कार्य कर आत्म निर्भर बनने के लिये प्रेरित किया गया।

# विधायक के प्रतिनिधियो ने हाथी प्रभावित व्यक्तियों से मिलकर किया सहयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ठेठईटांगर प्रखंड के सेमरकुदर गांव में बुधवार की रात झुंड से बिछड़ा हुआ एक जंगली हाथी ने उत्पात मचाते हुए 4 घरों को ध्वस्त कर दिया। साथ ही घर मे रखे आनाज व अन्य सामग्रियों को काफी नुकसान पहुंचाया। घटना के बाद जुटे ग्रामीणों ने मशाल के सहारे हाथी को खदेड़ा तो वह केसरा की ओर जंगल मे जा घुसा। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र के विधायक विक्सल कोनगाड़ी के निर्देश पर कांग्रेस पार्टी के नेतागण प्रभावित गांवों का दौरा किया। साथ ही पीड़ित परिवार को सुखा राशन त्रिपाल व अन्य सामग्री प्रदान किया। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि देर रात उक्त अकेला जंगली हाथी खिजुरटांड़ जंगल से निकलकर सेमरकुदर गांव पहुंचा और फिर बोलोटोली निवासी लिबनुस किंडो, डिपाटोली निवासी सुकेश डुंगडुंग व मिखाईल कुल्लू तथा गोंड़टोली निवासी रातू गोंड़ के घर पर हमला कर उसे बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि उक्त अकेला हाथी क्षेत्र में भारी उपद्रव मचा रहा है, जिसपर प्रशासन को इसका उचित व्यवस्था करनी चाहिए। हाथी के भय से क्षेत्र के लोगों का जीना मुहाल हो गया है। वही विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने बताया कि ठेठईटांगर प्रखंड के सभी पंचायत के लोगों द्वारा हाथियों के उत्पात की शिकायत करते हुए समस्या की निदान की मांग कर रहे है, जिस पर विधायक विक्सल कोनगाड़ी द्वारा उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। वही प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने भी प्रशासन से हाथी का उत्पात पर लगाम लगाने की मांग की है। मौके पर मौजूद जिला विधायक प्रतिनिधि सह अल्पसंखयक जिला अध्यक्ष रावेल लकड़ा, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, अल्पसंखयक प्रदेश सचिव जमीर अहमद, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू, अल्पसंखयक प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद वहीद, पंचायत अध्यक्ष सुकवन जोजो, शाहबाज अली, जीवन समद अरविंद आदि उपस्थित थे।

# नव दम्पत्ति को विधायक भूषण बाड़ा ने दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कांडीदात गोविंदा महतो संग निकिता एक्का के रिसेप्शन पार्टी में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा अपनी धर्मपत्नी सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा के साथ शामिल हुए। साथ ही दोनों वर वधु को दाम्पत्य जीवन की शुरुआत के लिए बधाई दी। साथ ही दोनों के खुशहाल एवं सुखमय जीवन के लिए आशीर्वाद भी दिया। मौके पर जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह,नगर अध्यक्ष अरशद हुसैन (अच्छन), नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, उपाध्यक्ष शिशिर मिंज, डा. इम्तियाज हुसैन, पंचायत अध्यक्ष निलेश एक्का, प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, सुषमा कुजूर, नीला नाग, मिनी नाग, पूनम लकड़ा, किरण बड़ा, जयवंत बारला, ज्योति लुगुन, दानियेल मिंज सहित अन्य लोग भी शामिल हुए।

# भट्टखिजरी में 22 जनवरी को होगी श्री हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** देश भर के सनातनियो के लिए 22 जनवरी का दिन बहुत ही उत्साह का दिन होने जा रहा है,जिसको लेकर देश भर में पिछ्ले कई सालों से संघर्ष चलता आ रहा है,बताते चले कि इस पावन अवसर पर लोहरदगा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 22 जनवरी को कई कार्यक्रमो के साथ साथ कई मंदिरो के प्राण प्रतिष्ठा का भी संकल्प लिया गया है,उनमें से एक भट्टखिजरी पंचायत अंतर्गत ग्राम भट्टखिजरी में श्री हनुमान मंदिर का भी प्राण प्रतिष्ठा होना है,जिसको लेकर ग्राम वासियों ने पिछ्ले कई महीनों से लगातार तैयारी करते आ रहे है। इस आयोजन को लेकर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सूरज कुमार दसौंधी ने बताया कि पुण्य धाम बनारस के महंत महाराज श्री अनिल पाठक, महाराज श्री अमित तिवारी, महाराज श्री गणेश पांडे के द्वारा 21 जनवरी दिन रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ नगर भ्रमण किया जाना है तथा 22 जनवरी जिस दिन अयोध्या में श्री रामलला का प्राण प्रतिष्ठा होना है उसी दिन शुभ मुहूर्त में हनुमान मंदिर का भी प्राण प्रतिष्ठा होना सुनिश्चित किया गया है,तथा भव्य भंडारे का आयोजन 23 जनवरी को किया जायेगा। इस पावन मौके पर जिले के विभिन्न धार्मिक सनातनी दलों को विशेष रूप से आमंत्रण किया गया है। श्री हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद ग्राम वासियों ने सम्मान समारोह के माध्यम से कई कार्यक्रम भी आयोजित किए हैं। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में बनारस के महंतों के साथ लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत शामिल होंगे। इस आयोजन में सूरज कुमार दसौधीं, रमेश चंद्र कुंवर, जगरनाथ साहू, रामनंदन साहु, जितेन्द्र साहु,नरेश साहु, अखिलेश दसौधीं, नन्दलाल साहु, चंदन साहु, रोहित साहु, किशोर साहू, अनतेश राउत,राजेश साहु, भरत उरांव, सतेन्द्र साहु,दशरथ लोहरा, तरूण साहु, कृष्णा साहु, मुकेश साहु, मुखलाल साहु, बंधन लोहरा, विक्की महली, मिथलेश साहु, विकास साहु के साथ अन्य ग्रामीण शामिल हैं।

## सड़क दुर्घटना को लेकर सड़क सुरक्षा समिति सदस्य संजय बर्म्मन ने चलाया जागरूकता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में बढ़ रहे सड़क दुर्घटनाओं को लेकर लोहरदगा साइंस फॉर सोसाइटी इकाई तथा बर्म्मन हाईवे पेट्रोल पंप बीएस कॉलेज के निकट द्वारा छोटे-बड़े वाहनों को सड़क सुरक्षा के कायदे कानून की जानकारी देने का प्रयास किया गया। इस निमित पेट्रोल पंप में जीवन उपयोगी क्षेत्रीय भाषा में व्यंग्यात्मक व प्रतीकात्मक स्लोगन के होर्डिंग लगाए गए, साथ ही साथ सड़क सुरक्षा के कायदे कानून की पंपलेट छोटे बड़े प्राइवेट व कमर्शियल वाहनों के बीच वितरण किया गया। मौके पर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद तथा सड़क सुरक्षा समिति सदस्य संजय बर्म्मन ने कहा कि सड़क दुर्घटना में आधा घंटा गोल्डन आवर होता है।

### कुडू थाना परिसर में अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**कुडू-लोहरदगा :** अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मद्देनजर प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक आज थाना परिसर कुडू में संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी कुडू प्रवीण कुमार सिंह एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवेश कुमार साहू की अध्यक्षता में किया गया।

**हजारीबाग नगर निगम,हजारीबाग**

**बन्दोवस्ती हेतु आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र में वाहनों के प्रवेश पर प्रवेश शुल्क की वसूली हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए खुला डाक के माध्यम से बन्दोवस्ती किया जाना है। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 20.01.2024 से 02.02.2024 तक नगर निगम कार्यालय में आवेदन देकर आवेदन शुल्क 1000.00 (एक हजार) रुपये जमा कर फार्म प्राप्त कर सकते है।

| क्रमांक | सैरात का नाम | न्यूनतम डाक की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र में वाहनों के प्रवेश पर प्रवेश शुल्क की वसूली हेतु | 3,20,00,000/- | 25,00,000/- |

**नोट** – डाक की नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी नगर निगम कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

नगर आयुक्त सह प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग

PR 316441 Urban Development and Housing(23-24).D

## चलते चलते एक नजर

### पुलिस कॉन्स्टेबल के 4919 पदों पर भर्ती के लिए पंजीकरण अब 22 जनवरी से

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने राज्य में पुलिस कॉन्स्टेबल के 4919 पदों पर भर्ती के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया 15 जनवरी 2024 से शुरू होने वाली थी, लेकिन तकनीकी कारणों से पंजीकरण की तारीख में संशोधन किया गया है। इसके साथ ही नया कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया है। परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम नए कार्यक्रम के मुताबिक अब इन रिक्तियों के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया 22 जनवरी 2024 से शुरू होगी, जबकि आवेदन पत्र जमा करने की आखिरी तारीख 21 फरवरी 2024 तक है। उम्मीदवार 23 फरवरी 2024 तक परीक्षा शुल्क का भुगतान कर सकते हैं। जबकि फोटो और सिग्नेचर अपलोड करने की आखिरी तारीख 25 फरवरी 2024 तक है। ऑनलाइन आवेदन पत्र में संशोधन के लिए उम्मीदवारों को 26 फरवरी से 28 फरवरी 2024 तक मौका मिलेगा। झारखंड पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को 100 रुपये का परीक्षा शुल्क देना होगा। झारखंड राज्य के अनुसूचित जनजाति या अनुसूचित जाति के आवेदकों के लिए परीक्षा शुल्क 50 रुपये है।

### मवेशियों में बढ़ रहा खुरहा-मुंहकपा संक्रमण का खतरा

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य के कई जिलों में गाय और भैंस में खुरहा-मुंहकपा रोग की समस्या बढ़ती जा रही है। इसे देखते हुए जिलों में पशुपालन पदाधिकारी के स्तर से पशुपालकों से टीकाकरण कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील की जा रही है। खूंटी में भी इसे लेकर जिला पशुपालन पदाधिकारी के स्तर से सूचना जारी की गयी है। इसमें कहा गया है कि जिले में खुरहा-मुंहकपा रोग की बीमारी मवेशियों में दिख रही है। केंद्र सरकार की योजना एलएचडीसीपी के अंतर्गत जिले में इस बीमारी की रोकथाम और उन्मूलन के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में टीकाकरण कार्यक्रम निःशुल्क चलाया जा रहा है। इसके तहत गोवंशीय पशुओं (गाय, बैल, बाछा, बाछी) तथा भैंस जाति के पशुओं (भैंस, काड़ा, पाड़ा, पाड़ी) को टीका लगाया जायेगा। जिला पशुपालन पदाधिकारी ने कहा कि सभी पशुपालक प्राइवेट वैक्सिनटेरों द्वारा किए जा रहे टीकाकरण का लाभ निःशुल्क लें। इस दौरान अपना आधार कार्ड नंबर और मोबाइल नंबर जरूर उपलब्ध कराएं। इससे पशुओं का पंजीकरण, टैगिंग ऑनलाईन भारत पशुधन एप्प में किया जा सकेगा, जितना अधिक से अधिक संभव हो, टीकाकरण का लाभ पशु हित में उठाएं। खुरहा- मुंहकपा रोग मुख्यतः गोवंशीय एवं भैंस जाति के पशुओं में होनेवाली एक गंभीर संक्रामक विषाणु जनित रोग है। इस रोग से प्रभावित पशुओं में तेज बुखार के साथ भूख न लगना, मुंह से अत्यधिक लार का बहाव होना, मसूड़े एवं जीभ में छाले पड़ जाना जैसी समस्या दिखती है। साथ ही खुर में घाव, थान एवं बाट में फफोले, दुग्ध उत्पादन में अत्यधिक कमी, गाभिन गाय-भैंस में गर्भपात जैसी समस्याएं भी आ सकती हैं। इसका कोई त्वरित उपचार नहीं होता। यह छूआछूत रोग है। ऐसे में प्रभावित पशुओं से स्वस्थ पशुओं में भी इसका फैलाव हो सकता है।

# जल्द मिलेगी निगम को बड़ी सौगात : अरुणा शंकर

**सेकंड फेस शहरी जलापूर्ति योजना का सपना होने जा रहा है पूरा**

**सांसद का प्रयास सराहनीय**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने खुशी जाहिर करते हुए बताया शहर का सबसे जरूरी मूलभूत समस्या मेदनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना फेस 2 का सपना अब जल्द पूरा होने जा रहा है। जिसके लिए मैं पूरे अपने कार्यकाल में लड़ती रही। परंतु सरकार में टेंडर पर टेंडर ,टेंडर पर टेंडर कर लटकाया जाता रहा। इस योजना की शुरुआत मैंने महापौर का पद संभालते ही रघुवर सरकार में की। जिसका फंडिंग माननीय सांसद बीडी राम से कहकर एशियन डेवलपमेंट बैंक द्वारा कराया। और काम करने की एजेंसी जूडो को बनाई गई। फिर हमारी रघुवर सरकार चली गई और इस योजना को नई सरकार ने 4 वर्ष लटका दिया। अब 4 वर्षों के बाद इस योजना को मुर्त रूप दिए जाने की प्रबल संभावना है। यह योजना हमारे कार्यकाल का है और चुनाव में किए गए वादे का सबसे महत्वपूर्ण योजना है। प्रथम महापौर ने कहा कि जैसे ही यह योजना शुरू करने की घोषणा होगी, निगम क्षेत्र में खुशियों का माहौल छा जाएगा। खासकर हमारी माताओ एवं बहने जो दुर दराज से पानी लाने या पानी खरीदती रही है। उन्हें शहरी जलापूर्ति योजना पूरी होते के साथ बड़े शहरों की तर्ज पर उनके किचन में ही उनके नल से जल मिलने लगेगा, जो अब तक एक सपना है।

## पटना-सिंगरौली एक्सप्रेस ट्रेन संख्या का विंढमगंज रेलवे स्टेशन पर होगा ठहराव : वीडी राम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** सांसद पलामू विष्णु दयाल राम के द्वारा लगातार प्रयासों के फलस्वरुप पटना सिंगरौली एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13349/13350 का विंढमगंज रेलवे स्टेशन पर ठहराव किया जाएगा। विदित है कि उक्त ट्रेन के ठहराव हेतु श्री बंशीधर नगर, धुरकी, सगमा एवं विंढमगंज की जनता द्वारा लगातार मांग की जा रही थी। उक्त ट्रेन कोविड-19 के दौरान से ही बंद थी। इस संबंध में मेरे द्वारा पत्राचार एवं माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर मांग किया था। उक्त ट्रेन के ठहराव हेतु दिनांक 16 जनवरी 2024 को रेलवे बोर्ड द्वारा अधिसूचना जारी कर दिया गया है। बहुत जल्द ही तिथि निर्धारित कर विंढमगंज रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम आयोजित कर पटना सिंगरौली एक्सप्रेस का विधिवत ठहराव का शुभारंभ किया जाएगा। उक्त ट्रेन का विंढमगंज रेलवे स्टेशन पर ठहराव होने से यात्रियों को आवागमन में सहूलियत होगी। सांसद ने इसके लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति अपनी ओर से एवं पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से धन्यवाद एवं अभार प्रकट किया है।

## अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन राज्य में सुरक्षा के कड़े इंतजाम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर झारखंड में भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इस दिन राज्य के भी मंदिरों में पूजा-पाठ और प्रसाद वितरण का आयोजन होगा। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस मुख्यालय ने राज्य के विभिन्न जिलों में 3500 अतिरिक्त बलों की तैनाती की है। साथ ही पुलिस मुख्यालय ने जिलों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार 22 जनवरी को यूपी के अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्रस्तावित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था संधारण के लिए 3500 अतिरिक्त बलों की प्रतिनियुक्ति हुई है। सभी एसपी और एसएसपी से कहा गया है कि तैनात अतिरिक्त बलों को पुलिस पदाधिकारी और दंडाधिकारी के साथ सभी दंगा रोधी सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराते हुए विधि-व्यवस्था ड्यूटी के लिए प्रतिनियुक्त करें। यह प्रतिनियुक्ति गुरुवार से 23 तक की गई है। पूर्वी पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में 300, सरायकेला में 100, खूंटी में 100, सिमडेगा में 100, गुमला में 100, लोहरदगा में 200, हजारीबाग में 300, गिरिडीह में 100 लाठी बल और 50 सशस्त्र बल, कोडरमा में 150, चतरा में 150, रामगढ में 100, बोकारो में 200, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में 100, धनबाद में 200, पलामू में 200, लातेहार में 100,गढ़वा में 100, देवघर में 150, दुमका में 150, पाकुड में 100, साहेबगंज में 150, जामताड़ा में 150 और गोड्डा में 150 लाठी बल सहित अन्य बल तैनात रहेंगे।

## आकलन सफल एवं प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ ने जैक कार्यालय पर दिया धरना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आकलन सफल एवं प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ द्वारा जैक कार्यालय रांची मे एकदिवसीय धरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड के 24 जिला से हजारों की संख्या में सहायक अध्यापक,अध्यापिकाएं शामिल हुए। जिसमें आकलन सफल एवं प्रशिक्षित संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत तिवारी द्वारा आकलन सफल एवं प्रशिक्षित सहायक अध्यापकों के विभिन्न समस्याओं को चर्चा करते हुए त्वरित मांग को जैक अध्यक्ष अनिल महतो जी एवं जैक सचिव द्विवेन्दु तिग्गाको अवगत कराया गया। आकलन सफल एवं प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ प्रतिनिधियों द्वारा सामूहिक वार्ता कराया गया। जिसमें प्रमुखता से आकलन प्रमाण पत्र प्राप्ति, दूसरे आकलन परीक्षा का आयोजन, ईडब्ल्यूएस एवं दिव्यांग सहायक अध्यापकों का मुद्दा,1000 त्रुटि पूर्ण परिणाम का जल्द निराकरण हेतु सहायक अध्यापकों के परेशानियों को स्पष्ट तौर पर अवगत कराया गया।तत्पश्चात अध्यक्ष द्वारा प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु दो माह का समय, दूसरे आकलन परीक्षा का आयोजन मई माह में, ईडब्ल्यूएस दिव्यांगजन का मुद्दा, हेतु बिशेष कमिटी का निर्माण करते हुवे सभी त्वरित मुद्दा का जल्द निराकरण करने का अस्वासन दिया गया। धरना कार्यक्रम को सफल बनाने में बबलू सिंह,राजीव रंजन शुक्ला, बृजकिशोर तिवारी, जितेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार, सूरत राम , अंबिका सिंह, विमला कुमारी,अनुज सिंह, दिलेश यादव, महबूब आलम, मोतीलालजी, प्रसाद महतो जी, संतोष,राजेंद्र, विकास, सरोज, प्रभाती देवी, दुर्गा देवी, लाल सुमन, रूपेश पाठक, गंगोत्री कुमारी, हिंदू बाल कुमारी हजारों संख्या में अध्यापक एवं अध्यापिका समिल हुए।

# आंगनबाड़ी सेविका चयन को अगले आदेश तक किया गया स्थगित

**पांच अभ्यर्थियों ने सेविका चयन को लेकर किया था आवेदन**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार (गढ़वा) :** समाज कल्याण गढ़वा के पत्र के आलोक में गुरुवार को केतार प्रखंड अंतर्गत मुकुंदपुर पंचायत के ताली गांव में कार्यरत सेविका की मृत्यु के उपरांत पुणः आंगनवाड़ी सेविका चयन को लेकर आमसभा का आयोजन बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ नंदीजी राम की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान पर्यवेक्षक भवनाथपुर अंचल के सीओ रमाशंकर श्रीवास्तव एवं संबंधित पंचायत के मुखिया मुंगा साह उपस्थित रहे। ग्राम सभा में सेविका चयन को लेकर पांच अभ्यर्थियों ने अपना योग्यता प्रमाण पत्र उक्त अध्यक्ष के समक्ष रखा। जिसमें तारा देवी, रंजीता देवी, ललित कुंवर, कुमारी अमृत विश्वकर्मा, माया देवी का नाम शामिल है।

इस दौरान तारा देवी व माया देवी का आवेदन पत्र पोषक क्षेत्र के बहू नहीं होने के कारण निरस्त कर दिया गया। तत्पश्चात बच्चे तीन अभ्यर्थियों में एक अभ्यर्थी के द्वारा मृतक सेविका का आश्रित होने की बातों से अवगत कराया गया। जिस पर आश्रित के गाइडलाइन से अनभिज्ञ होने की बात बताकर उक्त ग्राम सभा को बिना चयन प्रक्रिया के ही अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

इस मौके पर सुपरवाइजर सुचित्रा देवी, रिंकी देवी,बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज आलम, ताली मध्य विद्यालय के प्रधान अध्यापक सुनील पांडे, एएनएम सुलेखा देवी, पूर्व मुखिया संगीता देवी, उप मुखिया दयानंद विश्वकर्मा, वार्ड सदस्य फूल कुमारी देवी, सेविका सोनी देवी, प्रदीप सिंह, बैकुंट साह, हरिदास साह, मुकेश गुप्ता, अनुज कुमार गुप्ता, नंदू साह,सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बेहतर आवागमन की सुविधा से कोई भी क्षेत्र नहीं रहेगा वंचित : मंत्री मिथिलेश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत गढ़वा-चिनियां मुख्य पथ के भुईयां टोला तीसरटेटुका पथ में बबई नदी पर एक करोड़ 66 लाख 79 हजार 100 रूपये की लागत से नया पुल का निर्माण किया जाएगा। ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने इसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री ग्राम सेतू योजना से बनने वाले इस पुल निर्माण की निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर यथाशीघ्र कार्य प्रारंभ किया जाएगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि उक्त नदी पर पूर्व से निर्मित पुल की स्थिति काफी जर्जर हो गई थी। यह मार्ग तीसरटेटुका होते हुए झोतर, जरही तक जाती है। स्कूल से प्रतिदिन काफी संख्या में लोगां का आवागमन होता है। पुल की जर्जर स्थिति के कारण कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। वस्तुस्थिति को देखते हुए झारखंड सरकार ने उनके आग्रह पर उक्त पुल निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड सरकार हर क्षेत्र में जनहित को ध्यान में रखते हुए बेहतर कार्य कर रही है। पूर्व में पूरे गढ़वा की सड़क, पुल, पुलिया आदि की स्थिति काफी जर्जर थी। परंतु उनके प्रयास एवं हेमंत सरकार के विकास नीतियों के फलस्वरूप आज संपूर्ण गढ़वा के चप्पे-चप्पे पर बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो गई है। अधिकतम क्षेत्रों में अतिआवश्यकता वाले सभी सड़कां, पुल, पुलिया आदि का निर्माण हो चुका है। साथ ही बहुत सारे क्षेत्रों में निर्माण कार्य प्रगति पर है। जबकि शेष बचे क्षेत्रों में बहुत जल्द कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। आने वाले समय में गढ़वा का कोई भी क्षेत्र बेहतर आवागमन की सुविधा से वंचित नहीं रहेगा। लोगों को अपनी जान जोखिम में डालकर यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। मंत्री ने कहा कि पूर्व में गढ़वा के अधिकतम सड़कों की स्थिति ऐसी थी कि इन सड़कों पर यात्रा करते समय लोगों का जान हमेशा जोखिम में रहता था। परंतु आज गढ़वा की स्थिति पूरी तरह बदल गई है। शहर से लेकर गांव तक हर ओर आवागमन के लिए बेहतर सड़कें उपलब्ध हैं।

## होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश महासचिव बरी

**रांची:** ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ऐश्वर्या श्रीवास्तव की अदालत ने गुरुवार को झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी और प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी को एक मामले में बरी कर दिया है। यह मामला वर्ष 2016 का है। इसमें एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी और प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी के खिलाफ सरकारी काम में बाधा एवं मारपीट को लेकर कोतवाली थाना में दर्ज प्राथमिकी को लेकर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान रवि मुखर्जी और राजीव कुमार तिवारी के ऊपर लगा आरोप प्रमाणित नहीं हुआ। इसलिए दोनों को बरी कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2016 में जाकिर हुसैन पार्क के पास होमगार्ड जवानों को पुलिस बहाली में आरक्षण देने कि मांग को लेकर आंदोलन हुआ था। यह मामला कोतवाली थाना के दारोगा वासुदेव मुंडा के बयान पर दर्ज दर्ज हुआ था ।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND


हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

ठंड से बचाव
सामान्य जानकारी व सलाह



यह अवश्य करें:
- जरूरत न हो तो ठंड में बाहर निकलने से बचें (विशेषकर वृद्ध एवं बच्चे)।
- पर्याप्त गर्म कपड़े पहनें।
- दस्ताने, जूते, मोजे, टोपी अथवा मफलर का इस्तेमाल करें।
- आँखों को ठंड से बचाने के लिए बाहर निकलते समय चश्में का इस्तेमाल करें।
- कमरे को गर्म रखने के लिए घर में हीटर, ब्लोअर इत्यादि का प्रयोग सावधानी व सतर्कता के साथ करें।

खाने का ध्यान रखें:
- पर्याप्त भोजन कर बाहर निकलें।
- यथासंभव गर्म एवं गुनगुना पानी पीयें।
- ठंडा खाना खाने एवं ठंडा पेय पदार्थ पीने से बचें।
- उच्च कैलोरी वाले भोज्य पदार्थ का सेवन करें।

PR NO-316484 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24

बच्चों को ठंड से बचाव हेतु सलाह
- ठंड में बच्चों का विषेश ध्यान रखें। बच्चें को ठंडी हवा से बचाएं एवं अधिक देर ठंड में न रहने दें।
- बच्चों के सर, गला, छाती तथा हाथ–पाँव को अच्छी तरह से ढंक कर रखें।
- बच्चों को एक के ऊपर एक गर्म कपड़े पहनायें यह उन्हें गर्म रखेगा।
- बच्चों के तापमान की जाँच करते रहें।

अत्यधिक कंपकपी, बार-बार उल्टी या मतली होने पर, सुस्ती अथवा मुर्छित होने पर तुरन्त डॉक्टर से सलाह लें

आकस्मिक स्थिति में किसी भी मरीज़ को एम्बुलेंस द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पर पहुँचाने हेतु निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 108 (टॉल फ्री) पर कॉल करें
आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन–आरोग्य योजना की जानकारी हेतु निःशुल्क डायल करें (टॉल फ्री) नम्बर–14555/10883456540
स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी/शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार